3 बस्तर संभाग
गरिमामय ढंग से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

6 अभिमत
बाजार शक्तियों को तय करने दें कीमतें

7 दुर्ग संभाग
नमन है देश के उन महान शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को...

10 संस्कारधानी
शिवनाथ की रौद्रता से तटीय इलाके में दर्जनभर गांव...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 17 अगस्त 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 355 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### छत्तीसगढ़ कांग्रेस के लिए बनी राजनीतिक मामलों की समिति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के लिए 16 सदस्य राजनीतिक समिति का गठन किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि



समिति में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पी एल पुनिया, मोहन मरकाम , भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, शिवकुमार डहरिया, अमरजीत भगत, सत्यनारायण शर्मा, देवेंद्र साहू और गिरीश देवांगन को सदस्य बनाया गया है। उन्होंने बताया कि समिति में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष, सेवा दल प्रमुख, युवा कांग्रेस प्रमुख और एनएसयूआई के प्रमुख विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे जबकि छत्तीसगढ़ के प्रभारी महासचिव तथा सचिव इसके पदेन सदस्य होंगे।

### दिल्ली में दो महिलाओं की हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सुभाष पार्क इलाके में दो महिलाओं को घर पर मृत पाया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान विमला देवी (70) और उनकी बहू डोली राय (45) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम उस वक्त दिया गया, जब मृतका राय के दोनों पुत्र दो-तीन दिन के लिए ऋषिकेश और मसूरी घूमने गए हुए थे। जब वे तीन दिन बाद आज सुबह घर लौटे तो उन्होंने दोनों महिलाओं को मृत पाया।

### नदी में नाव पलटी, एक डूबा, दो ने तैरकर बचायी जान

**कांकेर।** कांकेर जिले के छोटेबेटिया थाना क्षेत्र के पखांजूर बुरगी नदी में एक नाव पलट गयी। दुर्घटना में एक व्यक्ति नदी में डूब गया, जबकि दो ने तैरकर अपनी जान बचा ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार तीन लोग नाव से नदी पार कर रहे थे। तभी अचानक यह हादसा हो गया। इस दौरान दो युवकों ने तैरकर जैसे-तैसे अपनी जान बचाई, पर एक युवक की नदी में डूबा गया। घटना के बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। वहीं, गोताखोर की रेस्क्यू टीम भी कांकेर से घटनास्थल पर पहुंच रही है। फिलहाल गांव का एक दल युवक की तलाश में जुट गया है।

# न्याय की विरासत के साथ आगे बढ़ेगा छत्तीसगढ़ : सीएम भूपेश

## मुख्यमंत्री ने राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पावन और गौरवशाली अवसर पर राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में ध्वजारोहण करने के बाद प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जनता के नाम अपने स्वतंत्रता दिवस संदेश में कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ से फिर एक नया सफर शुरू होगा, जो न्याय की हमारी विरासत के साथ आगे बढ़ेगा और 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' का लक्ष्य पूरा करेगा। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आजाद भारत के अमृत महोत्सव के मायने और मूल्यों को समझने के लिए हमें दो शताब्दियों की गुलामी को याद करना होगा। हमारे पुरखों ने अपनी जान दांव पर लगाकर, फिरंगी सरकार के खिलाफ बगावत का झंडा बुलंद किया था। उनका त्याग और बलिदान देश की भावी पीढ़ियों का जीवन खुशहाल बनाने के लिए था। हमारा कर्त्तव्य है कि उनके सपनों को साकार करें और उनकी स्मृतियों को चिरस्थायी बनाएं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि अमर शहीदों गैंदसिंह, वीर नारायण सिंह, मंगल पाण्डे, भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां, रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंतिबाई लोधी जैसी हजारों विभूतियों की शहादत हमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान की प्रेरणा देती रहेगी। स्वतंत्रता संग्राम और आजाद भारत को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, लाल



बहादुर शास्त्री, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, लाल-बाल-पाल, मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसी विभूतियों ने राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व दिया था। वहीं वीर गुण्डाधूर, पं. रविशंकर शुक्ल, ठाकुर प्यारेलाल सिंह, बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव, डॉ. खूबचंद बघेल, पं. सुंदरलाल शर्मा, डॉ. ई.राघवेन्द्र राव, क्रांतिकुमार, बैरिस्टर छेदीलाल, लोचन प्रसाद पाण्डेय, यतियतन लाल, डॉ. राधाबाई, पं. वामनराव लाखे, महंत लक्ष्मीनारायण दास, अनंतराम बर्छिहा, मौलाना अब्दुल रऊफ खान, हनुमान सिंह, रोहिणीबाई परगनिहा, केकतीबाई बघेल, श्रीमती बेलाबाई, इंदरू केंवट, उदय राम वर्मा, खिलावन बघेल, घसिया मंडल जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने राष्ट्रीय आंदोलन में छत्तीसगढ़ की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की थी, मैं इन सभी को सादर नमन करता हूं। देश की एकता और अखण्डता, संविधान व लोकतंत्र के प्रति आस्था को बचाए रखना एक चुनौती थी और इसके लिए भी हमारे देश की सेनाओं व सुरक्षा बलों के जवानों ने शहादत दी है। मैं उन अमर शहीदों को भी सादर नमन करता हूं।

मुख्यमंत्री ने अपने स्वतंत्रता दिवस के संदेश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आखिरी वसीयतनामे का उल्लेख करते हुए कहा था- 'भारत ने राजनीतिक स्वतंत्रता तो प्राप्त कर ली है, लेकिन उसे अभी शहरों और कस्बों से भिन्न अपने सात लाख गांवों के लिए सामाजिक, आर्थिक और नैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करना बाकी है'। आज देश के सामने अनेक चुनौतियां हैं। कृषि व वन भूमि का कम होना, पर्यावरण असंतुलन, प्रदूषण, बीमारियों, महंगाई, बेरोजगारी आदि से लोगों का जीवन संकटमय हुआ है। हमने पुरखों की सीख और माटी की संस्कृति का सम्मान करते हुए कृषि तथा वन उत्पादों, परंपरागत ज्ञान, आधुनिक साधनों व रणनीतियों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का रास्ता चुना। मुझे गर्व है कि हम आजादी की 75वीं सालगिरह के अवसर पर देश और दुनिया के सामने, बापू के सिद्धांतों और विचारों के अनुरूप कार्य करने में सफल हुए हैं। इसमें प्रकृति-सम्मत विकास, हर व्यक्ति को गरिमा, न्याय व बराबरी के अवसर देने वाली योजनाएं और कार्यक्रम शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने न्याय योजनाओं की जो पहल की थी, उसे निरंतर आगे बढ़ाने के लिए भी संकल्पबद्ध हैं। यही वजह है कि 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' अब तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है और इससे लगभग 13 हजार करोड़ रुपए की राशि किसानों को दी जा चुकी है। इस तरह एक सीज़न में किसानों को प्रति एकड़ 9 हजार रुपए की आदान सहायता देने वाला देश का पहला राज्य हमारा छत्तीसगढ़ है। 'गोधन न्याय योजना' भी तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, इसके अंतर्गत अब-तक गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों तथा स्व-सहायता समूहों को 312 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। देश में रासायनिक खाद की कमी और मूल्य वृद्धि के परिदृश्य में हमारे गौठानों में निर्मित जैविक खाद, अब एक बेहतर विकल्प बन रही है। किसानों की सिंचाई कर माफी की पहल में भी विस्तार किया गया है और 17 लाख से अधिक किसानों के 342 करोड़ रुपए की राशि माफ की जा चुकी है। किसानों को 4 वर्ष पहले मात्र 3 हजार 692 करोड़ रुपए कृषि ऋष्ण के रूप में प्राप्त हुआ था। हमने इस वर्ष लक्ष्य बढ़ाकर 6 हजार 500 करोड़ रुपए कर दिया है, जिससे लगभग 75 प्रतिशत अधिक राशि ब्याजमुक्त ऋष्ण के रूप में कृषि क्षेत्र में आएगी। 'राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' अपने दूसरे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है और इसके तहत अब-तक पात्र हितग्राहियों को 213 करोड़ रुपए की राशि दी जा चुकी है।

# कश्मीर में सात आईटीबीपी जवान शहीद, 32 घायल



वार्ता < श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले के चंदनवाड़ी में मंगलवार सुबह सेना का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के सात जवान शहीद हो गए और पुलिसकर्मियों समेत 32 अन्य लोग घायल हो गए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बारिश की वजह से सड़क पर फिसलन थी। इस बीच चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन नाले में जा गिरा। दुर्घटना के समय वाहन में कम से कम 35 सुरक्षाकर्मी सवार थे। ये लोग वार्षिक अमरनाथ यात्रा में अपनी ड्यूटी समाप्त होने के बाद लौट रहे थे। बीएसएफ के एक हेलीकॉप्टर ने घायलों को विशेष इलाज के लिए श्रीनगर अस्पताल पहुंचाया, इनमें से छह की हालत नाजुक बतायी गयी है।

उन्होंने बताया कि नागरिक प्रशासन और सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने दुर्घटनास्थल के पास व्यापक बचाव अभियान शुरू किया है।

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक ट्वीट किया, घटना के बारे में जानकर गहरी पीड़ा हुई हैं। मैं शोकग्रस्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करता हूं और घायल कर्मियों को हर संभव सहायता प्रदान की जा जाएगी। आईटीबीपी के महानिदेशक डॉ सुजॉय लाल थाओसेन ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। श्री थाओसेन ने ट्वीट किया मैं जम्मू कश्मीर में हुए दुखद हादसे से बहुत दुखी हूं, जहां आईटीबीपी के सात जवानों की जान चली गई। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। इस दुख की घड़ी में मैं उनके साथ खड़ा हूं। हम घायलों की देखभाल कर रहे हैं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

# आज़ादी अमृतकाल के लिए पांच-प्रण दिलाए मोदी भ्रष्टाचार, परिवारवाद के विरुद्ध किया आह्वान

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 76वें स्वतंत्रता दिवस पर भारत को अगले 25 वर्ष में विकसित देश बनाने के लक्ष्य के साथ देशवासियों से नागरिक कर्तव्यों का पालन करने सहित 'पांच प्रण' लेने का आह्वान करते हुए भ्रष्टाचार और परिवारवाद तथा भाई-भतीजावाद को देश की प्रगति की राह की दो बड़ी चुनौती बताया और इन बुराइयों को मिल कर समाप्त किए जाने की पुरजोर अपील की। मोदी ने ऐतिहासिक लाल किले की प्रचीर से राष्ट्र के नाम लगतार नौवां स्वाधीनता-दिवस संबोधन करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद देश की जड़ों में दीमक के समान लगा हुआ है और इसके कारण योग्यता मारी जाती है। उन्होंने भ्रष्टाचारियों को आगाह किया कि जिन्होंने देश को लूटा है उन्हें लूट का धन वापस लौटाना पड़ेगा। उन्होंने



भारत के लोगों की अपार क्षमता, सामूहिक चेतना और संकल्पबद्धता गुणगान करते हुए देश को अन्न उत्पादन और बच्चों के खिलौनों से लेकर, हथियार और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाने के लिए काम करने के सरकार के संकल्प को दोहराया। उन्होंने जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान के नारे में जय अनुसंधान का भी नारा जोड़ा। केवल भारत के इतिहास, परंपरा, भारत की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं पर केंद्रित इस संबोधन में श्री मोदी ने देश की नारी शक्ति को परिवार से लेकर राष्ट्रीय जीवन में बराबर का सम्मान और अवसर दिए जाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे हम अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को अधिक शीघ्रता से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की नारीशक्ति युद्ध के मार्चे से लेकर खेल के मैदान तक देश का परचम लहरा रही है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर दुख जताया कि आज भी कुछ लोग अपने शब्दों और मनोभाव से नारी का अपमान करते हैं। उन्होंने अमृतकाल के पहले प्रभात पर देश की युवा पीढ़ी से पूरी तरह से देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान करने का आह्वान किया और कहा कि इसके लिए अगले 25 वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा , ÷ हमें इन वर्षों में पंच प्रण पर अपनी शक्ति को केंद्रित करना होगा, अपने सामर्थ्य को केंद्रित करना हो और हमें उन पंच प्रणों को लेकर 2047 तक आजादी के दीवानों के सारे सपनों को पूरा करने की जिम्मेदारी उठा कर चलना होगा।

### कांग्रेस ने रसूल वानी को बनाया जम्मू कश्मीर का प्रदेश अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर के प्रदेश अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर की छुट्टी कर वरिष्ठ नेता विकर रसूल वानी को प्रदेश कांग्रेस की कमान सौंपने के साथ



ही वरिष्ठ नेता रमन भल्ला को कार्यकारी अध्यक्ष और गुलाम नबी आजाद को प्रचार समिति का प्रमुख नियुक्त किया है।कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इसके साथ ही जम्मू कश्मीर के लिए प्रचार समिति, राजनीतिक मामलों की समिति, समन्वय समिति, घोषणा पत्र समिति, प्रसार समिति, अनुशासन समिति तथा प्रदेश चुनाव समिति का भी गठन किया है।

# देश को आत्म निर्भर बनाने का सपना पूरा करने का दायित्व युवाओं परः बिरला

वार्ता < अजमेर
www.dailypioneer.com

लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने युवाओं पर नये भारत का निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुये कहा है कि देश को आत्म निर्भर बनाने का सपना पूरा करने का दायित्व भी युवाओं पर है। बिरला अजमेर जिले के किशनगढ़ के बांदरसिंदरी स्थित राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में दीक्षांत उद्बोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अजमेर देश की आध्यात्मिक नगरी है और यहां शिक्षा का प्राचीन स्वर्णिम युग रहा है। मुझे खुशी है कि इस धरती पर केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में नन्हा सा पौधा जो आज वट वृक्ष बन चुका है आने वाले दिनों में पूरे विश्व में स्थान बनाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा से देश में सामाजिक, आर्थिक बदलाव



लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान एवं भावी चुनौतियों का आज का युवा वर्ग अपनी बौद्धिक क्षमता से समाधान निकाले क्योंकि बदलाव भारत के नौजवानों के जरिए ही संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में पीएचडी के विद्यार्थियों को वर्तमान अध्ययन कर देश की योजनाओं के जरिए समाधान निकालने की दिशा में काम करना होगा। वे सरकार के सलाहकार बनकर कार्य करेंगे तो केंद्र अथवा राज्य की सरकारें उनकी सलाह से लाभान्वित होकर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर सकेंगी। बिरला ने स्पष्ट कहा कि भारत के सपनों को पूरा करने की जिम्मेदारी नौजवानों की है। युवा नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बने ये उनकी योग्यता पर निर्भर होगा। उन्होंने हर क्षेत्र में महिलाओं द्वारा अपनी क्षमता को सिद्ध करने पर नारी शक्ति पर गर्व जताया और कहा कि आज मातृशक्ति का योगदान भी देश के विकास में कम नहीं है। बिरला ने स्वयं को लोकतांत्रिक संस्था का प्रमुख बताते हुए युवाओं का आह्वान किया कि युवा राजनीतिक प्रक्रियाओं में ज्यादा से ज्यादा सक्रिय रूप से भाग ले और इस बात का आंकलन करें कि जिस प्रतिनिधि को चुना है वह बेहतरीन कार्य कर रहा है या नहीं। उन्होंने युवा प्रतिनिधियों से कार्यों की समीक्षा करने का भी आह्वान किया।

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ. देवेन्द्र नायक ने वीर सपूतों, महापुरूषों और वीरांगनों को किया नमन

# श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मोवा स्थित श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रेरणाश्रोत श्रीमती सत्यवती नायक-आरके नायक, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.अनिल दुबे ने ध्वजारोहण किया। इंस्टीट्यूट के चेयरमेन डॉ. देवेन्द्र नायक तथा मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती नीता नायक ने वीर शहीदों को नमन करते हुए उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित की।

राष्ट्रीय गीत गायन के पश्चात पूरा परिसर भारत माता के जयकारे के साथ गूंज उठा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ. देवेन्द्र नायक ने बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि आजादी की लड़ाई में अनेक वीरों ने अपने प्राण न्यौछावर किए तब जाकर हमें यह आजादी मिली। वर्षो



तक अंग्रेजों की गुलामी के बाद 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हुआ। स्वतंत्रता की इस लड़ाई में कितने सेनानियों ने बलिदान दिया। तब जाकर हमें यह आजादी मिली। डॉ. नायक ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी वीर सपूतों, महापुरूषों और वीरांगनाओं को नमन किया।

ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. पुष्पेंद्र नायक, तेजस नायक, डायरेक्टर नितिन पटेल, डायरेक्टर डॉ. बिरेन्द्र पटेल, डॉ. लुनिक यदु, डॉ. शशांक गुप्ता, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. के.के. भोई, डॉ. नीरजा अग्रवाल, डॉ. दीपक जायसवाल, सीईओ हिमांशु साहू, राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर के प्रकाशक भोजराम पटेल, समाचार पत्र के संपादक ए.एन. द्विवेदी, कई वरिष्ठ चिकित्सकगण, अन्य विभाग प्रमुख तथा स्टाफ समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।





# नीतीश की नई सरकार में हुआ विभागों का बंटवारा

वार्ता < पटना
www.dailypioneer.com

नीतीश कुमार की अगुवाई वाली नई महागठबंधन सरकार में आज मंत्रिमंडल विस्तार के कुछ देर बाद ही मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया। मुख्यमंत्री कुमार ने सामान्य प्रशासन, गृह विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन के साथ ही ऐसे सभी विभाग अपने पास रखे हैं, जो किसी को आवंटित नहीं हैं। इसी तरह उप मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के पास स्वास्थ्य, पथ निर्माण, नगर विकास एवं आवास एवं ग्रामीण कार्य विभाग हैं। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विजय कुमार चौधरी को वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य, विजेंद्र प्रसाद यादव को ऊर्जा तथा योजना एवं विकास, अशोक चौधरी को भवन निर्माण, श्रवण



कुमार को ग्रामीण विकास, लेशी सिंह को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, मदन सहनी को समाज कल्याण, संजय कुमार झा को जल संसाधन और सूचना एवं जनसंपर्क, शीला मंडल को परिवहन, सुनील कुमार को मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, जयंत राज को लघु जल संसाधन और जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री जी.एस. सलीम** (कार्यपालन अभियंता)
मनियारी जल संसाधन संभाग, मुंगेली एवं समस्त स्टाफगण जिला मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री एम.एल. शर्मा** (कार्यपालन अभियंता)
लोक निर्माण संभाग एवं समस्त स्टाफगण जिला मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
वतन हमारा ऐसा है
की कोई छोड़ पाए न
रिश्ता हमारा ऐसा है
की कोई तोड़ पाये ना
दिल हमारा एक है
एक हमारी जान है
हिंदुस्तान हमारा है
और हम इसकी शान है
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**जिला सहायक आयुक्त** (जिला आबकारी अधिकारी मुंगेली)
जिला कार्यालय आबकारी अधिकारी एवं समस्त स्टाफगण जिला मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
दे सलामी इस
तिरंगे को
जिससे तेरी शान है,
सर हमेशा ऊँचा
रखना इसका
जब तक दिल
में जान है...।
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री देवेन्द्र बग्गा** (प्रभारी खाद्य अधिकारी)
एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
गंगा यमुना यहाँ नर्मदा,
मंदिर मस्जिद के संग गिरजा,
शांति प्रेम की देता.. शिक्षा,
मेरा भारत सदा सर्वदा
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री सुरेश सिंह** (जिला कार्यक्रम अधिकारी)
महिला एवं बाल विकास एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
सच्ची है देश भक्ति
और मैं वतन पर
ईमान रखता हूं...
तिरंगे की शान की
खातिर हथेली पे जान रखता हूं...
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री टी. आर. उइके** (सहायक संचालक)
रेशम विभाग एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
कुछ नशा तिरंगे की आन का है,
कुछ नशा मातृभूमि की शान का है
हम लहरायेंगे हर जगह ये तिरंगा
नशा ये हिंदुस्तान की शान का है।
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री दिनेश कुमार ब्योहार** (उप संचालक)
कृषि विभाग एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
सारे जहां से अच्छा,
हिन्दोस्तां हमारा
हम बुलबुले है इसकी,
यह गुलिस्तां हमारा
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री मुकेश दुबे** (जिला प्रबंधक)
छ. ग. स्टेट सि. सप्लाईज कार्पो. लिमिटेड एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
गूंज रहा है दुनिया में भारत का नगाड़ा, चमक रहा आसमान में देश का सितारा, आजादी के दिन आओ मिलकर करें दुआ बुलंदी पर लहराता रहे तिरंगा हमारा,
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री शीतल भोई** (जिला विपणन अधिकारी)
छ.ग. रा. सह. विपणन संघ मर्यादित एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
अपनी आजादी को हम
हरगिज मिटा सकते नहीं,
सर कटा सकते हैं लेकिन
सर झुका सकते नहीं।
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री विभूति क्षेत्रज्ञ** (जिला पंजीयक)
एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
आन देश की शान देश की
देश की हम संतान है,
तीन रंगों से रंगा तिरंगा,
अपनी ये पहचान है।।
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**डॉ. ए. के. मरकाम** (उपसंचालक)
पशु चिकित्सा सेवायें एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
देश भक्तों से ही देश की शान है
देश भक्तों से ही देश का मान है
हम उस देश के फूल हैं
यारों जिस देश का
नाम हिंदुस्तान है
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री तोषण चन्द्राकर** (सहायक संचालक)
उद्यान विभाग एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
Happy Independence Day
आओ झुक कर
सलाम करें उन्हें,
जिनकी जिंदगी में
ये मुकाम आया है,
किस कदर खुशनसीब
है वो लोग,
जिनका लहू भारत
देश के काम आया है।
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री पी. के शर्मा** (कार्यपालन अभियंता)
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
ना सरकार मेरी है।
ना रौब मेरा है,
ना बड़ा सा नाम मेरा है
मुझे तो एक छोटी सी
बात का गौरव है
मैं हिन्दुस्तान का हूँ
और हिन्दुस्तान मेरा है।
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री बी. एल. सिहरत्रे** (प्र.कार्य.अभि.)
ग्रामीण विकास संभाग छ.ग. ग्रामीण (प्रधानमंत्री सड़क अभि.)
एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
ना पूछो जमाने को
क्या हमारी कहानी है,
हमारी पहचान तो सिर्फ
ये है, की हम सिर्फ
हिन्दुस्तानी है।
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री असीम माथुर** (जिला परिवहन अधिकारी)
एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
आजादी का प्रतिक है 15 अगस्त,
राष्ट्रीय पर्व है 15 अगस्त,
स्वतंत्रता सेनानियों का
बलिदान है 15 अगस्त,
देश की शान है 15 अगस्त
15 AUGUST भारतीय स्वतंत्रता दिवस
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री देवेन्द्र जांगड़े** (प्रभारी कार्यपालन अधिकारी)
छ.ग. राज्य अंत्यावसायी वित्त एवं विकास
एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
Happy 15 Independence Day
वतन है मेरा सबसे महान,
प्रेम सौहार्द का दूजा नाम,
वतन-ए-आबरु पर है
सब कुर्बान,
शांति का दूत है मेरा
हिन्दुस्तान।
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्रीमती ज्योति मिश्रा** (सहायक खनिज अधिकारी)
खनिज विभाग एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
हो समर्पित वतन पे ललन चाहिए,
भगत, आजाद जैसे रतन चाहिए।
मृत्यु के बाद यदि जन्म फिर से मिले,
तो भारत ही मुझको वतन चाहिए।
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री आई. पी. मण्डावी** (कार्यपालन अभियंता)
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
वृक्ष लगायें, वनों का संरक्षण
करें, वनों को आग से बचाये,
वन है ता कल है।
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री गणेश राजन** (वनमण्डलाधिकारी)
वन विभाग एवं समस्त स्टाफगण कार्यालय जिला मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
मैं मुल्क की हिफाजत
करूँगा ये मुल्क मेरी
जान है इसकी रक्षा
के लिए मेरा दिल
और जां कुर्बान है..।
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री हितेश श्रीवास** (सहायक पंजीयक)
सहकारिता संस्थायें एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
मैं तो सोया था गहरी नींद
मैं सरहद पर था जवान
जगा रात सारी, ये सोच
कर नींद मेरी उड़ गयी
जवान कर रहा रक्षा हमारी.
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री दि मुंगेली सहकारी विपणन संस्था मर्यादित**
समस्त स्टाफगण मुंगेली (छ.ग.)

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
सदा ही लहराता
रहे ये तिरंगा
हमारा, सारे जहां
से अच्छा
हिन्दुस्तान हमारा..
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री अजीत बघेल** (खाद्य एवं औषधि)
जिला कार्यलय मुंगेली एवं समस्त स्टाफगण

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
15 AUGUST
गूं रहा है दुनिया में
भारत का नगाड़
चमक रहा आसमान में
देश का सितारा
आओ मिलकर करें दुआ
आजादी के दिन
कि बुलंदी पर लहराता रहे,
हमारा तिरंगा
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
**श्री अंशु वासने** (प्रभारी कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग मुंगेली)
एवं समस्त स्टाफगण मुंगेली

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**आदेश एडवर्टाईजिंग मुंगेली**
नवनीत शुक्ला
(पायनीयर जिला प्रतिनिधि मुंगेली)

# गरिमामय ढंग से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के 75वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय बीजापुर के मिनी स्टेडियम में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास, श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन रेखचंद जैन द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर सीआरपीएफ, जिला पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, नगर सेना, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाईड के 10 प्लाटून द्वारा गार्ड आफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान का गायन किया गया। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि को 10 प्लाटून द्वारा सलामी दी गयी। संसदीय सचिव रेखचंद जैन द्वारा इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। इसके साथ ही हर्ष के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे एवं शांति और प्रेम के प्रतीक कबूतर आसमान में छोड़े गये।

मुख्य समारोह के दौरान नक्सली उन्मूलन अभियान में शहीद हुए जवानों के परिजनों को मुख्य अतिथि द्वारा शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्य के महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजनान्तर्गत गौठानों में स्व-सहायता समूह द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर रुद्रारम गौठान को पुरुस्कृत किया गया। जिसके अंतर्गत गौठान समिति को 25 हजार रुपये का चेक, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बाढ़ आपदा बचाव दल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर सेना एवं एसडीआरएफ के टीम एवं इसके साथ ही विभिन्न विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, कोरोना वारियर्स, स्वच्छता कर्मचारियों, पंचायत पदाधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य समारोह में विधायक बीजापुर एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण विक्रम मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य एवं कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य बंसत राव ताटी, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया, सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, पंचायत पदाधिकारी और डीआईजी सीआरपीएफ सुशील कुमार मिश्रा, कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जितेन्द्र कुमार ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत रवि साहू, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी, तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधी तथा गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## कलेक्टोरेट में कलेक्टर कटारा ने किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट बीजापुर में कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात् सामूहिक रुप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस दौरान कलेक्टर कटारा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी तथा सौंपे गये दायित्वों को निष्ठापूर्वक समय पर निर्वहन करने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, डिप्टी कलेक्टर मनोज बंजारे, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद थे।



## 165 बटालियन ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में किए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



स्वतंत्रता दिवस के 76 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर आज धर्मेन्द्र कुमार झा, कमांडेंट 165 वीं वाहिनी के.रि.पु. बल के नेतृत्व व मार्गदर्शन में क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस के महत्व व इसकी प्राप्ति में क्रान्तिकारियों व वीर बलिदानियों के अनगिनत संघर्ष व त्याग को स्मरण करते हुए प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। तत्पश्चात इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भाँति अनेक वीर जवानों को प्राप्त वीरता पदक व अन्य अलंकरणों को पढ़कर सुनाया गया। इसके बाद अधिकारियों अधीनस्थ अधिकारियों जवानों के साथ-साथ स्थानीय निवासियों के मध्य मिष्ठान वितरण कर आजादी के महत्व को रेखांकित किया गया। वार्ता के दौरान लोगों को पूरी निष्ठा तथा लगन से अपने कर्तव्य का निर्वहन करने तथा अपने गाँव, समाज तथा इलाके के सर्वागींण विकास में योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया तथा 165 वीं वाहिनी के फुंडरी इलाके में तैनाती के पश्चात से परस्पर सहयोग के साथ रहने के महत्व को रेखांकित किया।

165 वीं वाहिनी, केरिपुबल, बीजापुर, छ.ग का यह निरन्तर प्रयास है कि छत्तीसगढ़ जैसे अति संवेदनशीलय नक्सल प्रभावित क्षेत्र को सरकार की नीतियों के तहत मुख्यधारा से जोडना और जागरूकता व समन्वयता को बढ़ाना है। जिससे स्थानीय ग्रामीण विशेषकर युवाओं को नक्सलवाद के देश से बाहर निकाला जा सके और वे अपने जीवन को एक सफल दिशा दे सकें। इसी ध्येय के तहत आज का यह आयोजन एक बड़ा कदम साबित हुआ है।

## जिले में पूरे हर्षोल्लास से मनाई स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ

**नारायणपुर।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ नारायणपुर जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। हर बार की तरह इस बार भी मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित खेल परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, वाणिज्यिक कर (पंजीयन एवं मुद्रांक) इन्द्रशाह मण्डावी ने सुबह नौ बजे ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में राष्ट्गान गया गया। मुख्य अतिथि ने पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवेश ध्रुव के साथ परेड का निरीक्षण करने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आम जनता के नाम संदेश का वाचन किया। साथ ही एकता और अखंडता का संदेश देते रंग-बिरंगे गुब्बारे नील गगन में छोड़े गए। राश्ट्रगान के साथ ही हर्ष फायर किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगातार बारिश में भी परेड में शामिल प्लाटूनों का हौसला कम नहीं हुआ। मुख्य समारोह में शहीदों के परिजनों को मुख्य अतिथि ने शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्य समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 72 लोगों को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम बती नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता मांझी, के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों, जिले के अधिकारी-कर्मचारी व आमजन मौजूद रहे।



## स्वतंत्रता दिवस पर किरंदुल नगरपालिका कार्यालय में उपाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**किरंदुल।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के 75 वें वर्षगांठ के अवसर पर किरंदुल नगरपालिका परिषद में राष्ट्रध्वज तिरंगा के सम्मान में नपा उपाध्यक्ष बाल सिंह कश्यप द्वारा ध्वजारोहण किया। जिसके बाद सभी ने राष्ट्रगान गाया तथा एक दूसरे को आज़ादी की बधाई दी।इस दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन कुमार मेरिया, समस्त पार्षदगण एल्डरमैन तथा नपा कर्मचारी उपस्थित थे।



## किरंदुल एनएमडीसी परियोजना में मनाया गया 76 वां स्वतंत्रता दिवस

**किरंदुल।** लौहनगरी किरन्दुल एनएमडीसी परियोजना में सोमवार को देश का 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार ने ध्वजारोहण किया व राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी एवं उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों छात्र-छात्राएं एवं नागरिकों ने राष्ट्रगान गाया।मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में मुख्य महाप्रबंधक ने स्वतंत्रता दिवस पर सविस्तार बताते हुए कहा कि एनएमडीसी ने देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कोरोना काल में भी उत्पादन व प्रेषण के नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं जिसके लिए सभी कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी। समारोह में उपमहाप्रबंधक बी के माधव, इंटक सचिव ए के सिंह, अध्यक्ष विनोद कश्यप, एसकेएमएस अध्यक्ष के साजी, सचिव राजेश संधू, सीआईएसएफ कमांडेंट मनमोहन सिंह यादव एवं छात्र छात्राएं एवं अन्य उपस्थित थे।



## मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन किरंदुल ने निकाली तिरंगा यात्रा

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ एवं आजादी के अमृत महोत्सव के सुअवसर पर मेटल माईंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा द्वारा 15 अगस्त को भव्य एवं ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। एमएमडब्ल्यूयू के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव ए के सिंह के नेतृत्व में राष्टीय एकता, अखंडता एवं समरसता की भावनाओं को आम जनमानस तक व्यापक रूप से प्रसारित करने के पावन उद्देश्य से यह तिरंगा यात्रा निकाली गई थी जिसमें मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित किरंदुल के प्रतिष्ठित नागरिकों द्वारा पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रतिनिधित्व किया गया। एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार एवं उप महाप्रबंधक कार्मिक बी के माधव द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ के पश्चात श्रमिक सदन से निकली हुई यह भव्य तिरंगा यात्रा तिरंगा यात्रा बस स्टैंड स्टील ब्रिज, बंगाली कैंप, 4 नंबर, पेट्रोल पंप, रेलवे कालोनी, नगर पालिका कार्यालय, रेलवे गेस्ट हाउस, प्रकाश विद्यालय ग्राउंड के सामने, ट्रिपल स्टोरी, टाइप 3 सब स्टेशन, गांधीनगर , पटेल नगर, नेहरू नगर, संत गुरु घासीदास चौक, सुपर बाजार, डीएवी स्कूल, पुराना डबल स्टोरी कालोनी के अंदर से ब्रिज पार करते हुए गैस गोदाम, केंद्रीय विद्यालय चौक, सीएसएफ चेक पोस्ट, चिड़ियाघर पार्क, अंबेडकर पार्क, डबल स्टोरी टाइप 3 एवं टाइप 4, अंबेडकर भवन होते हुए बस स्टैंड में समापन किया गया। इस भव्य तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में कार्यकारी अध्यक्ष चिन्नास्वामी, कार्यालय सचिव राजेन्द्र यादव, संगठन सचिव राकेश लाल, शैलेश रथ, नथेला राम नेताम, त्रिलोक बांधे, वेणुधर, जी रवि, शादाब जिलान, तरुण साहू, देवनारायण, टीकम साहू, सैयद जिया उल हसन, श्रीनिवास, दिलीप सिंह, अरुण नेताम दिलीप राणा, दिनेश साहू, बीएल तारम,पी एल साहू, पुष्पलता साहू, सुधा, सुजाता, आसमां, मल्लिका, नूरी सहित बड़ी संख्या में यूनियन के सदस्यगण, नगरवासी, मातृशक्तियाँ उपस्थित थे।



## डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल रोकेल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

पायनियर संवाददाता ✓ सुकमा
www.dailypioneer.com



ब्रिटिश जंजीरों की जकड़ से भारत को मुक्त कराने में स्वयं को न्यौछावर करने वाले वीरों की याद दिलाता हुआ यह पर्व स्वतंत्रता दिवस हमें आज भी उमंग जोश एवं एकता की भावना से भर देता है। स्वतंत्रता दिवस के इस पावन पर्व को मनाने अपने देश के वीर शहीदों की शहादत को याद करने और श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु बच्चों के शैक्षणिक, नैतिक एवं मौलिक गुणों के विकास के लिए वचनबद्ध ग्राम रोकेल विकासखण्ड छिंदगढ जिला सुकमा स्थित डी ए व्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के 76वीं वर्षगांठ प्राचार्य पी.के.दास के मार्गदर्शन में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मनोवेन्द्र रीत के नेतृत्व में कक्षा 12वी के छात्रा वेदिका नायक एवं छात्र आयुष मिश्रा के मंच संचालन मे मुख्य अतिथि राजूराम नाग (जिला पंचायत सदस्य) अशोक कुमार चौहान (विधयाक प्रतिनिधि), अशोक शर्मा (ए. सी.ओ. 226 बटालियन सी.आर.पी.एफ.), महादेव कश्यप (पंचायत सदस्य) कोसा पदामी (जिला कांग्रेस अध्यक्ष) एवं अन्य अतिथियों के उपस्थिति में ध्वजारोहण से हुआ। इसके उपरान्त विद्यालय प्रांगण मे छात्रों बैंड बाजे के धुन मे परेड निकाली। इस दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के वातावरण से गुंज उठा। तत्पश्चात वैशाली सिंह चौहान के नेतृत्व में अतिथियो का स्वागत पुष्पगुच्छ व बैज लगाकर स्वागत गीत से किया गया। विज्ञान शिक्षक दीनबन्धु वर्मा, नीरज वालदे, स्वरुपा, एस डी भट्ट एवं सामाजिक विज्ञान के शिक्षक दीपेश साहू के मार्गदर्शन से छात्रों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका मुवायना अतिथियों एवं अभिभावकों के द्वारा किया गया।

## स्वतन्त्रता दिवस पर डॉ जहीरूद्दीन किए गए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ✓ सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिले में पशुधन विकास विभाग के द्वारा लगातार उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है पशु टीकाकरण का कार्य हो या मुर्गीपालन की दिशा में सुकमा जिले में हितग्राहियों को लाभ दिलाने में पशुधन विकास विभाग लगातार कार्य कर रहा है, शासकीय योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में भी विभाग लगातार प्रयास कर रहा है आजादी की 75 वीं वर्षगाठ अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम पर जिला-सुकमा के मिनी स्टेडियम मे ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवासी लखमा केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा हरीश एस. जिला सुकमा की उपस्थिति मे ध्वजारोहण पश्चात जिले मे पशुधन विकास विभाग के उत्कृष्ट कार्यो के फलस्वरूप डॉ. एस. जहीरुद्दीन, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला सुकमा को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया।



## हाटकर्रा के बैंक में स्वतंत्रता दिवस पर नहीं हुआ ध्वजारोहण, ग्रामीण इंतजार करते रहे लेकिन नहीं खुला बैंक का ताला

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भारत देश के स्वतंत्रता की 75 साल पूरे होने का जश्न आजादी का अमृत महोत्सव के तहत भारत देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।तथा राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर राष्ट्र सम्मान में सभी शासकीय अशासकीय संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जाता है। लेकिन भानुप्रतापपुर तहसील के हाटकर्रा में संचालित भारतीय स्टेट बैंक में ध्वजा रोहण ही नहीं हुआ। यहां तक कि बैंक का ताला भी नहीं खोला गया।




ग्रामीणों ने बताया हाटकर्रा में यह बैंक संचालित है। लेकिन आज 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ताला लटका रहा। यहां राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया गया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्रामीण बैंक बाहर काफी समय 11 बजे तक बैंक खुलने का इंतजार करते रहे। ग्रामीणों ने कहा यहां के कर्मचारी आएंगे और तिरंगा फहराएंगे, लेकिन कोई भी नहीं पहुंचे, तो मायूस होकर घर लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व के मौके पर भी बैंक में ध्वजारोहण नहीं किया गया। ध्वजारोहण न होना कहीं न कहीं अधिकारियों की उदासीनता की ओर भी इंगित करता है। ग्राम के सरपंच रामकुमार दर्रो ,गोठान अध्यक्ष कुँवरसिंह पुजारी एवं अन्य ग्रामीण इंतजार करते रहे पर नही खुला ताला।

## विधायक नाग पहुंचे पी.व्ही. 110, मृतकों को अर्पित की श्रृद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com

रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि में इरपानार क्षेत्र के पी.व्ही.110 में घर की दीवार गिर जाने से अपने घर में सो रहे पति पत्नी समेत उनके तीन बच्चो की दर्दनाक परिस्थितियों में दबकर मृत्यु हो जाती है यह दुखद समाचार जैसे ही अगले दिन सुबह क्षेत्रीय विधायक अनूप नाग को प्राप्त हुई वे तुरंत अपने काफिले के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हो गए परंतु खराब मौसम और भारी बारिश के कारण कोरेनार नदी अपने उफान पर थी और कई प्रयासों के बाबजूद भी विधायक नाग वह नदी पार नहीं कर पाए। जिसके पश्चात विधायक नाग पखांजूर वापस आ गए और जिला प्रशासन के पखांजूर पहुंचने का इंतजार किए।



जिला प्रशासन से कलेक्टर और एसपी के आने के बाद विधायक नाग पुनः घटनास्थल के लिए रवाना हुए परंतु इस बार नदी का बहाव पहले की तुलना में अधिक उफान पर था जिस कारणवश विधायक नाग का शोकाकुल परिजनों से मिलने एवं मृतकों के देह संस्कार में शामिल होने का यह दूसरा प्रयास भी असफल हो गया।

**मुख्यमंत्री को विधायक ने फोन पर दी हृदयविदारक घटना की जानकारी-** इसके पश्चात विधायक नाग ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को फोन कर स्व. परिमल मल्लिक उनकी धर्मपत्नी एवं उनके तीन मासूम बच्चों के साथ घटित हृदयविदारक घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें यहां के खराब मौसम एवं उफनते नदी के बारे में जानकारी देते हुए हेलीकॉप्टर की मांग की ताकि वह सीधे घटनास्थल पहुंच सके परन्तु यह प्रयास भी खराब मौसम होने के चलते असफल हो गया । जिस कारणवश विधायक नाग अतिरिक्त एक दिन पखांजूर में रुक गए और अगले दिन सुबह जब साफ मौसम में हेलीकॉप्टर पखांजूर पहुंची उसमे विधायक अनूप नाग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज साहा, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता अनिमेष चक्रवर्ती एवं स्थानीय प्रशासन के साथ रवाना हो गए।

**घटनास्थल का निरीक्षण कर विधायक हुए भावुक-** मृतकों के गांव पहुंचते ही सर्वप्रथम विधायक नाग घटनास्थल पहुंचे और उन्होंने स्वयं जगह का निरीक्षण कर आभास किया की यह घटना हकीकत में तस्वीरों से ज्यादा भयभाह एवं हृदयविदारक थी उन्होंने घटना स्थल पर ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक में डूबे पुरे शोकाकुल परिजनों का ढांढस बंधाया एवं शासन स्तर पर हर संभव मदद का भरोसा दिया और मृतकों के आत्मा की शांति के लिए हवन एवं पूजा कार्यक्रम के लिए व्यतिगत अपनी ओर से 25 हजार रूपए की नगद राशि भी परिजनों को सौंपी।

## एनएमडीसी ने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत वितरित किया कबड्डी मैट

**किरंदुल।** एनएमडीसी लिमिटेड बीआईओएम किरन्दुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार के दिशा-निर्देश तथा उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी.के. माधव के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत पालनार के कबड्डी खिलाड़ियों के उपयोग हेतु एनएमडीसी के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत शनिवार शाम को कबड्डी मैट प्रदान किया गया।पालनार सरपंच सुकालू मुड़ामी ने मैट प्रदान करने के लिए एनएमडीसी प्रबंधन को धन्यवाद दिया। इस दौरान सीएसआर प्रबंधक जितेंद्र कुमार, असदुल्लाह एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## अटल बिहारी को पुष्पांजलि अर्पित



**दंतेवाड़ा।** छतीसगढ़ राज्य निर्माता ,भारतीय राजनीति के युगपुरुष, हम सबके प्रेरणा स्त्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा मण्डल दंतेवाड़ा द्वारा भाजपा जिला कार्यालय चितालंका में छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्र्धांजलि दिया गया। उसके पश्चात रामू नेताम सदस्य ज़िला पंचायत एवं मण्डल महामंत्री के सौजन्य से जिला अस्पताल पहुँच कर मरीज़ों को फल वितरण किया गया। जिसमें चैतराम अटामी ज़िला अध्यक्ष, मुकेश शर्मा ,संतोष गुप्ता ,धीरेंद्र प्रताप, दुर्गा सिंह, राम बाबू सिंह गौतम, ओजस्वी मंडावी,कमला नाग , पायल गुप्ता श्रवण कड़ती जी मण्डल अध्यक्ष, रामू नेताम, खीरेंद्र ठाकुर ,रुपन मण्डल, दंतेश्वरी सोरी, महावीर माहेश्वरी, राजन माहेश्वरी, जयलाल पुजारी, यशवंत नाग, रतिराम भास्कर, गणेश यादव इत्यादि लोग शामिल हुए।

# दामाखेड़ा आश्रम में प्रकट उत्सव के लिए 10 लाख का गबन, मास्टरमाइंड जनपद सीईओ गिरफ्तार, फरार सरपंच पति व सचिव की तलाश

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा/सिमगा
www.dailypioneer.com

कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में धनी धर्मदास साहब जी के 625 वें प्रकट उत्सव के नाम पर फर्जीवाड़ा कर 10 लाख रू की राशि का गबन करने वाले में मास्टरमाइंड जनपद पंचायत सिमगा के तत्कालिन सीईओ पंकज देव को सिमगा पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है।थाना प्रभारी अमित कुमार तिवारी ने बताया कि प्रार्थी सदगुरु धनी धर्म दास साहेब वंशावली प्रतिनिधि सभा दामाखेड़ा के अध्यक्ष प्रकाश पिता नत्थू थपके निवासी सूरजगांव थाना कलौथ जिला नागपुर महाराष्ट्र द्वारा सिमगा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वर्ष 2020 में कार्तिक पूर्णिमा पर पूज्य श्री धनी धर्मदास साहब के 625 वें प्रकट उत्सव हेतु संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के द्वारा व्यवस्था खर्च हेतु 10 लाख रुपया दिया गया था। जिसको दामाखेड़ा के सरपंच पूर्णिमा देवांगन, सचिव राजू देवांगन एवं अन्य साथी मिलकर फर्जीवाड़े तरीके से पैसा आहरण कर शासन द्वारा प्रदत्त धन का उपयोग कर लिया है। जिस पर सिमगा पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर धारा 420 कायम कर आरोपियों की पतासाजी में लिया गया। विवेचना के दौरान उक्त प्रकरण में धारा 467 468 471 120 बी 212 34 भादवि जोड़ा गया है। इस गबन मामले में सहायता करने वाले तीन आरोपी दुर्गेश देवांगन लेखुराम देवांगन एवं श्रेयांस देवांगन को उक्त प्रकरण में संलिप्तता पाए जाने



पर उन्हे गिरफ्तार कर पूर्व में न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। वहीं प्रकरण में अन्य आरोपियों जिसमें सरपंच पूर्णिमा देवांगन अग्रिम जमानत पर है तथा सरपंच पति पूरन देवांगन और सचिव राजू देवांगन फरार हैं। टीआई तिवारी ने बताया कि विवेचना क्रम पता चला कि सी ई ओ द्वारा सरपंच और सचिव द्वारा प्रस्तुत किये गये फर्जी बिल को प्रमाणित किया है पर्याप्त अपराध सबूत पाए जाने पर सिमगा जनपद पंचायत के तत्कालिन सीईओ पंकज देव पिता नित्यानंद देव उम्र 51 वर्ष पता पिंक सिटी गायत्री नगर रायपुर को आज गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड में भेजा गया। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन सी ई ओ पकंज देव का कार्यकाल सिमगा सहित आरंग में भी विवादित रहा है सिमगा ब्लॉक के ग्राम मुड़पार पंचायत चुनाव में विजय प्रत्याशी मनोज तिवारी की जगह अन्य प्रत्याशी को सी ई ओ पकंज देव ने जीत का फर्जी प्रमाण पत्र जारी कर दिया था वहीं चुनाव के वक्त पीठासीन अधिकारी ने मनोज तिवारी को चुनाव में जीत का प्रमाण पत्र दे दिया था। जिससे गांव का माहौल अशांत हो गया था वहीं ग्रामीणों के जनपद पंचायत का घेराव कर सी ई ओ पकंज देव के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग किया गया था यह मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा था जहाँ न्यायाधीश ने मनोज तिवारी के पक्ष में फैसला दिया था। बताते चले कि यह इस जनपद पंचायत में कार्य करते है वहां विवाद की स्थिति बनी रहती है।

**625वें प्राकट्य उत्सव के नाम पर फर्जीवाड़ा**

धनी धर्मदास साहब जी के 625वें प्राकट्य उत्सव के नाम पर फर्जीवाड़ा कर 10 लाख की राशि गबन करने वाले आरोपियों की सहायता करने वाले आरोपी दुर्गेश देवांगन, लिखोराम देवांगन एवं श्रेयांश देवांगन को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्रकरण में जांच कार्यवाही तथा अपराध में संलिप्तता पाए जाने पर 14.अग.2022 को अपराध सबूत पाए जाने से पूर्व जनपद सिमगा सीईओ पंकज देव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रार्थी संस्था अध्यक्ष प्रकाश पिता नत्थूजी थपके निवासी सूरजगांव थाना कलौथ जिला नागपुर महाराष्ट्र द्वारा आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष ग्राम दामाखेड़ा में 2020 में पूज्य श्री धनी धर्मदास साहब जी के 625वें प्राकट्य महोत्सव हेतु शासन द्वारा व्यवस्था खर्च हेतु 10 लाख दिया गया था, जिसको आरोपी ग्राम सरपंच पूर्णिमा देवांगन, सचिव राजू देवांगन एवं अन्य लोगों द्वारा मिलकर फर्जीवाड़ा तरीके से पैसा आहरण कर शासन द्वारा प्रदत्त धन का उपयोग कर लिया गया है। कि आवेदन पत्र पर 15.जून.2022 को अपराध कायम कर पुलिस की अलग-अलग टीमों का निर्माण कर आरोपियों का पता तलाश प्रारंभ किया। प्रकरण में अग्रिम विवेचना एवं जांच कार्यवाही पश्चात धारा 467, 468, 471, 120बी, 212, 34 भादवि भी जोड़ा गया है। प्रकरण की विवेचना क्रम में अपराध में संलिप्तता और अपराध सबूत पाए जाने पर 14.अग.2022 को आरोपी पूर्व जनपद सीईओ सिमगा पंकज देव पिता नित्यानंद देव उम्र 51 वर्ष निवासी शंकर नगर रायपुर को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड में भेजा गया है।

# न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव



पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आजादी के 75वें वर्षगांठ पर न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा सीमेंट संयंत्र ने विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन कर धुमधाम के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। इस अवसर पर प्लांट हेडश्री राजू रामचंद्रन, सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, उनके परिवारके साथ ही साथ सुधीक्षा लेडिज क्लब की अध्यक्ष जयंती रामचंद्रन, सभी सदस्यगण, सी.एस.आर. प्रशिक्षण केन्द्र की प्रशिक्षार्थी बडी संख्या में उपस्थित थे। सर्वप्रथम प्लांट हेडश्री राजू रामचंद्रन नेसुरक्षा कमांडो दस्ते का अवलोकन करने के बाद ध्वजारोहण किये और राष्ट्रगान के साथ देश के आन बान और शान तिरंगे के सम्मान मे जयकारे का उदघोस किया गया। प्लांट हेड ने सुरक्षा प्रमुख राजन सिंह से साथ परेड की सलामी ली तथा निरीक्षण किया। इसके उपरांत राजू रामचंद्रन ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में सर्वप्रथम सभी को आजादी के 75वें वर्षगांठ पर आजादी के अमृत महोत्सव की बधाई दी तथा इसके महत्व को बताते हुए सभी को राष्ट्रप्रेम तथा सदभावना की बात कही ।उन्होंने देश की क्रमिक विकास प्रक्रिया को विस्तार से बताते हुए कहा कि संयंत्र देश के विकास की धुरी है जब संयंत्र भलीभांति चलते है तब विकास का पहिया घूमता है। उन्होंने चार बिन्दुओं पर विशेष बल देते हुए कहा कि संयंत्र के कर्मचारियों को सिर्फ लक्ष्य अनुरुप उत्पादन ही हमारा ध्येयनही है अपितु पूरी सुरक्षा एवं सावधानी के साथ कार्य करते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करना महत्वपूर्ण है इसके अलावा कार्य की गुणवत्ता में निरंतरता एवं प्रतिबद्धता भी आवश्यक है। कार्य परिसर एवं समस्त वातारण की स्वच्छता को बनाए रखने पर जोर दिए। संयंत्र के कार्य के साथ ही साथ परिवार के प्रति जिम्मेदारियों को निर्वहन करते हुए आगे बढने हेतु प्रेरित किये। इसके अलावा उन्होने छत्तीसगढ निर्माण के इतिहास तथा स्वाधिनता संग्राम में छत्तीसगढ की भूमिका पर विस्तार के प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सुधीक्षा लेडिज क्लब की ओर से जंयती रामचंद्रन के प्रेरणा एवं कीर्ति मिश्रा एवं रचना द्विवेदी के मार्गदर्शन में सक्षम मिश्रा, आरव द्विवेदी, रितिका सिंह, इसिका तिवारी और रोशनी वर्मा द्वारा देशभक्ति गीत पर सामुहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। इसके उपरांत चन्द्रशेखर उपाध्याय के नेतृत्व में सी.एस.आर. विभाग द्वारा संचालित ब्यूटिशियन एवं सिलाई प्रशिक्षण की बालिकाओं ने बलौदाबाजार एंथम पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

# सद्‌भावन फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिला प्रशासन द्वारा सद्भावना फुटबॉल मैच का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। जिसमें प्रशासन इलेवन की टीम ने पत्रकार इलेवन की टीम को 4 -1 से पराजित कर दिया। प्रशासन इलेवन टीम की अगवाई कलेक्टर रजत बंसल जबकि पत्रकार इलेवन की टीम अगवाई वरिष्ठ पत्रकार नीरज वाजपेयी कर रहें थे। मैच में पत्रकार इलेवन ने टॉस जीतकर मैदान लिया। पर कलेक्टर रजत बंसल की कुशल रणनीति ने पत्रकारों के रक्षा कवच को तोड़ दी। उनके खिलाड़ी एडिशनल एसपी पिताम्बर पटेल ने शॉट ने पत्रकारों को खूब छकाया। इस दौरान डीएसपी सिदार्थ बघेल ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर सब का दिल जीता। बरसते पानी के बीच बेहद खुशनुमा मौहाल में हसीं मजाक के साथ मैच का आयोजन किया गया। दर्शकों ने खूब मैच का आनंद लिया। बरसते पानी के बीच सभी खिलाड़ी कीचड़ से लथपथ थे। कलेक्टर रजत बंसल ने सभी



खिलाड़ि यों को बधाई देतें हुए आपसी भाई चारे का संदेश दिया। इस दौरान दोनों टीम को स्मृति चिन्ह देकर पुरुस्कृत भी किया गया। उक्त मैच में प्रशासन इलेवन की तरफ से अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता, डीएसपी सिदार्थ बघेल, एसडीएम बजरंग दुबे तहसीलदार बलराम तंबोली, प्रति बंछोर सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी गण उसी तरह पत्रकार इलेवन से कैलाश जायसवाल, अरविंद मिश्रा, आनंद वाकड़े, ओम जायसवाल, योगेश यादव, मुकेश, दिलीप महेश्वरी, प्रदीप महेश्वरी, चतुरमूर्ति वर्मा, चरण भारती, मुकेश कुर्रे सहित अन्य गणमान्य पत्रकार साथी शामिल थे।

# संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने फहराया तिरंगा

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com







आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस समारोह जिले में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास भरे वातावरण में मनाया गया। स्थानीय पंडित चक्रपाणि हाईस्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़ चंद्रदेव राय ने तिरंगा फहराया। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियां एवं भावी कार्य-योजनाओं की जानकारी दी। राय ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों का कुशलक्षेम पूछते हुये शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राय ने शासकीय योजनाओं में बेहतरीन कार्यों के लिए तीन दर्जन शासकीय कर्मियों का भी जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण,कलेक्टर रजत बंसल एसपी दीपक झा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पंडित चक्रपाणि हाईस्कूल मैदान में जिला स्तरीय समारोह सवेरे 9 बजे मुख्य अतिथिराय द्वारा झण्डा फहराने के साथ शुरू हुआ। इस साल कोविड संक्रमण को देखते हुए समारोह को सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया। झांकी प्रदर्शन और स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम को टाल दिए जाने के कारण मुख्य समारोह लगभग एक घण्टे में सम्पन्न हो गया। जिला पुलिस बल की दो टुकड़िया, जिला महिला पुलिस बल एवं नगर सेना, एनसीसी की दो टुकड़ियों ने झण्डे एवं अतिथि को शानदार सलामी दी। परेड का नेतृत्व आर.आई विक्रम बघेल ने किया। समारोह में हर्ष और उल्लास के प्रतीक के रूप में रंगीन गुब्बारे आसमान में उड़ाये गये। राय ने जिलें के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन लक्ष्मी ठाकुर, सावित्री सोनी, वीर शहीद उपनिरीक्षक विवेक शुक्ला, युगल किशोर वर्मा, ट्रेड आर नंदकुमार साहू, आर हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे, हीरा लाल गायकवाड़, संतराम साहू, धनंजय वर्मा, संतोष ध्रुव,मिथिलेश कुमार, टेकराम वर्मा एवं कोविड से डोगेन्द्र वर्मा के परिजनों का श्रीफल एवं साल से सम्मान कर उनका हाल चाल जाना। इसके साथ ही राय ने मुख्य मंच से करीब 33 अधिकारी- कर्मचारियों का उनके बेहतर सेवा के लिए जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। इनमें जनसम्पर्क विभाग से सहायक सूचना अधिकारी नितेश कुमार,जिला कोषालय अधिकारी के के दुबे,शिक्षा विभाग की महेश वर्मा, रितु शुक्ला, दुर्गेश कुमार वर्मा,नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार सतेन्द्र कुमार सिन्हा सहायक राजस्व निरिक्षक, राजस्व विभाग से तहसीलदार भाटापारा ज्योति मसियारे, तहसीलदार सिमगा बलराम तंबोली, खुशबू शर्मा सहायक ग्रेड 2, विनय महार भृत्य जिला कार्यालय बलौदाबाजार, जिला पंचायत से संयुक्त कलेक्टर बजरंग दुबे संयुक्त कलेक्टर,विद्या सागर ध्रुव सहायक ग्रेड 3, विकास सिंह पैकरा भृत्य, सचिव भिगेश्वर सेन पुरेना खपरी, उद्यान विभाग वरिष्ठ उद्यान अधिकारी दिव्या सहारे, खनिज विभाग से अरुण कुमार रावत, महिला एवं बाल विकास विभाग से गिरजा वर्मा, अर्चना वैष्णव, स्वास्थ्य विभाग से ग्रामीण चिकित्सा सहायक रिसदा अविनाश केसरवानी जिला चिकित्सा विभाग, जिला अस्पताल टीम, सिविल सर्जन एवम दो सहयोगी हरपाल बंजारे ओटी अटेंटेड शामिल है।

## संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

**बलौदाबाजार।** स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर रजत बंसल ने झंडा फहराया साथ ही परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं सँविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दिए। इस दौरान जिला कार्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों से कुशलक्षेम पूछते हुए सभी से रूबरू भी हुए। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता, सँयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंण्डे, बजरंग दुबे, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, अनुपम तिवारी, रामरतन दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने मनाया आज़ादी का अमृत महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि सदानंद मुकुंद पाधे (भूतपूर्व प्रधानाचार्य डीआरएस गवर्नमेंट कॉलेज) द्वारा ध्वजारोहण किया गया और साथ ही साथ राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन करने के पश्चात वंदे मातरम तथा भारत माता की जय का नारा बुलंद करते हुए भारत माता के उन वीर सपूतों को याद किया गया जिन्होंने देश को स्वतंत्रत कराने के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा तथा सह-प्रबंधक संदीप गोयल ने मंच के माध्यम से विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, नगर वासियों सहित पूरे देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाइयाँ दी। प्रधानाचार्या ऋतु रजनीश ने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए देश पर मर मिटने वाले अमर शहीदों को याद किया तथा उनके त्याग और बलिदानों को कभी न भूलने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए स्वयं को जागरूक करके औरों को भी जागरूक करने का आग्रह किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य रंगारंग



कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रभक्ति से सराबोर नाटक, एकल गान, सामूहिक गान, एकल व सामूहिक नृत्य, भाषण आदि की शानदार प्रस्तुति देकर विद्यार्थियों ने सभी लोगों के हृदय में देशभक्ति का रंग भर दिया। शिक्षक समुदाय ने भी सामूहिक रूप से देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर सबको भाव-विभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने अपने भाषण में स्वतंत्रता के 75 वर्षों की उपलब्धियों को लोगों के सामने प्रस्तुत किया। ज्ञात हो कि हर-घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा नारे के साथ आज़ादी का अमृत महोत्सव देश के कोने-कोने में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## एबीवीपी ने अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में बाइक रैली निकाली

**सिमगा।** एबीवीपी सिमगा इकाई के कार्यकर्ताओं ने आजादी के 75 वां वर्ष अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में बाइक रैली निकाली, जिसमें प्रमुख रूप से जिला सोशल मीडिया प्रमुख स्मृति चौबे, नगर मंत्री शेखर साहू, नगर उपाध्यक्ष शेखर देवांगन, ऐश्वर्या तंबोली, नगर सह मंत्री साक्षी जायसवाल बंटी साहू, एस एफ डी प्रमुख अभिलाषा शर्मा, सांस्कृतिक प्रमुख नुपुर सिंह, नगर कार्यकारिणी सदस्य खुशी शुक्ला एवं सदस्य पोषन, अंकित, वैभव, संस्कार, मनीष एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आजादी की वर्षगांठ सिख समाज ने हर्षोल्लास मनाया

**पिथौरा।** आजादी के अमृत महोत्सव व आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर पिथौरा सिख समाज ने भी हर्षोल्लास से मनाया, 15 अगस्त की सुबह समाजजनों ने मिलकर सामाजिक धर्मशाला गुरु तेगबहादुर धर्मशाला में सम्मान पूर्वक ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रगान गाकर ध्वज को सलामी दी, इस अवसर पर सिख समाज के अध्यक्ष जगजीत सिंह माटा, पप्पू सलूजा, त्रिलोक अजमानी, गुरदीप सिंह चावला, जसबीर अजमानी, मुख्तयार सिंह पनाग, अन्नू भाई, दीपक सलूजा, हरमीत सलूजा सौरभ अजमानी, आशी सलूजा समेत समाजजन उपस्थित हुए।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाग्य विधाता भवन, नरसिंह विहार कॉलोनी भाटापारा के तत्वाधान में आजादी का अमृत महोत्सव, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद भाटापारा के सफाई कर्मी जिन्होंने कोरोना महामारी के दौरान भी एवं आज तक निरंतर स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत मिशन को आगे बढ़ाते हुए सफाई के कार्य को भली-भांति निर्वहन करते हुए, हमारे नगरवासियों को स्वस्थ रहने में सहयोग प्रदान किए हैं ऐसे समस्त नगर पालिका के सफाई कर्मी योद्धाओं को एवं इस मिशन को सफल बनाने वाले कर्मठ योद्धा स्वास्थ्य विभाग के सभी स्वास्थ्य कर्मियों को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा तिरंगा बैज, ईश्वरीय सौगात, स्मृति तिलक एवं रक्षा सूत्र बांधकर सम्मान किया गया एवं इन सभी सफाई कर्मी योद्धाओं की रक्षा करने हेतु ईश्वर से कामना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्वेता मिश्रा सभापति, शिक्षा महिला एवं बाल विकास नगर पालिका भाटापारा, रोहित साहू सभापति स्वच्छता कर्मी, वीरेंद्र वर्मा स्वच्छता निरीक्षक, आलोक मिश्रा, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, दीपा साहू पार्षद, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मियों को विशेष रुप से कैसे हम शहर की स्वच्छता के साथ-साथ अपने मन की भी स्वच्छता का ध्यान रखें मन को परमात्मा से जोड़कर किस तरह हम निरंतर शक्तियों का अनुभव कर अपने मन की सुरक्षा करें इस पर गहन विचार व्यक्त किए साथ ही उन्हें राजयोग का अभ्यास भी कराया।

# भारतीय जनता पार्टी सिमगा मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

पायनियर संवाददाता ◀ सिमगा
www.dailypioneer.com



भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का स्वागत तिगड्डा चौक में जोरदार आतिशबाजी कर किया गया स्वागत के पश्चात रैली के रूप में समस्त कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी जिंदाबाद प्रदेश अध्यक्ष जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाते हुए अनिल पांडे के निवास पहुंचे वहां पर कार्य म को संबोधित करते हुए क्षेत्र के विधायक शिवरतन शर्मा ने अरुण साव को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई दी उनके नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को जिताने का संकल्प लिया शर्मा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ता बंधुओं से कहा कि अब समय आ गया है हम सबको मिलजुल कर इस कांग्रेस की सरकार को उखाड़ कर फेंकना है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना है कार्य म को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू जी ने कहा मैं आपके जैसा एक छोटा सा कार्य करता हूं प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर विश्वास व्यक्त करके दिया है और मैं पार्टी के इस विश्वास में खरा उतरने का प्रयास करूंगा साहू ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा मेरे पिताजी भारतीय जनता पार्टी के मंडल के अध्यक्ष थे 11 वर्ष की उम्र से मैं भारतीय जनता पार्टी का कार्य कर रहा हूं साहू ने कहा की टेलीफोन खंबे में झंडा बांधना स्टैंसिल से कमल फूल बनाना जैसे कार्य मेरे द्वारा हमेशा किए गए हैं आप सब कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन से और उत्साह देखकर यह लगता है कि आने वाले चुनाव में हम कांग्रेसी इस दोगली सरकार को उखाड़ कर फेंक देंगे साहू ने कहा 36 घोषणा भूपेश बघेल जी ने किया है यहां पर उपस्थित सभी कार्यकर्ता बंधुओं से मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आप बताएं क्या एक भी घोषणा उनके द्वारा पूरा किया गया है क्या बेरोजगारों को भत्ता मिल रहा है पूर्ण रूप से शराब बंदी हुई है मितानिन का कर्ज माफ हुआ है और बहुत सारी घोषणाएं जो है वह क्या कांग्रेस के इस मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने पूरा किया है साहू ने कहा सिर्फ और सिर्फ झूठ बोलने का अगर कोई कार्य इस प्रदेश में किया है तो भूपेश बघेल जी ने किया है उन्होंने छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता को चलने का प्रयास किया ठगने का प्रयास किया है और हम सबको मिलकर जन जन तक भूपेश सरकार की विफलताओं को पहुंचाना है साहू ने कहा घर घर तिरंगा का आह्वान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है और आज आप सबके साथ तिरंगा यात्रा में भी हिस्सा लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ रायपुर और बिलासपुर के बीच में सिमगा पड़ता है मैं आप सभी कार्यकर्ताओं को स्वस्थ करता हूं आते जाते हमेशा आपके बीच में मैसेज उपस्थित रहूंगा। साहू ने कहा हम सबको मिलकर 2023 की लड़ाई को लड़ना है और इस झूठी और दोगली सरकार को उखाड़ कर फेंकना है साहू ने सभी कार्यकर्ताओं को जोशीला स्वागत करने के लिए दिल से धन्यवाद दिया और कहा आप सब ने और पार्टी ने जो मेरे प्रति विश्वास व्यक्त किया है आप सब के सहयोग से हम सब मिलकर भारतीय जनता पार्टी का कमल 2023 में छत्तीसगढ़ प्रदेश में खिलाएंगे कार्य म का संचालन करते हुए अनिल पांडे किसान नेता ने कहा आप के प्रदेश अध्यक्ष बनने से निश्चित तौर पर युवाओं में एक उत्साह है और स्वागत में भी युवा साथी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हैं इनकी उपस्थिति इस बात को दर्शाती है कि आने वाले चुनाव में हम सब मिलकर कमल खिलाएंगे प्रमुख रूप से आनंद यादव केजू राम बघेल छोटू यादव धीरज जैन अभिजीत अवस्थी सचिन जैन हेम सिंह चौहान परस पाटकर सोनू पाटकर सूरज सोनकर शिवधारी देवांगन रूपेंद्र यदु रोहित साहू नारायण निषाद यशवंत साहू बिसाऊ राम साहू प्रतीक दिवाकर ज्ञान चंद साहू राजेश साहू होम चंद वर्मा अरुण गौतम पिंटू चतुर्वेदी परीक्षित चतुर्वेदी पीयूष जैन राजेश जैन रुकमणी साहू रजनी दुबे सरोज देवांगन प्रशांत देवांगन निशा देवांगन एवं भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एक साथ 3 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स से सम्मानित हुआ जिला प्रशासन

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को बड़ी उपलब्धि मिली है। जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में किए गए कार्य म के आधार पर चैलेंज को स्वीकार करते हुए 3 विभिन्न कैटेगरी में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स आवार्ड से सम्मानित हुआ है। जिसमे 11 जून 2022 को आयोजित सर्वाधिक व्यक्ति यों द्वारा कार्यालय परिसर की साफ-सफाई हेतु पुरूस्कार प्रदान किया गया है।

जिसमे कुल 52 हजार 693 लोग एक साथ एक समय में शामिल हुए थे। इसी तरह हेलमेट जागरूकता के लिए 1 जुलाई 2022 को नियमित हेलमेट पहनने वालो का सबसे बड़ा सम्मान समारोह जिले के विभिन्न स्थानों में किया गया। जिसमें 5 हजार 204 लोगो का सम्मान करने हेतु गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का पुरुस्कार प्राप्त हुआ है। साथ ही हेलमेट जागरूकता के लिए सबसे बड़ी रैली का आयोजन जिसमे एक स्थान पर 272 तथा जिले में विभिन्न स्थानों में कुल 7 हजार 263 लोग शामिल हुए जिसकों भी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स बनाने का पुरुस्कार प्रदान किया गया है।।आज सँयुक्त जिला कार्यालय के संक्षिप्त कार्यक्रम में कलेक्टर रजत बंसल ने प्रमाण पत्र प्राप्त कर जिले के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को इसकी बधाई दी। उन्होंने कहा आप जैसे उत्कृष्ट टीम के साथ कार्य करना मेरे लिए गर्व की बात है। पूर्व कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा एवं वर्तमान कलेक्टर राजनांदगांव डोमन सिंह के नेतृत्व में उक्त कार्यक्रम आयोजित की गयी थी। उन्होंने ने भी सभी अधिकारियों कर्मचारियों को इसके लिए बधाई प्रेषित की है। उक्त आवार्ड की कॉपी जिलें के सभी कार्यालयों में मुहैया करायी जाएगी।

# झमाझम बारिश में भी जिले में पूरे उल्लास और गरिमामय मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**'मुख्य अतिथि संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े ने किया ध्वजारोहण, शहीदों के परिजनों से मुलाकात कर किया सम्मानित'**

पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com

आजादी की 75वीं वर्षगांठ का अवसर और झमाझम होती बारिश के बीच भी स्वतंत्रता दिवस समारोह जिले में पूरे जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ शासन में उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद राजवाड़े ने तिरंगे के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे एवं शान्ति के प्रतीक श्वेत कपोत आकाश में छोड़े। इस दौरान संचालक, सीजीएमएससी एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल भी शामिल रहे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जनता के नाम सन्देश का वाचन मुख्य अतिथि राजवाड़े ने किया। संदेश वाचन करते हुए देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पावन और गौरवशाली अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा देश की आजादी में अपना योगदान देने वाले महान विभूतियों की शहादत को याद किया।



उन्होंने कहा कि न्याय योजनाओं की पहल की गई थी उसे निरन्तर आगे बढ़ाने के लिए भी शासन संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री बघेल ने संदेश में कहा है कि आपसी विश्वास, समन्वय, सद्भाव, एकता और समझदारी की बदौलत हम भावी चुनौतियों का मुकाबला भी पूरी क्षमता से करेंगे। आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ से फिर एक नया सफर शुरू होगा, जो न्याय की हमारी विरासत के साथ आगे बढ़ेगा और गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का लक्ष्य पूरा करेगा।

**'मुख्य अतिथि ने शहीदों के परिजनों एवं जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 67 अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित-'**

कार्यक्रम में राजवाड़े ने शहीदों के परिजनों को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 67 अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा, जिला



पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुणाल दुदावत, अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों सहित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासी मौजूद थे।

**''स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ'**
**'कलेक्टर शर्मा ने जिला कलेक्टोरेट परिसर में किया ध्वजारोहण'**

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज जिला कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर कुलदीप शर्मा द्वारा प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शर्मा ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने जिले में किए आज रहे कार्यों की सराहना करते हुए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने कार्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश दिया तथा कहा कि आप सभी की मेहनत से शासन की फ्लैगशिप योजनाओं में अच्छा प्रदर्शन रहा है,कुपोषण दर में कमी आयी, शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर परिणाम देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों से प्राप्त देशभक्ति की भावना संजोए रखना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत, अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार सहित , अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

**झुमका बांध में भी पानी के बीचो-बीच लहराया तिरंगा**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर पूरे प्रदेश में हमर तिरंगा अभियान के तहत स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जोश, उत्साह तथा देशभक्ति की भावना के साथ बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच झुमका बोट क्लब में पहली बार पानी के बीचों-बीच तिरंगा लहराया। यह पहला अवसर रहा, जब इस तरह पानी पर बोटिंग के माध्यम से तिरंगा लहराया। अथाह जलराशि के बीच इस अद्भुत दृश्य को देखने सैकड़ों लोग झुमका बोट क्लब में मौजूद रहे। जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में झुमका बोट क्लब में आयोजित इस अनोखी तिरंगा यात्रा का नेतृत्व जेटस्की पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुणाल दुदावत भी जेटस्की के माध्यम से शामिल रहे। स्कूली बच्चों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी गुब्बारों से सजे बोट के माध्यम से पानी में तिरंगे लहराए और देशभक्ति के नारे लगाए।

# टेस्टिंग में फेल नल जल कार्य की जारी राशि पर सवाल रूद्रगुरु से शिकायत की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



पीएचई विभाग द्वारा जिले भर में 6000 से अधिक हितग्राहियों के घरों में नल जल कनेक्शन देने के बीच कई हितग्राहियों के नलजल टेस्टिंग में विफल हो गया है जहा पानी की एक बूंद हितग्राहियों को नसीब नही हो रहा और ऐसे में जिम्मेदार अधिकारी ठेकेदार को धड़ाधड़ राशि जारी कर रहें है जिसकी शिकायत पीएचई मंत्री रूद्र गुरु से करने की तैयारी शुरू हो चुकी है क्योंकि केंद्र सरकार से राशि की आवंटन अभाव होने के बावजूद भी राज्य सरकार पाई पाई जोड़ कर नल जल योजना में करोड़ों रुपए गरियाबंद जिला को आंबटित कर रही है लेकिन जारी राशि में से कई प्रतिशत राशि अधिकारी एवं ठेकेदारों की जेब में डालने लगे हैं शायद यही वजह है कि गुणवत्ताहीन नल जल कार्य की मूल्यांकन सत्यापन के साथ जिला कार्यालय से राशि जारी कर दिया जा रहा है जबकि मूचबहाल कांडेकेला डूमरबाहाल केंटपदर सहित कई गांव नलजल कार्य टेस्टिंग के दौरान ही दम तोड़ रही है फिर भी ऐसे सेटिंग बाज ठेकेदारों को प्राथमिकता के साथ कार्यपालन अभियंता की ओर से बेधड़क राशि जारी करना समझ से परे है जबकि उक्त गुणवत्ताहीन नल जल कार्य को सुधार करने की उम्मीद करना भी फिजूल माना जाता है क्योंकि अधिकारियों के संरक्षण से ठेकेदार द्वारा निर्धारित गड्ढा से कम खोदा गया इसके अलावा कई गांव में हल्की क्वालिटी का पाइप बिछाने की शिकायत भी हुई साथ ही चबूतरा का निर्माण नाम मात्र देखने को मिला मतलब अधिकारियों के संरक्षण से यह महत्वपूर्ण नल के माध्यम से हितग्राहियों के घरों तक जल पहुंचाने की योजना प्रारंभ होने से पहले ही दम तोड़ रही है जिसके लिए ज्यादातर हितग्राही राज्य सरकार को कोसते फिरते हैं जिससे ना अधिकारी सरोकार रखते हैं और ना ठेकेदार मतलब अधिकारी एवं ठेकेदार इस महत्वपूर्ण योजना को पलिंदा लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

**कलेक्टर की निगरानी में जांच की मांग**

नल जल योजना के तहत गुणवत्ताहीन कार्यों की शिकायत जब भी अधिकारियों के बीच पहुंचती है तो विभागीय अफसर अपने इंजीनियर एसडीओ के माध्यम से जांच कराने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं जबकि उक्त इंजीनियर एसडीओ के आंखों के सामने ही गुणवत्ता इन कार्यों को अंजाम दिया जाता है ऐसे में कलेक्टर प्रभात मलिक के निगरानी में जिले भर के गुणवत्ताहीन नलजल कनेक्शन कार्यों की जांच के लिए मांग किया जा रहा है टॉकीज ताकि बचत नल जल कनेक्शन गुणवत्ता पूर्वक हितग्राहियों के घर तक पहुंचाया जा सके।

**धरातल स्थिति अनुसार जारी हो राशि**

हितग्राहियों के अनुसार जिस तरह ठेकेदार को बिना जमीनी हकीकत जाने राशि जारी किया जा रहा है उससे लापरवाह ठेकेदार और अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा इसलिए धरातल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ठेकेदार को राशि जारी करने का मांग किया जा रहा है क्योंकि अधिकारियों से मिलकर ठेकेदार बिना पूर्ण नल जल कनेक्शन की राशि निकालने की पूरी पूरी संभावना बनी होती है इसलिए कागजी दस्तावेज के अलावा धरातल की रिपोर्ट के अनुसार राशि जारी करने की मांग किया जा रहा है।

# राजनीतिक दल धूं सेना (धूमसेना) का पंजीयन

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधिवत राजनीतिक दल धूं सेना (धूमसेना) का पंजीयन हुआ जो देश की सबसे संक्षिप्त नाम वाली राजनीतिक पार्टी होगी।

जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सैनी पुजारी होंगे, अन्य पदाधिकारियों में कोषाध्यक्ष दीपक प्रसाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक वर्मा, महासचिव सीतल सैनी, तृप्ति अरोरा, सचिव अनुपम पाल मनोनीत किए गए । पुजारी ने बताया कि सेना विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति तथा समाजवाद, पंथ निरपेक्षता और लोकतंत्र के सिध्दांतों के प्रति सच्ची श्रध्दा और निष्ठा रखेगा तथा भारत की प्रभुता, एकता व अखंडता को अक्षुण्ण रखेगा। स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारियों एवं आत्म बलिदानियों से प्रेरित होकर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्र सेवा के संकल्प सहित धूं सेना की स्थापना किया गया है। धूं सेना भारतीय सभ्यता, संस्कृति एवं मूल धर्म के अस्तित्व की रक्षा करेगा। राष्ट्र सुरक्षा, भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु जनतांत्रिक सिध्दांतों पर संघर्ष करेगा जो कि धर्मवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद, वर्गवाद, भाषावाद के वोट बैंक के गंदे राजनीति से मुक्त होगा और सभी वर्गों को महत्व प्रदान करेगा। इंसानियत, मानवता आधारित राष्ट्रवाद के सिध्दांतों पर कार्य करेगा, राजनीति में दरिद्रता के शुध्दिकरण का अद्वितीय प्रयास होगा। धूं सेना के गठन का उद्देश्य एक राष्ट्र, एक नाम, एक विधान, एक भाषा, एक धर्म, एक चुनाव समान अधिकार है।

# झिलमिला हाईस्कूल में स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाया

**सरायपाली।** शासकीय हाई स्कूल झिलमिला में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ का अमृत महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष आरीफ अली पिंकी एवं प्राचार्य गीता तिवारी तथा सेवानिवृत्त व्याख्याता शाशि भूषण पाढी के द्वारा झंडोत्तोलन का कार्य संपन्न किया गया तत्पश्चात तिरंगे झंडे को सलामी देकर सामूहिक रूप से राष्ट्रगान राष्ट्रीय गीत राजकीय गीत का गायन किया गया अध्यक्ष आरिफ अली के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव पर प्रकाश डाला गया एवं सेवानिवृत शिक्षक मधुसूदन महापात्र के द्वारा वीर शहीदों के सम्मान में देश भक्ति गीत का प्रस्तुत किया गया प्राचार्य गीता तिवारी द्वारा कार्यक्रम समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन इसके पश्चात छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों को मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राएं पालक गण आस पड़ोस के बच्चे विद्यालय के व्याख्याता संजय कुमार नाग एवं शाला विकास समिति मौजूद रहे।

# विस अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने हलषष्ठी, कमरछठ पर्व पर मातृशक्ति को दी बधाइयां



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश की समस्त माताओं को हलषष्ठी, कमरछठ पर दी बधाई शुभकामनाएं। विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्वों में से एक पर्व कमरछठ भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि के लिए हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना करती है। अन्य प्रदेशों में हलषष्ठी पर्व को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलदाऊ के जन्मोत्सव के रूप में मनाने की परंपरा है। डॉ महंत ने कहा कि, षष्ठी, छठ माता की पूजा-अर्चना में पसहर चावल और छह प्रकार की भाजियों का भोग लगाया जाता है। बिना हल जोते उगता है पसहर चावल, पसहर चावल को खेतों में उगाया नहीं जाता। यह चावल बिना हल जोते अपने आप खेतों की मेड़, तालाब, पोखर या अन्य जगहों पर उगता है। भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलदाऊ के जन्मोत्सव वाले दिन हलषष्ठी मनाए जाने के कारण बलदाऊ के शस्त्र हल को महत्व देने के लिए बिना हल चलाए उगने वाले पसहर चावल का पूजा में इस्तेमाल किया जाता है। पूजा के दौरान महिलाएं पसहर चावल को पकाकर भोग लगाती हैं, साथ ही इसी चावल का सेवन कर व्रत तोड़ती हैं। फूल, नारियल, फुलोरी, महुआ, दोना, टोकनी, लाई, छह प्रकार की भाजी का भी पूजा में महत्व है। मान्यता अनुसार माता देवकी ने किया था व्रतः माता देवकी के छह पुत्रों को जब कंस ने मार दिया तब पुत्र की रक्षा की कामना के लिए माता देवकी ने भादो कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को षष्ठी देवी की आराधना करते हुए व्रत रखा था।

# 'ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया'




**रायपुर।** स्वाधीनता दिवस आजादी के जश्न का पर्व है, यह पर्व है अपने अमर शहीदों को नमन करने का, उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को याद करने का। यह पर्व हमें आजादी के मूल्यों की रक्षा करने तथा मातृभूमि के चरणों में सर्वस्व अर्पण की सीख देता है। यह वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव का वर्ष है। इस वर्ष की भव्यता और महत्ता के अनुरूप ही शाला प्रांगण में पूर्ण हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।शाला की प्राचार्या श्रीमती प्रतिमा राजगोर जी ने अपने कर-कमलों से पूजा अर्चना के पश्चात् ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात् पूर्ण अनुशासन तथा बैण्ड की धुन में लय, ताल के साथ एनसीसी कैडेटों ने मार्चपास्ट द्वारा ध्वज को सलामी दिया ।एनसीसी की एयर विंग और आर्मी दोनों समूहों के कैडेटों द्वारा की गई परेड दर्शनीय थी। ध्वजारोहण के बाद विद्यालय की प्राचार्या जी ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को मातृभूमि के लिये कर्तव्यनिष्ठ होने को ही सबसे श्रेष्ठ राष्ट्र प्रेम बताया। वर्तमान की चुनौतियों से मुकाबला करने के लिये युवाशक्ति को अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिये सतत प्रयास करते रहने का आह्वान किया। अंत में आभार व्यक्त करने के साथ ही छात्र-छात्राओं को मिष्टान्न भी वितरित किया गया।

# फ्लाइट लेफ्टीनेंट रविंद्र राव को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



मनेंद्रगढ़ की माटी में जन्मे , पले पढ़े फ्लाइट लेफ्टिनेंट डी रविंद्र राव (35147) पायलट जो एक फाइटर स्क्वाड्रन में तैनात हैं को 15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस पर देश की राष्ट्रपति द्वारा वायु सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया। फ्लाइट लेफ्टिनेंट डी रविंद्र राव का जन्म मनेंद्रगढ़ के रेलवे कॉलोनी में निजी निवास में रहने वाले डी गोपाल राव एवं बी ज्योति राव के यहां 11 अगस्त 1993 को सेंट्रल हॉस्पिटल मनेंद्रगढ़ में हुआ था। उनकी शिक्षा प्री प्राथमिक खालसा स्कूल मनेंद्रगढ़ एवं मिडिल तथा मैट्रिक शिक्षा सेंट्रल स्कूल झगड़ा खान एवं मनेंद्रगढ़ में हुई। हायर सेकेंडरी उन्होंने हैदराबाद से किया जहां उनका चयन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के लिए हो गया और 2012 में खड़कवासला पुणे में प्रवेश लिए 2015 में उन्हें राष्ट्रपति कमीशन से फ्लाइंग ऑफिसर नियुक्त किया गया। वर्तमान में श्री रविंद्र राव स्क्वाड्रन लीडर फाइटर पायलट के रूप में अंबाला में पदस्थ हैं जो सेना के जगुआर फाइटर प्लेन के माध्यम से देश की रक्षा में संलग्न है। वायु सेना पदक दिए जाने की प्रेस विज्ञप्ति में रक्षा मंत्रालय ने उल्लेख किया है कि 6 नवंबर 2021 को फ्लाइट लेफ्टिनेंट रविंद्र राव एक डिटैचमेंट के हिस्से के रूप में एक जगुआर विमान को दूसरे बेस पर ले जा रहे थे। बेस पर उतरते ही उन्होंने एक धमाके की आवाज सुनाई दी जो देश पर उतर रहे दूसरे जगुआर विमान जो दुर्घटनाग्रस्त हो रहा था और फिसल कर रनवे से बाहर हो गया था । लेफ्टिनेंट दी रविंद्र राव ने देखा कि विमान उल्टा हो गया है काट पीट की छत का एक हिस्सा टूट गया है। दोनों इंजन चल रहे हैं पायलट घायल है और इंजेक्शन सीट से बंधा हुआ है।लेफ्टिनेंट डी रविंद्र राव ने अपनी जान जोखिम में डालकर रेंग कर घायल पायलट तक पहुंचे और पायलट को बाहर निकाल कर स्ट्रेचर पर बांधने में बचाव दल की मदद की। फ्लाइट लेफ्टिनेंट डी रविंद्र राव ने अपने जीवन के लिए प्रत्यक्ष खतरे का सामना करने के लिए असाधारण साहस एवं वीरता दिखाई वह अपनी सामान्य ड्यूटी की जिम्मेदारियों से बहुत आगे निकल गए ।आधे बेहोश हो चुके पायलट के बचाव में व्यक्तिगत रूप से खुद को शामिल किया और बचाव अभियान को प्रभावी ढंग से पूरा करने में बचाव दल की सहायता एवं मार्गदर्शन किया। असाधारण साहस के इस कार्य के लिए फ्लाइट लेफ्टिनेंट डी रविंद्र राव को वायु सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया जो मनेंद्रगढ़ नगर ही नहीं समूचे छत्तीसगढ़ के लिए गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादाई है।

# बहेसर में किया गया ध्वजारोहण



**तिल्दा-नेवरा।** सहित आस पास के क्षेत्रों में किया गया ध्वजारोहण हर घर तिरंगा के तहत ग्राम बहेसर में घर-घर में लहरा रहा तिरंगा एवं स्कूल प्रांगण और पंचायत सहित आंगनबाड़ी में भी किया गया ध्वजारोहण और एक एक बच्चे के हाथों में तिरंगा देखने के लिए मिला पहले स्कूल प्रांगण में भारत माता और महात्मा गांधी पंडित जवाहरलाल नेहरू डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के तो कुशवाहा एवं तिलक साथ पूजा करके कार्यक्रम आगे बढ़ाया जिससे बच्चों ने भारत माता की महात्मा गांधी की पंडित जवाहरलाल नेहरु की डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयकारा लगाकर सम्मान किया एवं तिरंगे झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाकर देश का सम्मान किया। इस अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल बहेसर प्राचार्य आर,सी वर्मा, एवं शिक्षक ऊदल यादव, महेंद्र वर्मा, केसरी लाल साहू, एवं ग्राम पंचायत बहेसर के सरपंच किरण सोहन वर्मा और शाला विकास समिति के सदस्य ज्ञान सिंह यादव, फाल्गो वर्मा, संजय वर्मा, और गांव के युवा एवं आदि उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियों वायरल करने वाले आरोपियों पर की जा रही लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर.चांपा
www.dailypioneer.com



फेसबुक के माध्यम से बच्चो के अश्लील वीडियों वायरल करने वाले 01 आरोपी थाना जैजैपुर पुलिस के चढ़ा हत्थे, आरोपी को दिनांक 16 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपी के विरूद्ध थाना जैजैपुर में धारा 67बी सूचना प्रौधोगिकी अधिनियम पंजीबध्द भारत सरकार गृह मंत्रालय एनसीआरबी शाखा नई दिल्ली द्वारा प्रेषित साईबर टाईप लाईन नंबर जिसमें विभिन्न सोशल मीडिया पर महिला एंव बच्चों से संबधित किये जा रहे अपराध के संबंध में निगरानी रखी जाती है। तुलेश्वर चंद्रा निवासी सलनी द्वारा द्वारा फेसबुक के माध्यम से नाबालिक बच्चो से संबंधित अश्लील वीडियों अपलोड करना पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध थाना जैजैपुर में धारा 67बी सूचना प्रौधोगिकी अधिनियम पंजीबध्द किया गया। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपी को उसके घर में रहने की सूचना प्राप्त होने पर जैजैपुर पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश देकर आरोपी तुलेश्वर चंद्रा उम्र 35 वर्ष निवासी सलनी को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने एवं अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी के कब्जे से मोबाईल एवं सीम बरामद किया गया। आरोपी तुलेश्वर चंद्रा उम्र 35 वर्ष निवासी सलनी को दिनांक 16 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक डेरहाराम टंडन, प्र.आर. योगेश्वर बंजारे, आर. सुरेश कुर्रे एवं राजेश यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रालास मोटर्स में महिंद्रा मैक्स पिक-अप (न्यू जनरेशन) की लौन्चिंग



**रायपुर।** 12 अगस्त को रालस मोटर्स टाटीबंध में महिंद्रा एंड महिंद्रा की न्यू जनरेशन बोलेरो पिचक क्कअप मैक्स को लांच किया गया7 इस कर्यक्रम में मुख्या अतिथि के रूप में रुस्तम सारंग (अंतरराष्ट्रीय वेट लिफ्टर), विशेष अथिथि गगानानद बाबुराव पत्भाजे (गगानंद ट्रांसपोर्ट के मालिक) एवं श्याम भाटिया ( एस के कार्गो के मालिक) साथ ही रालास मोटर्स के मैनेजिंग पार्टनर मनीष राज सिंघानिया उपस्थित थे, उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आरंभ किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि को मनीष राज सिंघानिया द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया साथ ही उपस्थित अतिथियों को कर्मचारियो द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया मुख्य अतिथि श्री रुस्तम सारंग ने उपस्थित लोगो का अभिवादन करते हुए रालास मोटर्स का धन्यवाद् किया की समय समय पर सस्था द्वारा हम खिलाडियों का अभिवादन कर हमारा हौसला अफ जाही करते आयें है जिसके लिए हम इनका शुक्रिया अदा किया 7 संस्था के मैनेजिंग पार्टनर मनीष राज सिंघानिया ने उपस्थित लोगो को महिंद्रा एंड महिंद्रा की न्यू जनरेशन बोलेरो पिचक -अप मैक्स की खूबियों के बारे में बताया की इस नये वाहन में वाहन ट्रेकिंग, रूट प्लानिंग, कम्फर्ट,सुरक्षा,जिओ फेसिंग,वाहन हेल्थ मोनिटरिंग, मैक्स प्रॉफिट एवं मैक्स सिटी आदि खूबियों की जानकारी दी और कहा की समय समय पर महिंद्रा एंड महिंद्रा अपने ग्राहकों के सुविधायो के अनुसार वाहन में परिवर्तन कर सुविधायें उपलब्ध कराते आया है और सभी का साथ पाकर हम नित नई ऊचाईयों को छु रहे है।

# कोलंबिया में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस





**रायपुर।** कोलंबिया ग्लोबल स्कूल रायपुर में 15 अगस्त 2022 को 75वां स्वतंत्रता दिवस बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। आजादी के 75 साल पूरे होने पर अमृत महोत्सव का देश भर में आयोजन किया गया। कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में भी आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत स्कूल की परंपरा के अनुसार सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली कक्षा दसवीं की टॉपर रिद्धिमा तनवानी और श्रुति सॉ के द्वारा ध्वजारोहण कराया गया।

विद्यालय के सभी बच्चों ने ऑनलाइन जुड़कर आजादी के अमृत महोत्सव का आनंद लिया तथा बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी दिखाई। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर रविंदर सिंह हूरा , प्राचार्य आईवन स्मिथ तथा सभी शिक्षक उपस्थित थे। प्राचार्य आईवन स्मिथ सर ने सभी बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए स्वतंत्रता का महत्व भी समझाया। उन्होंने छात्रों से हमारी प्रतिष्ठित स्वतंत्रता और इस स्वतंत्रता को प्राप्त करने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले लोगों के बलिदान को समझने और संजोने का आग्रह किया।

उन्होंने छात्रों से अगले 25 वर्षों में भारत देश को एक प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण की दिशा में काम करने और भारत को नंबर 1 बनाने में किसी भी तरह से योगदान करने के लिए कहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की कोऑर्डिनेटर शाहिना मिश्रा मैडम ने आभार प्रकट किया।

# सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**तिल्दा नेवरा।** बैकुंठ में सायबर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन, पूर्व राज्यसभा सांसद हुई उपस्थित। अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ में क्लब में सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रायपुर पुलिस सायबर सेल के प्रभारी रोहित मालेकर ने सायबर क्राइम से जुड़ी विस्तृत जानकारी स्कूली छात्र छात्राओं व उपस्थित जनों को बताई। यहां पर पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुई। साथ ही वालेइटियर के रूप में गुंजन वर्मा, दिव्या शर्मा, धनेश्वरी, नगीना राधिका वीरेंद्र भी उपस्थित थे।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने जिला जेल का किया निरीक्षण



**जशपुरनगर।**आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर ने जिला जेल जशपुर का निरीक्षण किया और बंदियों को आजादी के अमृत महोत्सव संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 11 से 17 अगस्त तक सभी लोग अपने अपने घरों में तिरंगा फहरा रहें हैं और देशभक्ति की भावना का संदेश दे रहे हैं हर घर तिरंगा अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ आमजनता भी अपनी अपनी सहभागिता बढ़चढ़ कर दे रही है।

संपादकीय

## वैश्विक आतंकी चीन द्वारा बचाव

**भारत** और अमेरिका जैशे मुहम्मद के उप-प्रमुख व वांछित आतंकी अब्दुल रऊफ़ अजहर को 'वैश्विक आतंकी' घोषित करना चाहते हैं। चीन ने पाकिस्तान में रहने वाले लश्करे तैयबा-एलईटी के उप-प्रमुख अब्दुल रहमान मक्की को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित होने से बचाने के एक महीने बाद चीन ने ऐसा ही काम किया है। उसने जैशे मुहम्मद-जेईएम के उप-प्रमुख अब्दुल रऊफ़ अज़हर को 'वैश्विक आतंकी' घोषित करने के भारत व अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र



सुरक्षा परिषद प्रस्ताव पर वीटो कर दिया। वह एक और हत्यारे जिहादी व जेईएम के संस्थापिक मौलाना मसूद अजहर का छोटा भाई है। इस पर स्वाभाविक रूप से भारत ने चीन की खिंचाई करते हुए आतंक के खिलाफ युद्ध में उसकी 'दोमुंही बातों' व 'दुहरे मानकों' की ओर संकेत किया है। वास्तव में चीन का यह दोमुंहापन लंबे समय से जारी है। पिछले एक दशक में द पायनियर ने खबरें दी हैं कि उसने आधा दर्जन बार खूंखार जिहादियों का बचाव किया है। अकेले मसूद अजहर की ही उसने चार बार सहायता की है। चीन ने अपने कृत्य का बचाव करने के लिए परंपरागत लच्छेदार भाषा का इस्तेमाल किया है। संरा. में चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने एक खबरिया एजेंसी को बताया कि उसे 'मामले का अध्ययन करने के लिए थोड़ा और समय चाहिए।' चीन राजनयिक शब्दावली व तकनीकी बिंदुओं के पीछे छिप कर आतंकियों का बचाव कर रहा है। यह एक प्रकार से आतंकियों को समर्थन देने वाले पाकिस्तान की तात्कालिक सहायता है जिससे अनेक उद्देश्य पूरे होते हैं। लेकिन इससे धीरे-धीरे सबसे बड़े 'दुष्ट देश' के रूप में चीन की असलियत उजागर होती है जो नियमित रूप से छोटे दुष्ट देशों-पाकिस्तान व उत्तर कोरिया की सहायता करता है। वास्तव में, अमेरिकन इतिहासकार व नीति विश्लेषक माइकेल ए. लीडीन के शब्दों में चीन पहले ही एक परिपक्व 'फासीवादी' राज्य के रूप में सामने आ चुका था। यह संभवतः चीन का सर्वाधिक उपयुक्त विश्लेषण है। अमेरिकी विद्वान का तर्क है कि चीन में मार्क्सवाद फासीवाद में बदल गया। लीडीन ने लिखा था कि परंपरागत संस्कृति को नापसंद करने वाले परंपरागत कम्युनिस्ट तानाशाहों से उलट माओ ने इसे बंजर मार्क्सवाद-लेनिनवाद के स्थान पर रख दिया। महान नेता के सर्वाधिक माओवादी वारिस शी जिनपिंग ने सर्वाधिक जोश के सथ चीन के लंबे इतिहास की गरिमा को गले लगाया। हालांकि, चीन का फासीवाद कभी ढका-छिपा नहीं था, लेकिन पिछले कुछ साल से दुनिया देख रही है कि एक फासीवादी राज्य कितनी बड़ी विभीषिका का कारण बन सकता है। खतरा खासकर उसके नाभिकीय हथियारों व हाइपरसोनिक मिसाइलों से लैस होने पर और गंभीर हो जाता है। सभी जानते हैं कि आज चीन अमेरिका तथा कुछ सीमा तक रूस को छोड़ कर दुनिया का सर्वाधिक शक्तिशाली देश है। साथ ही इस तथ्य से भी सभी परिचित हैं कि वह लगातार भारी समस्यायें पैदा करता रहता है। दुनिया भर में पूरी बेशर्मी से व जानबूझ कर कोरोनावायरस फैलाने के बाद उसने जून, 2020 में गलवान में भारतीय सैनिकों पर क्रूर हमला बोला। इसके साथ ही वह ताइवान को डरा कर पड़ोस के अन्य देशों का उत्पीड़न करना चाहता है। उसने कुख्यात 'बेल्ट एंड रोड' पहल से दुनिया भर के गरीब देशों को कर्ज के जाल में फंसा लिया है और वह जिहादी आतंकियों का बचाव करते हुए भी अपने देश में धार्मिक व नस्ली अल्पसंख्यकों का नरसंहार कर रहा है।

# बाजार शक्तियों को तय करने दें कीमतें

### कृषि बाजार की शक्तियां कृषि उत्पादों के दाम तय करने में बेहतर भूमिका निभा सकती हैं, इसलिए मूल्य भुगतान में डीपीपीएस व्यवस्था लागू होनी चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र ने 6 जुलाई 2022 को 'कृषि बाजारों में सुधार' पर एक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने डिफीसिएन्सी प्राइस पेमेंट सिस्टम-डीपीपीएस की पैरवी की जो वर्तमान समय में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर किसानों से फसलें खरीदने का विकल्प होगा। सवाल है कि एमएसपी आधारित व्यवस्था की क्या समस्या है? और डीपीपीएस इससे उबरने में कैसे सहायता कर सकती है? वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकार की एजेंसियां गेंहूं, चावल-धान व मोटे अनाज जैसे कृषि उत्पाद किसानों से एमएसपी पर खरीदती हैं और उनको उचित मूल्य की दूकानों के नेटवर्क से 1,2,3 रुपये प्रति किलो की सस्ती कीमतों पर वितरित करती हैं, जिसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस कहा जाता है। इसका उद्देश्य भारत के गरीबों की आवयकतायें पूरी करना है। 1,2,3 रुपये कीमत से अधिक एमएसपी तथा हैंडलिंग, भंडारण व वितरण खर्च-एचएसडी का सब्सिडी के रूप में भुगतान किया जाता है। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग-सीएसीपी की संस्तुतियों के आधार पर सरकार ने खरीफ और रबी फसलों की 22-23 फसलों के एमएसपी तय किए हैं। लेकिन एफसीआई व अन्य राज्य एजेंसियों द्वारा खरीद मुख्यतः केवल चावल व गेंहूं तक सीमित है। दालों व तिलहन जैसी अन्य महत्वपूर्ण फसलों की खरीद नेशनल एग्रीकल्चरल कोआपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन आफ इंडिया लिमिटेड-नैफेड द्वारा की जाती है। इस व्यवस्था का उद्देश्य 800 मिलियन से अधिक लोगों को 'खाद्य सुरक्षा' सुनिश्चित करने के लिए 'सस्ती' कीमतों पर अनाज उपलब्ध कराना है। यह संसद द्वारा 2013 में बनाए गए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अनुपालन में होता है जो इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। किसानों को उसकी फसलों की आकर्षक कीमतें देना इस मुख्य लक्ष्य की पूर्ति में सहायक है। 1960 के दशक में एक कार्यकारी आदेश से लागू एमएसपी व्यवस्था किसानों को पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 'हरित क्रांति' के माध्यम से धान व गेंहू का अधिक उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए थी। हालांकि, उन दिनों इसके पीछे इरादा खाद्यान्नों की कमी को संबोधित करना था, पर आज देश अतिरिक्त खाद्यान्न पैदा करने लगा है। इस मूलभूत परिवर्तन के बावजूद सरकार एक बड़े अंतर के साथ एमएसपी व्यवस्था लगातार चला रही है। जहां पहले राज्य की एजेंसियां केवल पीडीएस तथा 'रणनीतिक बफर' की आवश्यक मात्रा के अनुरूप खरीद करती थी, पर आज इनमें कोई संबंध नहीं रह गया है। आज सरकार एक खुली खरीद नीति चला रही है जहां एजेंसियां लगातार बढ़ती एमएसपी पर यथासंभव अधिकाधिक मात्रा में अनाज खरीदती हैं। सत्तारूढ़ अवस्थापना इस मामले में एक प्रकार से चुनावों द्वारा संचालित है। अगला कार्यकाल पाने के लिए सरकारों का मूल्यांकन इस आधार पर होता है कि उन्होंने एमएसपी में कितनी वृद्धि की तथा किसानों से कितनी खरीद की गई। यह अभियान एक मिशनरी भावना से संचालित होता है और इस बात की चिन्ता नहीं की जाती है कि खरीदे गए अनाज की आवश्यकता है या नहीं। इस व्यवस्था ने अनेक समस्यायें पैदा की हैं। अक्सर अनाज की खरीद एजेंसियों की भंडारण क्षमता से अधिक होती है, उनकी अक्षमताओं व अधिक खर्च के कारण भारी बरबादी होती है, बड़े पैमाने पर अनाज का दुरुपयोग व अन्य कामों में उपयोग होता है, सब्सिडी में असाधारण रूप से वृद्धि होती है तथा भारत द्वारा डब्लूटीओ को दी गई प्रतिबद्धता के उल्लंघन का खतरा पैदा होता है। यह स्थिति तब है जब केवल 6 प्रतिशत किसानों को एमएसपी का लाभ मिल पाता है, एमएसपी केवल कुछ ही फसलों पर लागू होता है तथा एजेंसियां उत्पादित गेंहू व चावल का लगभग 30 प्रतिशत ही खरीदती हैं। सभी 22-23 फसलों व अतिरिक्त उत्पाद बेचने के इच्छुक 'सभी' किसानों पर योजना लागू करने के लिए शोर-शराबा मचाया जा रहा है। यदि ये मांगें मान ली जाएं तथा किसानों के साल भर चले आंदोलन की मांग मानते हुए इसकी 'कानूनी गारंटी' दे दी जाए तो यह निश्चित रूप से आर्थिक विभीषिका तथा केन्द्र सरकार के वित्तीय दीवालिया होने का कारण बनेगा। डीपीपीएस योजना के अंतर्गत सरकार को केवल चयनित फसलों के लिए मंडी में बिक्री व एमएसपी के बीच अंतर का मुआवजा देना होगा। यह वर्तमान व्यवस्था से उलट है जहां राज्य एजेंसियां वास्तव में एमएसपी पर किसानों का उत्पाद खरीदती हैं। प्रस्तावित व्यवस्था में इसकी आवश्यकता नहीं होगी। मध्य प्रदेश ने पहले चयनित फसलों पर डीपीपीएस का प्रयोग किया है, वहीं हरियाणा कुछ वस्तुओं के लिए इसे लागू करने की तैयारी कर रहा है। रमेश चंद्र चाहते हैं कि केन्द्र सरकार इस योजना को अखिल भारतीय स्तर पर लागू करने के लिए विचार करे। यदि सरकार केवल पीडीएस की आवश्यकता के अनुसार कृषि उत्पादों की खरीद करे तो डीपीपीएस की उस सीमा तक कोई प्रासांगिकता नहीं होगी। यह केवल उस मात्रा का स्थान लेगी जो एजेंसियां वर्तमान समय में पीडीएस की आवश्यकता से अधिक खरीदती हैं अथवा इनमें दालों व तिलहन जैसी चीजें शामिल हो सकती हैं जिनकी खरीद नैफेड किसानों की सहायता के लिए करता है। डिफीसियेंसी मूल्य व्यवस्था के अंतर्गत इस खरीद को स्थानापन्न करने से सरकार का वह पैसा बचेगा जो वह वर्तमान समय में हैंडलिंग व कैरीइंग कास्ट-एचएंडसीसी पर खर्च करती है। इसके साथ ही वह उस नुकसान से भी बचेगी जो वह एमएसपी से कम कीमत पर खेली बाजार बिक्री योजना-ओएमएसएस में अनाज बेच कर उठाती है। उदाहरण के लिए, यदि एक किलो गेंहू का एमएसपी 20 रुपये तथा एचएंडसीसी 10 रुपये हो और एजेंसी उसे 15 रुपये में बेचे तो नई योजना से 15 रुपये की बचत होगी। सिद्धान्त रूप से डिफीसियेंसी मूल्य भुगतान के पक्ष में निर्णय करने पर सरकार को इसे सभी किसानों तक विस्तारित करना होगा तथा सभी फसलों को इसमें शामिल करना होगा, जबकि वर्तमान व्यवस्था में एमएसपी समर्थन 'केवल उन लोगों तक सीमित है जिनसे वह खरीदती है'। लेकिन डीपीपीएस के अंतर्गत कवरेज के काफी विस्तार के कारण न खरीदने के कारण होने वाली बचत अधिक खर्च से निरर्थक हो जाएगी। इसका परिणाम यह होगा कि प्रस्तावित योजना के अंतर्गत भी सब्सिडी बढ़ने को रोकना संभव नहीं होगा। वर्तमान योजना योजना के अंतर्गत एमएसपी की गणना खेती पर खर्च की औसत अखिल भारतीय लागत के आधार पर की जाती है। यदि यह गणना किसानों के व्यक्तिगत स्तर पर खर्च के आधार पर की जाए तो यह विभिन्न स्थानों पर निर्भर करेगी। ऐसा होने पर उन किसानों को लाभ होगा जिनका वास्तविक खर्च औसत से कम होता है, हालांकि इसका उल्टा भी हो सकता है। यदि डीपीपीएस के अंतर्गत एमएसपी की गणना स्थानीय मंडी से तुलना कर की जाए तो भी विकृति बनी रहेगी। इसके लिए स्थानीय स्तर पर एमएसपी की गणना कर उसकी तुलना स्थानीय मंडी से करनी होगी। यह डेटा संग्रह, विश्लेषण व क्रियान्वयन के लिए भारी चुनौती पेश करेगी। इस प्रकार चाहे एमएसपी की व्यवस्था हो अथवा प्रस्तावित डीपीपीएस, दोनों में सब्सिडी का बोझ बढ़ता रहेगा और यह डब्लूटीओ को दी गई प्रतिबद्धता के उल्लंघन का कारण बन सकता है। ऐसे में आगे बढ़ने का क्या रास्ता है? राज्य की ओर से ऐसी सहायक व्यवस्था बनाना असंभव है जो सभी किसानों व सभी फसलों की देखभाल कर सके। यह काम पूरी तरह बाजार शक्तियों पर छोड़ दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऐसी परिस्थिति पैदा करनी चाहिए जिसमें सभी किसानों के सामने अपनी फसल बेचने के अनेक विकल्प हों तथा उनको अच्छी कीमत मिल सके। इसके लिए तीन केन्द्रीय कृषि कानूनों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता हो सकती है। आवश्यकता होने पर सरकार गरीब किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता दे सकती है। वर्तमान समय में पीएम किसान सम्मान निधि में सभी किसान शामिल हैं, इसे बढ़ी धनराशि के साथ गरीब किसानों तक सीमित किया जा सकता है। यह व्यवस्था उन विकृतियों से मुक्त होगी जो एमपीएस-डीपीपीएस को प्रभावित करती हैं। इससे डब्लूटीओ में भी भारत से सवाल नहीं पूछा जाएगा। खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार पीडीएस तथा 'रणनीतिक बफर' की आवश्यकता के लिए बाजार से खरीद सकती है। आदर्श रूप से वह लाभार्थी को सीधे भी सब्सिडी दे सकती है जिससे वह अपनी आवश्यकता बाजार से पूरी कर सकता है। उदाहरणार्थ, एक किलो गेंहू के लिए वह 28 रुपये लाभार्थी के खाते में भेज सकती है जिससे वह 2 रुपये अपनी जेब से खर्च कर 30 रुपये की पूरी कीमत पर अनाज खरीद सकता है।

# जवाहिरी का सफाया महत्वपूर्ण घटना

**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



अफगानिस्तान में अयमान अल जवाहिरी की उपस्थिति दोहा में 29 फरवरी, 2020 को हस्ताक्षरित अमेरिका-तालिबान समझौते तथा स्वयं तालिबान द्वारा दिए आश्वासनों का घोर उल्लंघन था। उसे 31 जुलाई, 2022 को काबुल में एक अमेरिकी ड्रोन ने दो एजीएम 114आर9एक्स हेलफायर मिसाइलें दाग कर मार डाला। समझौते के भाग दो की पहली धारा के अनुसार तालिबान 'अपने किसी सदस्यों तथा अलकायदा समेत अन्य व्यक्तियों व समूहों को अफगानिस्तान की धरती का प्रयोग संयुक्त राज्य अमेरिका या उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने के लिए करने की अनुमति नहीं देंगे।' दूसरी धारा में कहा गया है कि तालिबान 'उन लोगों को स्पष्ट संदेश देंगे कि संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वालों का अफगानिस्तान में कोई स्थान नहीं है। वे अपने सदस्यों को निर्देश देंगे कि संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले ऐसे समूहों या व्यक्तियों के साथ सहयोग न करें।' तीसरी धारा में कहा गया था कि 'तालिबान अफगानिस्तान में ऐसे समूह या व्यक्ति पर रोक लगाएंगे जो संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरे में डालेगा तथा उसे भर्ती, प्रशिक्षण व पैसा एकत्र करने से रोकेंगे और इस समझौते की प्रतिबद्धता के अनुरूप उसे अतिथि नहीं बनाएंगे।'धारा 4 के अनुसार तालिबान ने प्रतिबद्धता प्रकट की थी कि वे 'अफगानिस्तान में शरण लेने या रहने की इच्छा करने वालों के साथ अंतरराष्ट्रीय आप्रवासी कानून और इस समझौते की प्रतिबद्धताओं के अनुसार व्यवहार करेंगे ताकि ऐसे व्यक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा न पैदा कर सकें।' धारा 5 के अनुसार उन्होंने प्रतिबद्धता प्रकट की थी कि वे 'संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वालों को वीसा, पासपोर्ट या यात्रा परमिट या अन्य विधिक दस्तावेज नहीं प्रदान करेंगे।' जहां तक आश्वासनों का सवाल है, 17 अगस्त, 2021 को काबुल में अपनी पहली आधिकारिक प्रेस कान्फ्रेंस में तालिबान प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने कहा था कि तालिबान अन्य देशों के साथ शांतिपूर्ण संबंध चाहते हैं और किसी भी समूह को अफगान क्षेत्र का प्रयोग अन्य देशों पर हमलों के लिए नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने अमेरिका समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आश्वस्त किया था कि 'किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। हम कोई भीतरी या बाहरी दुश्मन नहीं चाहते हैं।'अल जवाहिरी उसी समय



से अलकायदा के नेता थे जब अमेरिकी नैवी सील की टीम ने मई, 2011 में ओसामा बिन लादेन को मारा था। उन्होंने अमेरिका पर 9-11 आतंकी हमले के साथ अनेक अन्य हमलों की योजना बनाने में प्रमुख भूमिका अदा की थी। उन्होंने कई बार मुसलमानों से अमेरिकनों की हत्या का आह्वान किया था। ऐसे में कोई संदेह नहीं कि अल जवाहिरी किसके पक्ष में थे। आश्चर्य नहीं कि अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन ने एक बयान में कहा था कि अल जवाहिरी की काबुल में उपस्थिति 'दोहा समझौते तथा दुनिया को बार-बार दिए आश्वासनों का घोर उल्लंघन था कि तालिबान अफगानिस्तान की धरती का प्रयोग उन आतंकियों को नहीं करने देंगे जो अन्य देशों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।' यह बात समझी जा सकती है कि वैश्विक मान्यता के लिए अत्यधिक प्रयासरत तथा विदेशों में जब्त धन व सहायता प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले तालिबानों ने स्वयं को इस मामले से अलग रखने के प्रयास किए हैं। ड्रोन हमले की निन्दा करते हुए उन्होंने 4 अगस्त, 2022 को जारी बयान में अल जवाहिरी के आने व काबुल में रहने की जानकारी से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने 'खुफिया एजेंसियों से पूरे मामले की जांच करने के साथ ही घटना के विभिन्न आयामों की एक समग्र व गंभीर जांच के निर्देश दिए हैं।' उन्होंने यह आश्वासन भी दिया है कि 'अफगानिस्तान की धरती से अमेरिका समेत किसी देश को कोई खतरा नहीं है।' इसके साथ ही उनका कहना है कि इस्लामी अमीरात दोहा समझौते का क्रियान्वयन तथा उसके उल्लंघनों की समाप्ति चाहता है। लेकिन उनका यह बयान एक प्रकार से हास्यास्पद लगता है। यदि अमेरिका अल जवाहिरी का पता लगा कर उसे मार सकता है तो यह संभव नहीं कि तालिबानों के उसके काबुल में आने व वहां ठहरने का पता न हो। मई, 2022 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शन्स मानीटरिंग टीम-एस्मेट की 13वीं रिपोर्ट के अनुसार, अलकायदा व तालिबान के बीच नजदीकी संबंध बने हुए हैं। यह अफगानिस्तान व क्षेत्र में अलकायदा की उपस्थिति से रेखांकित होता है। अलकायदा के प्रमुख नेता तथा उनसे जुड़े समूहों, जैसे भारतीय उप-महाद्वीप के अलकायदा-एक्यूआईएस की उपस्थिति वहां बनी हुई है। पता चला है कि अल जवाहिरी एक घर में रह रहा था जो सिराजुद्दीन हक्कानी के एक वरिष्ठ सहायक का था। वह तालिबान का उप नेता, तालिबान सरकार में आंतरिक मामलों का मंत्री तथा हक्कानी आतंकी नेटवर्क का प्रमुख था जिसके हमेशा अलकायदा से नजदीकी संपर्क रहे हैं। एस्मेट की 13वीं रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि तालिबान जैशे मुहम्मद व लश्करे तैयबा को भी शरण देते रहे हैं। यह तर्क गले नहीं उतरने वाला है कि उनको अफगानिस्तान में रहने की अनुमति थी, पर उन पर कठोर निगरानी की जा रही थी। एस्मेट की रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान के प्रतिद्वंद्वी इस्लामिक स्टेट इन खुरासान प्राविंस-आईएसकेपी या अलकायदा 'विश्वास किया जाता है कि कम से कम 2023 तक अंतरराष्ट्रीय हमले करने में सक्षम नहीं होंगे, भले ही उनका इरादा चाहे जो हो अथवा तालिबान उन पर नियंत्रण करने में सक्षम हों या नहीं।' इसलिए यह तर्क उचित नहीं लगता कि तालिबान ने उनको कमजोर कर दिया है। कहा जाता है कि ये समूह अफगानिस्तान में तालिबान गुटों के समर्थन के कारण बने हुए हैं। इससे यह सवाल भी उठता है कि क्या आंशिक समर्थन उनको बड़े पैमाने पर आतंकी हमले करने में सक्षम नहीं बनाता है ताकि वैश्विक स्तर पर शरीया की स्थापना की जा सके? वर्तमान स्थितियों को देखते हुए इसका जवाब 'हां' है। दुनिया को आगामी एक-दो साल में आतंकी हमलों की नई लहर का सामना करना पड़ सकता है।

## फरमाया



**हम** प्रयास कर रहे हैं। हम अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन का सर्वोत्तम प्रयास करेंगे।

**– नीतीश कुमार**
बिहार के मुख्यमंत्री



**मैं** शहबाज गिल के खिलाफ हिंसा की निन्दा करता हूं। किसके आदेश से उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जा रहा है।

**– इमरान खान**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री



**लालू**-नीतीश के नए गठबंधन पर लालू से-'सांप आपके घर में घुस गया है।'

**– गिरिराज सिंह**
भाजपा नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

**भारत** माता को गुलामी की जंजीरों से आज़ाद हुए आज 75 वर्ष हो गए हैं। आज भारत अपना 75वां स्वतंत्रता दिवस माना रहा है। अब इस सुनहरे पल के चलते भारत इस तारीख को और खास बनाने में जुटा हुआ है, एक ओर जहां आज़ादी का अमृत महोत्सव के चलते विकास कार्य किए जा रहा है वही दूसरी ओर मुहीम जैसे हर घर तिरंगा के जरिए लोगों को आजादी का महत्व समझाया जा रहा है। आमजन भी इस दिन को और यादगार बनाने की कोशिश कर रहा है जो उसके प्रयासों से झलकता भी है। आज़ादी मिलने तक का सफर भारत के लिए काफ़ी चौनौतीपूर्ण रहा; यह लोग समझें इसलिए सरकार हर तरीके से भारतीय वीरों और वीरांगनाओं के कामों से लोगो को रूबरू करवा रही है। आज हर भारतीय गौरवान्वित महसूस कर रहा है। लेकिन एक सच्चे भारतीय के रूप में अगर हमें उभरना है तो इस दिन को साक्षी मानकर हमें भारत को स्वच्छ और सेहतमंद बनाने की ओर कार्य करने होंगे। अगले 75 वर्षों में विकसित भारत के रूप में उभरने का यही रास्ता है। ख़ैर हर भारतीय के लिए आज खास दिन है; सभी भारतीयों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**– निखिल रस्तोगी, बरेली**

## स्वागतयोग्य कदम

**पंजाब** सरकार द्वारा एक विधायक एक पेंशन संबंधित विधेयक को मंजूरी प्रदान की हैं जो कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में लिया गया स्वागत योग्य कदम है देश में पंजाब एकमात्र राज्य हो गया है जहां यह महत्वपूर्ण एवं दूरगामी परिणाम वाली व्यवस्था लागू की गई है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने इस पर प्रसन्नता जाहिर की है और कहा की पंजाब की जनता का 80 करोड रुपए बचेगा जिसको जनता के हित में खर्च किया जाएगा। देखा जाए तो किसी राज्य के द्वारा उठाया गया एक ऐतिहासिक, साहसिक एवं अभूतपूर्व कदम है जिसके माध्यम से राजनेताओं को यह संदेश दिया गया है कि राज्य को अनावश्यक खर्चे से बचना होगा । देश के सभी राज्यों में जन प्रतिनिधियों को जितनी बार विधायक और सांसद बनते हैं उसी अनुपात में पेंशन दी जाती है जिस पर केंद्र एवम राज्य सरकार को अरबों रुपए खर्च करना पड़ता ह जिस पर अब विरोध खड़ा हो गया है और संभवत सुप्रीम कोर्ट में भी यह मामला लंबित हैं। देश में ऐसे उदाहरण हैं कि एक विधायक अथवा सांसद पांच रुपया 5 लाख की मासिक पेंशन का हकदार है। वर्तमान आर्थिक चुनौतियों को देखते हुए इस तरह का प्रावधान सभी राज्यों को करना होगा।

**– वीरेंद्र कुमार जाटव,** नई दिल्ली

## जातीयता का दंश

**राजस्थान** में कक्षा 3 के छात्र द्वारा हेडमास्टर की मटकी का पानी पीने पर इतनी बेरहमी से पिटाई की कि दलित छात्र की 23 दिन बाद जान चली गई। ऐसी कई खबरें आए दिन आती रहती है। जो आजादी के 75 वर्ष बाद, अमृत महोत्सव में बदनुमा दाग लगाती है। एक तरफ हम हमारी अनेकता में एकता पर गुमान करते हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी अगड़े पिछड़े, हरिजन, दलित के दलदल से बाहर निकल नहीं पा रहे है। आखिर इस प्रकार के भेदभाव वाले प्रकरण कब तक देश की एकता में पलीता लगाते रहेंगे। होना तो यह चाहिए कि हम सबको मिलकर %जो देश हमें सब कुछ देता है%, उस देश का सामूहिक प्रयास से कंधे से कंधा मिलाकर विकास निर्माण करें । मगर जातिवाद का ऊंचा नीचा भेदभाव अभी भी अमृत काल में विष की तरह भरा हुआ है । अब तो इस प्रकार की भेदभाव व कटुता वाली दूरियां खत्म होनी ही चाहिए । तभी हमारा यह अमृत काल स्वर्ण काल में बदल पाएगा, वर्ना ऐसी घटिया व बीमार मानसिकता अमृत महोत्सव जैसे गौरवान्वित करने वाले क्षणों की सार्थकता पर प्रश्न चिन्ह लगाते रहेंगे!

**– हेमा हरि उपाध्याय, उज्जैन**

**गरीबी, असमानता, सामाजिक और आर्थिक ऊंच-नीच से आज़ाद कराने का जिम्मा हमारा है**

# नमन है देश के उन महान शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को जिन्होंने देश की आज़ादी में अहम् भूमिका निभाई और वीरगति को प्राप्त हुए : सुनील केशरवानी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने भारत माता की, जय, जय भारत, जय छत्तीसगढ़ के नारो के साथ ध्वजारोहण जिला मुख्यालय में किया गया। इस अवसर पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने आजादी की 75 वीं वर्षगाँठ की जिलेवासियों को बधाई और शुभकामनाए देते हुए कहा कि भारत के वीर सपूतों, शहीदों और असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों को नमन है जिन्होंने इस देश की मिट्टी की आन, बान और शान के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी। हम आज आज़ाद हैं क्योंकि लाखों करोड़ों देशवासियों ने सैंकड़ों सालों तक लड़ाई लड़ी और अपनी जान दी और इसलिए हमे इस आज़ादी का सम्मान कर, इस आज़ादी का महत्व समझकर, अपना जीवन और अपने आसपास के लोगों का जीवन सार्थक बनाना होगा और अपने राज्य को और अपने देश को और मजबूत बनाना होगा। जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि हमारे पुरखों ने देश को अंग्रेजों से तो आज़ाद करा दिया लेकिन अब गरीबी, असमानता, सामाजिक और आर्थिक ऊंच-नीच से आज़ाद कराने का जिम्मा हमारा है। मैं और आप, हम सब सार्वजनिक जीवन में हैं, जनसेवा हमारा काम है। अगर हम हमारे आस-पड़ोस में, हमारे गाँव में, हमारे राज्य को ही इन अनेकों विसंगतियों से आज़ाद नहीं करा पाए तो, तो हमारा जीवन फिर व्यर्थ है।

इसलिए आईये आज हम सब मिलकर यह प्रण लें कि छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़वासियों को गरीबी, असमानता, जातिवाद और सामाजिक और आर्थिक अन्याय से आज़ाद कराएंगे और छत्तीसगढ़ महतारी के माटी पुत्र होने का कर्ज चुकाएंगे। हमारे छत्तीसगढ़ की दशा बदलकर, पूरे देश को दिशा दिखाएंगे। इस अवसर पर टिंकू जैन, दलीचंद, गणेश पात्रे, आफ ताब खान, रंजीत वर्मा,जेडी मानिकपुरी ,रूपेश यादव, नीलेश सोनी ,मुकेश चन्द्राकर, मोती टेकाम, रामदास पटेल, वचन मानिकपुरी,अशरफ खान ,इकबाल ,सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दल्लीराजहरा बजरंग दल द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई



**दल्लीराजहरा।** आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के तहत घर-घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त को बजरंग दल द्वारा दल्लीराजहरा में कार के माध्यम से तिरंगा रैली निकाली गई। यह रैली गुप्ता चौक से होकर बस स्टैंड, श्रम वीर चौक से होते हुए पुराना बाजार से होकर शहर भ्रमण करते हुए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को लहराते हुए तथा जय घोष वंदे मातरम भारत माता की जय का नारा लगाते हुए युवाओं द्वारा पूरे शहर को तिरंगामय किया गया। बजरंग दल अध्यक्ष शशांक तिवारी द्वारा आजादी हमें किस रूप में मिली है और इसके लिए कितने लोग अपने प्राणों की आहुति दे दिए हैं कितने बलिदान हुए उस बलिदान गाथा को अपने युवा साथियों को बताया। विजय कुशवाहा और विकी जायसवाल ने कहा कि आजादी हमें वीर जवानों व देशवासियों के बलिदानों से मिली है। जिसकी खुशी आज हम अपने युवा साथियों के साथ आजादी अमृत महोत्सव मना रहे हैं और यह सौभाग्य हम सबको प्राप्त हुआ है। यह सब वीर बलिदानी युवा साथियों के प्राणों की आहुति और उनके बलिदान से संभव हुआ है। इसी इसी क्रम में बजरंग दल की युवा साथियों द्वारा एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दिए।

# छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज बेमेतरा में स्थापित





पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत् नगर पालिका परिषद बेमेतरा द्वारा वार्ड क्र 01 पिकरी कवर्धा-रायपुर मुख्य मार्ग, बांधा तालाब पार स्थित चौपाटी परिसर में 100फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना मान. ताम्रध्वज साहू जी मंत्री छ.ग. शासन के मुख्य आतिथ्य एवं आशीष छाबडा विधायक बेमेतरा की अध्यक्षता तथा शकुन्तला मंगत साहू नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

उक्त कार्यक्रम में जितेन्द्र शुक्ला कलेक्टर बेमेतरा, धर्मेन्द्र सिंह छवई पुलिस अधीक्षक, युगल किशोर उर्वशा अनुविभागीय अधिकारी, होरी सिंह ठाकुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पंचू साहू उपाध्यक्ष न.पा., बंशी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, नगर पालिका परिषद बेमेतरा के पार्षदगण लछनी ''लक्ष्मी'' यशवंत लहरे, जया साहू, रानी डेनिम सेन, राजू साहू, सजनी यादव, आशीष राम ठाकुर, साधेलाल बघेल, अखिलेश नामदेव, मनोज शर्मा, सोमनाथ ध्रुव, देवराम साहू, प्रवीण नीलू राजपूत, रश्मि फणेन्द्र मिश्रा, एल्डरमेनगण प्रशांत तिवारी, चन्द्रप्रकाश शितलानी, रेवेन्द्र देवांगन, जनता साहू, शंकर चौहान, अधिकारीगण संजय मोटवानी उपअभियंता, रवि श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक, सौरभ सिंह लेखापाल, विनीत सिंह रा.उप.निरी., एससी साहू होम्यो.चिकि. कर्मचारीगण तथा काफी संख्या में आम नागरिक मडिया साथी उपस्थित रहे, जिनके द्वारा गगन भेदी नारों से ''भारत माता की जय'', ''तिरंगे झंडे की जयकारों से वातावरण देश भक्ति के रंग मे रंग गया, मुख्य मार्ग में होने के कारण इस 100फीट उंचे राष्ट्रीय ध्वज के देखकर हर भारतीय का सीना गर्व से चौडा हो रहा है। साथ ही शासन के ''हर घर तिरंगा'' अभियान में शहर के सभी नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपने घरों में तिरंगा लहराया।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में किया गया ध्वजारोहण



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

75 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में धर्मेन्द्र सिंह पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उन्होने अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार झा, उप पुलिस अधीक्षक कमल नारायण शर्मा, थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, निरीक्षक भावना खंडारे, सउनि (अ) प्रदीप देशमुख, अजय देवांगन, महेन्द्र भुवार्य, प्रवीण लोहले, एसपी रीडर सउनि विनोद शर्मा, सउनि जहीर खान, प्रआर. सुरजभान सिंह, ताम्रध्वज देशमुख, घनश्याम साहू, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, आरक्षक अखिलेश क्षत्रीय, गेल्विन साहू, मनीष देवांगन, गेंदलाल चतुर्वेदी, अभिषेक सिंह, योगेश्वर वर्मा, कौशल शर्मा, पेखन सिंह, नवनीत दुबे, अंश प्रताप सिंह, विश्राम साहू, यशपाल सिंह, श्यामु साहू, म.आर. भारती राजपूत, म.आर. (एम) राही यादव एवं अन्य स्टॉफउपस्थित रहे।

# गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने देश की आन-बान और शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस जिला मुख्यालय बेमेतरा मे जिले की गौरवशाली परंपरा के अनुरुप पूरी गरिमामय वातावरण मे स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने आज सोमवार को मुख्य समारोह स्थल बेमेतरा के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल ग्राउण्ड मे बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच देश की आन-बान और शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का ध्वजारोहण कर सलामी ली। उन्होने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश की जनता के नाम दिए संदेश का वाचन किया और उत्साह उमंग के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश मे उड़ाये। शांति के प्रतिक श्वेत कबूतर आकाश में छोड़े। मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं पुलिस के शहीद जवानों के परिजनों को शाल श्रीफल भेट कर सम्मानित किया। साहू ने उत्कृष्ठ कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र वितरित किये। कोरोना वायरस संक्रमण को ध्यान मे रखते हुए स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम नही रखा गया था। रक्षित निरीक्षक मुकेश जोशी ने सम्मान गार्ड का नेतृत्व किया। जिला स्तर पर उत्कृष्ठ गौठान के रुप में साजा ब्लॉक के ग्राम पंचायत ठेलका के गौठान का चयन किया गया। गृहमंत्री ने गौठान प्रबंधन समिति को 25 हजार रुपये का चेक वितरित किए।

जिल पुलिस बल की परेड का नेतृत्व निरीक्षक नासिर खान ने किया, नगर सेना की टुकड़ी प्रधान आरक्षक विजय साहू ने किया, एनसीसी सीनियर डिविजन का नेतृत्व हुमन दास देवांगन ने किया। एनसीसी जुनियर डिविजन का नेतृत्व हिमांशु टंडन, रेडक्रास प्लाटुन का नेतृत्व कुमारी प्रियंका साहू, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम के प्लाटुन का नेतृत्व कुमारी तृप्ति सिंह, बैंड प्लाटुन का नेतृत्व कुमारी रेणुका कश्यप ने किया। मुख्य अतिथि साहू ने सभी परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। समारोह मे विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा, कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह छवई, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, एएसपी पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेमेतरा युगल किशोर उर्वशा, नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा शकुंतला साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, नगर के गणमान्य नागरिक, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जिला प्रतिनिधि सहित नगरवासी उपस्थित थे।

# संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टोरेट मे आज सवेरे कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। उन्होने स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने अधिकारी एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की सभी अपने दायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से करें। इस अवसर पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह छवई, अपर कलेक्टर डॉ़ अनिल बाजपेयी सहित कलेक्टोरेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्राम कन्हेरा के तीनों स्कूल में हुआ स्वतंत्रता दिवस पर निकाली गई रैली

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कण्हेरा में आजादी के 75 वर्ष वर्षगांठ पर स्वतंत्रता दिवस पर्व के अवसर पर यहां झंडारोहण किया गया झंडारोहण ग्राम पंचायत के सरपंच संतोष कुमार गंधर्व एवं सेवा निर्मित प्रधान पाठक गेंद राम चंद्राकर द्वारा किया गया तद्उपरांत स्कूली बच्चों विद्यार्थियों का रैली निकाली गई इस दौरान राष्ट्रीय संदेश विद्यार्थियों के द्वारा ग्रामीणों को दिया गया इस कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य एवं सभी तीनों साला के साला समिति के सदस्य गण पदाधिकारी गण प्रधान पाठक एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं सहित छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# खेल एवं कल्याा विभाग ने किया स्वतंत्रता सद्भावना युवा दौड़ का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से आज 14 अगस्त रविवार सुबह 7 बजे स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में स्कूली छात्र-छात्राओं, फोर्स अकेडमी, एनसीसी, एवं खेल संघों से जुड़े खिलाड़ी, खेल प्रेमी व शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। सद्भावना दौड़ को कलेक्टर, नगर पालिका अध्यक्ष व उपस्थित अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दौड़ में शामिल हुए। सद्भावना दौड़ आउटडोर स्टेडीयम से प्रारंभ होकर करपात्री स्कूल, भारतमाता चौक, जयस्तंभ चौक, गुरुनानक चौक, आजाद चौक, पुनः जयस्तंभ चौक, भारतमाता चौक, करपात्री स्कूल, आउटडोर में समापन हुआ। दौड़ में कलेक्टर जनमेजय महोबे, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिन्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे, खेल अधिकारी, सहित अधिक संख्या में फोर्स अकेडमी, बेसबाल टीम के खिलाड़ी दौड़ में शामिल हुए।

## केदारनाथ एवं देवलाल प्रवक्ता बने





**दल्लीराजहरा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी केदारनाथ गुप्ता एवं क्षेत्र के आदिवासी नेता देवलाल ठाकुर को प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने जाने पर दल्ली राजहरा मंडल में कार्यकताओं ने हर्ष व्याप्त किया है। इसमें जिले के कोषाध्यक्ष सुदेश सिंह, गोविंद वाधवानी, कासिम कुरेशी ,सुरेश जायसवाल, मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह, राकेश द्विवेदी, राजेश दशोडे, विशाल मोटवानी, रमेश जैन, सुजीत झा, संजीव सिंह ,भूपेंद्र श्रीवास ,गीता मरकाम, रमेश गुर्जर ,जनार्दन, बंटी चोपड़े ,सोमेश जायसवाल, उमेश विश्वकर्मा, दमन दीप सिंह, इमरान खान, श्रीजीत ,ताम्रध्वज सुधाकर ,उषा आस्टीकर, रंभा कोसमा ,अंजू साहू ,विम्मी शर्मा, शंकर साहू ,मेवा पटेल ,सुरेंद्र बेहरा ,निलेश श्रीवास्तव ,मनन गुप्ता ,राकेश कोसरे ,जीवन साहू, दुष्यंत राजपूत, एवं समस्त भाजपा कार्यकताओं ने बधाई दी है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री रामचरण साहू ने नगर पंचायत परिसर में किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ◄ बोड़ला
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता दिवस के इस पावन पर्व में पूरा देश, देश प्रेम से ओतप्रोत है वही हर गली हर मोहल्ला हर राज्य हर प्रांत में स्वतंत्रता दिवस की धूम मची हुई। देशभर में आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मानयी जा रही है। वही

नगर पंचायत बोड़ला में भी बहुत ही धूमधाम से मनाया गया जहां नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री रामचरण साहू ने पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया। नगर पंचायत परिसर में ध्वजारोहण पश्चात अध्यक्ष महोदया द्वारस नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बहुत-बहुत बधाई दी एवं स्वतंत्रता दिवस पर आमजनों को स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा लेने की बात कही। देश में स्वतंत्रता का महत्व और तिरंगे की शान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिसमें मुख्य रुप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष संतोष अवस्थी अर्जुन पटेल शमशाद बेगम विसर्जन धुर्वे ओम प्रकाश शर्मा भरत गुप्ता संतोषी साहू शशि खरे हरिप्रसाद बंजारे सरिता निर्मलकर विजय पाटिल दयाराम खुसरो पुष्पा मानिकपुरी लव निर्मलकर पूरन मानिकपुरी मनमोहन अवस्थी डाकोर चंद्रवंशी बद्री वर्मा तुलसी पटेल बंटी खान राजेंद्र सूर्यवंशी भरत सोनकर गंगू राम भागवत पाटिल शसुनीता पांडे रामेश्वर यादव सुखनंदन निर्मलकर ईश्वर महराज नरेश जयसवाल सुशील पटेल किशोर राम साहू महेंद्र यादव अंकलहा राम साहू लखन साहू भारत साहू गोपी साहू शोभाराम सरजू यादव अशोक पटेल मिला मानिकपुरी शिवराज बंजारे राकेश यादव शत्रुहन झरिया नगर पंचायत सीएमओ एवं कर्मचारी पत्रकार बंधु बसंत नामदेव जीवन साहू मानिक दास मानिकपुरी विशेष रूप से उपस्थित थे।

**किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में बेमेतरा के 45 गांवो में निकाली गई तिरंगा यात्रा**

# आजादी के अमृत महोत्सव का मतलब स्वतंत्रता सेनानियों से प्राप्त प्रेरणा का अमृत : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

देश की आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। किसान नेता के नेतृत्व में बेरला ब्लॉक के 45 गांवो में मोटरसाइकिल से निकाली गई तिरंगा यात्रा में सैकड़ो युवा शामिल हुए। इस दौरान युवा वन्देमातरम और भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। तिरंगा यात्रा दारगांव से शुरू होकर ठेंगाभाट, छिराही, सोंढ, हतपान, बेरला शहर, लिमाही चौक बेरला, साकरा, हसदा, नेवनारा, पिरदा, भिभौरी, कुम्ही, ढाबा, सिलघट, खुडमुडा,नवागांव, आनंदगाव, भरदा, लावातरा, मुड़पार सहित 45 गावों तक पहुची। तिरंगा यात्रा का गांवो में जगह-जगह स्वागत किया गया। कई स्थानों पर तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा किया गया।



### भारत के पास एक समृद्ध ऐतिहासिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत का अथाह भंडार है

इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि किसी भी देश का भविष्य तभी उज्वल होता है जब वह अपने पिछले अनुभवों और विरासत के गौरव के साथ पल-पल जुड़ा रहता है। हम सभी जानते हैं कि भारत के पास एक समृद्ध ऐतिहासिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत का एक अथाह भंडार है जिस पर हमें गर्व होना चाहिए। इस ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय चेतना को भारत के घर-घर पहुचाने के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद, गुजरात में साबरमती आश्रम से एक पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के लिए समर्पित आजादी के अमृत महोत्सव कार्य म का उद्घाटन किया। आजादी का अमृत महोत्सव 15 अगस्त 2022 से 75 सप्ताह पहले शुरू हुआ था और 15 अगस्त 2023 तक चलेगा। आजादी के अमृत महोत्सव का मतलब स्वतंत्रता सेनानियों से प्राप्त प्रेरणा का अमृत। स्वतंत्रता का अमृत यानि नए विचारों का अमृत, नए संकल्पों का अमृत, स्वतंत्रता का अमृत है, एक ऐसा पर्व जिसमें भारत आत्मनिर्भर होने का संकल्प लेता है।

### तिरंगा यात्रा में सैकड़ो युवा हुए शामिल

तिरंगा यात्रा में देवेंद्र वर्मा बलराम वर्मा पीयूष शर्मा,मनोज पटेल, क्षत्र पाल वर्मा लखन चक्रधारी, राजु साहु राम विलास साहु बोधि राम साहु मनोज सिन्हा,तुषार ठाकुर,सत्यम शर्मा,शिवम दीवान, सिद्धांत तिवारी, चेत्रेंद्र वैष्णव, रोहित राजपूत, जितेंद्र साहू, मनीष साहू, रति राम साहू, साहिल, निखिल साहू, किशन पटेल, कपिल यादव, ऋत्विक सलूजा, लव निर्मलकर, जशवंत साहू, बीरेंद्र गेंद्रे, पुनेंद्र, विकाश, धर्मेंद्र, दीप, विक्रम, योगेश, गजेंद्र, आदित्य, जैतकुमार,नवीन, संजय, शीतल, कौशल, हेमंत, देवेंद्र साहू, सावन निर्मलकर, गोविंद साहू, नीलकंठ साहू, पिंटू निर्मालकर, करण देवागन, रतिराम साहू, डॉक्टर प्यारेलाल मार्कण्डेय, भूपेंद यादव, शंकर सिन्हा, शिव सिन्हा, गौतम सिन्हा, दिलहरन सिन्हा, बोधिराम साहू, टोपेंद्र सोनवानी, चंद्रकुमार सिन्हा, नंदलाल साहू, ज्ञानेश्वर साहू, हिमेंद्र साहू, टुकेंद्र साहू, शुभ साहू, गौरव साहू, महेंद्र साहू, सूर्या निशाद, विकास साहू, तिलक सिन्हा, जितेंद्र साहू, पिलाराम सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, सेवक यादव, मेघनाथ सिन्हा, प्रेमलाल पांडे, तुलाराम साहू, शुभम सिन्हा, कन्हैया बारले, बलराम वर्मा, बलराम राय, नरेश राय, रामविलास साहू, जयकिशोर वैष्णव, प्रशाद निषाद, रेखराम साहू, अशवनी साहू, अजय मिश्रा मनीष तिवारी समेत सैकड़ो युवा शामिल हुए ।

# बोड़ला कांग्रेस कार्यालय में पीताम्बर वर्मा ब्लाक अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

ब्लाक कांग्रेस कार्यलय बोड़ला में कांग्रेस पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष पीतांबर वर्मा ने ध्वजारोहण किया, सुबह से ही ब्लाक कांग्रेस कार्यकर्ता ने अपनी उपस्थिति देते हुए ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए। ब्लाक अध्यक्ष पीतांबर वर्मा ने कहा की हम सबको आजादी के पर्व और इस आजादी दिलाने वाले देश के लिए अपनी जान देने वाले उन सभी वीर सपूतों को हमेशा याद करते रहना चाहिए, इस आजादी ने हम सबको एकता के सूत्र में बंधने का संदेश देती है , अध्यक्ष ने सभी आए हुए पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिकों को धन्यवाद दिया।

# एनटीपीसी सीपत में 76वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी सीपत में 15 अगस्त को देश का 76 वां स्वतंत्रता दिवस 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह नगर परिसर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि घनश्याम प्रजापति, मुख्य महाप्रबंधक, सीपत द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत सामूहिक रूप से राष्ट्गान का गायन किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि घनश्याम प्रजापति द्वारा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का निरीक्षण किया गया।



घनश्याम प्रजापति ने अपने संबोधन में समारोह में उपस्थित सभी कर्मचारियों, उनके परिजनों को 76 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने एनटीपीसी की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि कंपनी की कुल स्थापित क्षमता 69433 मेगावाट है तथा एनटीपीसी आज थर्मल पावर के साथ-साथ सौर, हाइड्रो तथा हवा से भी बिजली उत्पादन कर रही है। इस अवसर पर एनटीपीसी सीपत की प्रमुख उपलब्धियों पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि एनटीपीसी सीपत ने वित्त वर्ष 2021-22 में 81.29 प्रतिशत पीएलएफ के साथ एनटीपीसी के सभी स्टेशनों में छठवाँ स्थान एवं 21220.75 मिलियन यूनिट का वार्षिक उत्पादन करते हुए एनटीपीसी के सभी कोयला स्टेशनों में पाँचवा स्थान प्राप्त किया है। स्ह्णङ्ग नियंत्रण हेतु एफजीडी स्टेज 1 इकाई का कार्य प्रगति पर है, और इस वित्त वर्ष में पूर्ण कर लिया जाएगा। स्टेज 2 एफजीडी का कार्य भी शुरू किया जा चुका है। वित्त वर्ष 2021-22 में 6.79 लाख मीट्रीक टन तथा वित्त वर्ष 2022-23 में 5.13 लाख मीट्रीक टन राख भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सड़क निर्माण के लिए दिया है। इस दौरान कर्मचारियों के बेहतर कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक योग्यता प्रमाणपत्र, पावर एक्सेल, एम्पलॉय ऑफ द इयर तथा मानवीयता पुरस्कार प्रदान किया गया। एनटीपीसी की श्रेष्ठ छात्र पुरस्कार के तहत परियोजना में स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में अध्ययन करने वाले छात्रों द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2021-22 में आयोजित परीक्षा में दसवीं कक्षा के परिणाम में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को क्रमश- रुपये 10,000/- तथा रुपये 7,500/- का नकद पुरस्कार दिया गया।

इसके अलावा बारहवी कक्षा में विज्ञान और वाणिज्य विषय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को रुपये 10,000/- का नकद पुरस्कार दिया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित श्रेष्ठ स्वच्छ कार्यालय और केबिन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में हर घर तिरंगा अभियान के तहत खेल परिषद द्वारा आयोजित साइकिल रैली को मुख्य अतिथि द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कमलाकर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (सीपीजी-2), रमानाथ पुजारी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), सीपत व सीपीजी2 के महाप्रबंधकगण, एस वी डी रवि कुमार, विभागाध्यक्ष (मा.सं), डिप्टी कमांडेंट मुनिराज मीणा, सीआईएसएफ, शलभ निगम, प्रिंसिपल बीबीपीएस, एवं वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण, संगवारी महिला समिति , वैशाली क्लब, खेल परिषद , संस्कृति क्लब के अध्यक्ष, सचिव व अन्य समिति सदस्य, यूनियन एसोशिएसन के प्रतिनिधिगण, नगर परिसर की गृहणियाँ व बच्चे उपस्थित रहे। इसके पूर्व संगवारी महिला समिति द्वारा संचालित बाल भवन व टॉइनी ब्लॉसम प्ले स्कूल में संगवारी महिला समिति की अध्यक्षा सरोज प्रजापति एवं पदाधिकारियों द्वारा बाल भवन में ध्वजारोहण किया गया। सेवा भवन स्टेज-1 में भी रमानाथ पुजारी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) द्वारा ध्वजारोहण किया गया। समारोह उपरांत 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत संयंत्र परिसर में स्थापित फ्युल ऑइल सेल का उद्घाटन परियोजन प्रमुख घनश्याम प्रजापति, मुख्य महाप्रबंधक सीपत द्वारा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

# नागरिकों की समस्याओं को जल्द हल करने का करते हैं प्रयास : यादव

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम सीमा में रहने वाले सभी नागरिकों की अपेक्षा रहती है कि उनका हर कार्य नगर निगम से हो जाए, जबकि वे यह नहीं जानते हैं कि कुछ काम निगम के दायरे में नहीं आते हैं। इसके बाद भी हम उनके हर तरह के काम को पूरा करने का प्रयास करते हैं। ये बातें महापौर रामशरण यादव ने सोमवार को टाउन हाल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कहीं। उन्होंने कहा कि उन लोग भी सौभाग्यशाली रहे, जिन्होंने स्वतंत्रता दिवस की 25वीं और 50वीं वर्षगांठ मनाई। हमारे लिए भी बड़े सौभाग्य की बात है कि आज हमें आजादी के 75वें साल अमृत महोत्सव मनाने का अवसर मिला है। आज हम संकल्प लेते हैं कि आजादी को कायम रखेंगे और नागरिकों को जो भी जायज जरूरत होगी, उसे पूरा करने हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि करीब एक स'ाह से लगातार बारिश हो रही है, जिसके चलते कुछ इलाकों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। इन इलाकों में रहने वाले लोगों के ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था नगर निगम ने की है। एक दिन पहले ही हमने सिरगिसी समेत 3 मोहल्ले के 500 लोगों के खाने-पीने की व्यवस्था की थी और निगम के अफसरों को निर्देश दिए गए हैं कि जब तक इनके घरों के पास से पानी उतर नहीं जाता, तब तक इनके खाने-पीने की व्यवस्था की जाए। इन्हें जहां ठहराया गया है, वहां उन्हें किसी तरह की तकलीफ का सामना न करना पड़े।



इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेश शुक्ला, पार्षद सांई भास्कर, अपर आयुक्त राकेश जायसवाल, मुख्य अभियंता सुधीर गुप्ता, प्रभारी ईई पीके पंचायती, नजुल शाखा प्रभारी जुगल किशोर, कार्यालय अधीक्षक एसएन देवांगन, निगम सचिव राजेंद्र अवस्थी आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**लोग कहते रहते हैं भला-बुरा-** महापौर यादव ने कहा कि नगर निगम एक ऐसी संस्था है, जो सीधे नागरिकों से जुड़ी हुई है। इसलिए नागरिक कुछ भी समस्या होने पर निगम को ही कोसते हैं। वे हमें भला-बुरा कहते हैं। इससे हमें नाराज होने की जरूरत नहीं है। यह उनका काम है और हमारा काम उन्हें समस्या से मुक्ति दिलाना है।

**धरोहर है यह बिल्डिंग-नजीरुद्दीन-** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभापति शेख नजीरुद्दीन ने कहा कि टाउन हाल का निर्माण 1936 में हुआ था। बिलासपुर की यह पहली बिल्डिंग है, जहां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया और यहां ध्वजारोहण किया गया। यह बिल्डिंग स्वतंत्रता दिवस समारोह की कई यादों को समेटे हुई है। वास्तव में टाउन हाल हमारे बिलासपुर शहर के लिए एक धरोहर है, जिसे हमें संजोकर रखना है।

**हम भी भाग्यशाली हैं- आयुक्त-** नगर निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी को विशेष अवसरों का इंतजार रहता है, जब हम जश्न मनाते हैं। इस ऐतिहासिक बिल्डिंग में आज स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। वे भी भाग्यशाली थे, जिन्होंने प्रथम स्वतंत्रता दिवस मनाया था। वो भी भाग्यशाली रहे, जिन्होंने 50वीं वर्षगांठ मनाई। हम भी भाग्यशाली हैं, क्योंकि आज स्वतंत्रता दिवस का 75वां साल पूरे देश के साथ मना रहे हैं।

# सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कोटा में स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कोटा
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कोटा में किया गया जिसमे मुख्य अतिथि स्वरूप वाय. एस. दुबे (रिटायर्ड कर्नल इंडियन आर्मी) तथा विशिष्ट अतिथि स्वरूप मुकेश सराफ (सी. ई. ओ. सेंट जेवियर्स चैन ऑफ स्कूल) उपस्थिति थे।कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण कर व राष्ट्गान द्वारा किया हुई तथा देशभक्ति से ओत प्रोत नारे भी लगाए गए। तत्पश्चात भारत माता व अन्य स्वतंत्रता सेनानियों की फोटो पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। मंच का संचालन करते हुए स्कूल की शिक्षिका कु. साक्षी दापुरकर जी ने सर्वप्रथम प्रधानाचार्य आदित्य प्रसाद कटारे को मंच पर भाषण हेतु आमंत्रित किया अपने भाषण में आदित्य प्रसाद कटारे ने देश के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को कभी नहीं भूलना चाहिए और देश की प्रगति की ओर निरंतर अग्रसर होना चाहिए। इसके बाद वाय. एस. दुबे ने विद्यार्थियों का संबोधन करते हुए देश के युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम की स्थिति से अवगत कराया उन्होंने बताया की किन कठिनाइयों से हमे आज ये आजादी प्राप्त हुई है उन्होंने कहा कि युवाओं को पूरे जोश के साथ देश की प्रगति व उन्नति के लिए हर क्षेत्र में अपना योगदान देना होगा। खुद से पहले अपने देश के बारे में सोचना होगा यह कहकर उन्होंने अपने भाषण के अंत में भारत माता की जय व वंदे मातरम् के नारे लगाए। तत्पश्चात श्री मुकेश सराफ जी ने मंच पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर अपने विचार व्यक्त किए जिसमे उन्होंने इस स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए शिक्षा के महत्व को बताया । तथा देश में हो रही विभिन्न प्रगतिशील कार्यों से अवगत कराया। तत्पश्चात सेंट जेवियर्स स्कूल की चली आ रही परंपरा का पालन करते हुए अलंकार समारोह का आयोजन हुआ जिसमें छात्रा वसुंधरा मांडवी हेड गर्ल, छात्र श्याम चौबे हेड बॉय, मुस्कान गुप्ता डिसिप्लिन कैप्टन, श्रेया भारद्वाज स्पोकन इंग्लिश कैप्टन, इशिका गुप्ता कल्चरल इंचार्ज, जसप्रीत सिंह स्पोर्ट्स इंचार्ज, दीक्षा सिंह क्लीनलीनेस कैप्टन तथा अन्य विद्यार्थियो को विभिन्न पदों से सम्मानित किया गया।



## देश की स्वतंत्रता को सहेज कर रखना प्रत्येक भारतवासीयों की जिम्मेदारी- राजेश्री महन्त

**शिवरीनारायण।** स्वतंत्रता दिवस के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं श्री दूधाधारी मठ तथा श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने सत्संग भवन रायपुर में ध्वजारोहण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षा की अधिकता के कारण ध्वजारोहण भवन के सामने प्रांगण में किया गया तत्पश्चात सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ। निर्धारित समय पर ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्गान गाया गया। भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद, महात्मा गांधी अमर रहे के नारों से आकाश गूंज उठा। भारत माता एवं महात्मा गांधी के तैल चित्र पर धूप अगरबत्ती जलाकर पूजा अर्चना की गई है। अतिथियों का स्वागत साल, श्रीफल, एवं पुष्प माला से किया गया। इस अवसर पर अपने संदेश में राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि- भारतीय स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ को हम सभी अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं!



## प्रभारी मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने किया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में सियान सदन और कैंटीन का शुभारंभ

**मुंगेली।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने जिला मुख्यालय स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में सियान सदन और पुष्प वाटिका परिसर में नगरपालिका कैंटीन का शुभारंभ किया। सियान सदन के शुभारंभ के दौरान प्रभारी मंत्री ने वहां कैरम खेलकर बुजुर्गो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को एक ही जगह पर एक ही छत के नीचे मनोरंजन का साधन उपलब्ध होगी। जहां वरिष्ठ नागरिक कैरम बोर्ड, चेस बोर्ड, विभिन्न प्रकार की साहित्यिक एवं धार्मिक किताबें आदि का आनंद ले सकेंगे। इसी तरह उन्होंने कैंटीन के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि कैंटीन के प्रारंभ होने से स्टेडियम में पहुंचने वाले नागरिकों को बेहतर जलपान की सुविधा उपलब्ध होगी। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री ने बज्जर मुंगेली व मलखम के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से भी मुलाकात की और उन्हें प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित किया।



## वैभवी एजुकेशन सोसायटी में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया



**कोटा।** वैभवी एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी रतनपुर के द्वारा 75वें आजादी का अमृत महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। वैभवी एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी रतनपुर के डायरेक्टर ठा. प्रेम सोमवंशी द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस दौरान नर्सिंग टीचर, ऑफिस स्टाप सहित नर्सिंग स्टूडेंट्स बड़ी संख्या में शामिल हुए। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्गान के बाद झंडे को सलामी दी गई। इस दौरान वैभवी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी के डायरेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा देश करीब 200 साल बाद 1947 में आजाद हुआ उसमें कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस दिन हम अपने राष्ट के गौरव तिरंगे को सम्मान देते हैं साथ ही उन वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी याद करते हैं जिनकी वजह से हमारा भारत देश आजाद हुआ है। नर्सिंग स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान वैभवी एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी रतनपुर के डायरेक्टर ठा. प्रेम सोमवंशी, नर्सिंग टीचर, ऑफिस स्टाप सहित बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टूडेंट्स शामिल हुए।

## पंडित भोला शंकर तिवारी ने जगन्नाथपुरी धाम में भी निकाली तिरंगा रैली

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जहां पूरे देश में आजादी के अमृत महोत्सव 75 वीं वर्षगांठ के जश्न में पूरे देश ने उत्साह के साथ भागीदारी करी तो वही शक्ति क्षेत्र के सुप्रसिद्ध भागवत कथा आचार्य एवं छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थ पंडित भोला शंकर तिवारी ने अपने परिवार एवं अन्य नागरिकों के साथ जगन्नाथ पुरी धाम में पहुंचकर लोगों को आजादी के अमृत महोत्सव 75 वीं वर्षगांठ पर भागीदारी करवाई,इस अवसर पर पंडित भोलाशंकर तिवारी के साथ चंद्रपुर पद यात्रा सेवा समिति शक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल चूड़ी वाले, शक्ति अंचल के प्रतिष्ठित कलाकार अमित तंबोली, हिमाक्षी तिवारी सहित काफी संख्या में अन्य नागरिक गण मौजूद थे, इस दौरान पंडित भोला शंकर तिवारी द्वारा पुरी धाम में शहर के विभिन्न मार्गो में हाथों में तिरंगा लेकर तिरंगा रैली भी निकाली गई, इस अवसर पर काफी संख्या में लोग इस तिरंगा रैली में शामिल थे तथा राष्ट्र भक्ति के घोष के साथ लोग तिरंगा लेते हुए चल रहे थे, इस दौरान जगन्नाथ मंदिर तक यह रैली निकाली गई तथा लोगों ने इस रैली में उत्साह के साथ सहभागीता करते हुए इसे एक अनुकरणीय प्रयास बताया तथा पंडित भोला शंकर तिवारी ने कहा कि आज आजादी के अमृत महोत्सव के इस अवसर पर हम सभी 75 वीं वर्षगांठ के गौरवशाली दिवस पर इस आयोजन में शामिल हैं, तथा हम भारत माता को वंदन करते हुए सदैव भारत भूमि एवं भारत माता की आन बान एवं शान के लिए दृढ़ संकल्पित होकर अपना कार्य करेंगे ऐसा संकल्प भी लेते हैं,तो वहीं जगन्नाथ पुरी धाम में राष्ट्रप्रेम को लेकर हुई इस अनुकरणीय पहल के लिए लोगों ने पंडित भोला शंकर तिवारी सहित उनके मित्रों का भी साधुवाद ज्ञापित किया है तथा पंडित भोला शंकर तिवारी सहित उनके साथ पहुंचे लोगों ने भी जगन्नाथ पुरी धाम में दर्शन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया एवं क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की खुशहाली की कामना भी की।

# विद्याभूमि इंग्लिश मीडियम स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ बाराद्वार
www.dailypioneer.com

विद्याभूमि इंग्लिश मिडियम स्कूल में स्वतंत्रता के 75वें अमृत महोत्सव को बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। विद्याभूमि स्कूल के द्वारा बड़े ही अनोखे तरीके से नगर के सम्मानीय नागरिकों को मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया जिन्होंने अपने जीवन के (आजादी के ) 75 वर्ष पूरे किए हैं । जिन्होंने अपने जीवन के 75 वर्ष आजादी के जिये है वे लोग आज मुख्य अतिथि की आसंदी पर विराजमान थे श्री ख्यालीरामजी अग्रवाल, श्री श्यामलाल जी सांवडिया, श्री घनश्याम अग्रवालजी, श्री गोविंदराम जी सिंघानिया एवं श्री रामौतारजी अग्रवाल। मुख्य अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम राष्टध्वज का पुजावंदन कर ध्वज फहराया गया। देश की ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर राष्टगान गाकर व भारत माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया । कार्यक्रम के अगले चरण में हमारे आज के मुख्य अतिथि घनश्याम अग्रवालजी ने अपने उद्बोधन में आजादी के उन क्रांतिकारियों को याद किया जिन्होंने स्वयं का बलिदान देकर हम सब को आजादी दिलाई व अपने आपको गौरवान्वित महसूस किया कि वे आज इस पावन पर्व पर उपस्थित है व स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के आनंद उत्सव में सम्मिलित हुए हैं। बाकि सभी अतिथियों ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश केडिया एवं मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्षा सत्यभामा केडिया जी ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिये प्रेरित किया। विद्यालय समिति के सदस्य अभिनंदन केडिया ने स्वतंत्रता के 75 वें अमृत महोत्सव में आए हुए मुख्य अतिथियों जिन्होंने आजादी के 75 वर्ष पूरे किए है उन्हे शुभकामनाएं देते हुए इस अनोखे परंपरा की सराहना की। तत्पश्चात हमारे स्कूल के डायरेक्टर शरद केडिया के द्वारा नौनिहालों को आजादी का महत्व समझाते हुए आजादी के 75 वें वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।इसके पश्चात विद्याभूमि स्कूल के नन्हे-मुन्रे बच्चों के द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत होकर अनेक देश भक्ति गीत व भाषण प्रस्तुत किया गया।



## जन सेवा समिति हटरी धर्मशाला प्रबंधन समिति ने किया ध्वजारोहण

**सक्ती।** आजादी के अमृत महोत्सव 75 वीं वर्षगांठ का जश्न जहां 15 अगस्त को पूरे देश ने मनाया तो वही शक्ति शहर की प्रतिष्ठित जन सेवा समिति हटरी धर्मशाला ने भी इस मौके पर धर्मशाला परिसर के ऊपरी मंजिल में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस अवसर पर जन सेवा समिति के सदस्यों ने ध्वजारोहण किया, साथ ही सभी बंधुओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं भी प्रेषित की, इस दौरान प्रमुख रुप से जन सेवा समिति शक्ति के अध्यक्ष अशोक खेतान, सुरेश अग्रवाल,पूर्व अध्यक्ष गोविंद राम कथूरिया, ओमप्रकाश बंसल, पंडित मदन मोहन शर्मा नोटरी ऑफिसर, मनोज बंसल, अजय अग्रवाल, हुकुमचंद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल सहित काफी संख्या में सदस्य गण मौजूद रहे।



## हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान

**सक्ती।** अमृत महोत्सव आजादी के बाद 75 वीं वर्षगांठ पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के तहत नैला जांजगीर नगर में अमर सुल्तानिया के नेतृत्व में पूरी टीम के द्वारा निःशुल्क घर-घर तिरंगा वितरण किया गया । सभी नगर वासियो में उत्साह दिखा सभी ने बढ़ चढ़कर अपने घर पर तिरंगा लगाया पूरी टीम भारत माता की जय वंदे मातरम के जयघोष के साथ हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा फहराया गया,इस अवसर पर अमर सुल्तानिया ने कहा कि आजादी के 75 वीं वर्षगाठ को पुरे देश में आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा । इसके तहत हम सभी को पुरे मान सम्मान के साथ अपने घरों में तिरंगा झण्डा फहराना है , तिरंगा झण्डा हमारे शान का प्रतिक है तिरंगा को हमे झुकने नही देना है , और ना ही गिरने देना है । यह पल हमारे देश के लिए बहुत ही गर्व होगा कि हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान के तहत हम सभी को अपने घरों में झण्डा फहरा कर इसे पर्व के रूप में धुमधाम से मनाना है,इस अवसर पर मनीष तिवारी, हितेश यादव, सुधीर झाझडिया, जितेन्द्र खाण्डे, वीरेंद्र सिंह, आशीष गोयल, साकेत तिवारी, मणीकांत अग्रवाल, मुकेश भोपालपुरिया, रामलल्ला सिंह, लक्ष्मी राठौर, निखिल शुक्ला, आलोक राठौर, प्रवीण, कमल बसईवाल, उपस्थित थे।



## भारी बारिश से हुई फसल एवं मकान क्षति का सर्वे कर जल्द मुआवजा प्रकरण तैयार करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले में अत्यधिक बारिश के कारण हुई फसल एवं मकान क्षति का सर्वे कर मुआवजा प्रकरण तैयार करने के निर्देश अधिकारियो को दिए हैं। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी सहित जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदार को प्रभावित इलाकों का दौरा कर जल्द से जल्द इस संबंध में कार्यवाही करने कहा है। कलेक्टर ने बारिश के कारण सड़कों को हुई क्षति का निरीक्षण कर जर्जर सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियो को दिए हैं। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने बारिश के कारण जानहानि के मामलों में पीड़ितों को पूरी संवेदनशीलता के साथ तत्काल राहत दिलाने के लिए निर्देश दिए हैं। अत्यधिक बारिश और जल भराव के कारण जिले में जनहानि, पशु हानि, फसल क्षति, मकान क्षति का आंकलन कर पीड़ितों को भुगतान सर्वोच्च प्राथमिकता करने से कहा है।



**राजस्व प्रकरणों का निराकरण तेजी से करें-** कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा, व्यपवर्तन, नक्शा-बंटाकन, डिजिटल हस्ताक्षर, खाता विभाजन, अभिलेख शुद्धता, नजूल आदि लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने पटवारी एवं तहसीलदारों को अपने-अपने मुख्यालयों में रहने और तत्परता से कार्य करने के लिए कहा। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने सी मार्ट, गोठानों में गोबर खरीदी, स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना, धान के बदले अन्य फसल, वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, सुपोषण अभियान, राजीव गांधी आश्रय योजना, भूमिहीन कृषि मजदूर योजना आदि योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए समय-सीमा में लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## गोबर से बिजली बनाने के लिए 'भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर' के साथ किया गया एमओयू

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के 75वीं वर्षगांठ मुंगेली जिले में गरिमा के अनुरूप हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने मुख्य अतिथि की आसंदी से प्रातः 09 बजे जिला मुख्यालय मुंगेली स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने ध्वजारोहण पश्चात् परेड की सलामी ली एवं मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर और जिले के पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह भी मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुरू रूद्रकुमार को पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दी गई। परेड कमांडर नरगिस तिग्गा और उप कमांडर सत्यम चौहान के नेतृत्व में पुलिस बल, नगर सेना, और बी. आर. साव हा. से. स्कूल, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल, नगरपालिका स्कूल मुंगेली तथा सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के एनसीसी व एनएसएस के बच्चों ने मार्च पास्ट किया। जिसके बाद मुख्य अतिथि ने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुरू रूद्र कुमार ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अपनी ओर से प्रदेश सहित मुंगेली जिले के नागरिकों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी और उन्होंने मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा प्रेषित स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन किया। तत्पश्चात् प्रभारी मंत्री गुरू रूद्र कुमार ने शहीद आनंद सिंह के पत्नि ममता राठौर, शहीद धनजंय सिंह राजपूत के बड़े भाई नेमसिंह राजपूत और शहीद राजकमल कश्यप के पुत्र रजनीश कश्यप को शाल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया।



## राजपूत युवा मोर्चा एवं राष्ट्रभक्तों ने निकाली 'बाइक तिरंगा यात्रा'

**मुंगेली।** देश की आजादी के 75 वें वर्ष को अमृत महोत्सव के तहत देश में विभिन्न संगठनों और सरकार द्वारा मनाया जा रहा है इसी बीच राजपूत युवा मोर्चा एवं राष्ट्रभक्तों लोरमी द्वारा 'बाइक तिरंगा यात्रा' निकालकर लोगो को देश की आजादी का 75 वे वर्ष को जश्न के साथ मनाया गया । यह विशाल बाइक रैली लोरमी कालेज ग्राउंड से शुरू होकर रेस्टहाउस, फव्वारा चौक, मुंगेली चौक ,पुराना बस स्टैंड, नहर चौक, तहसील चौक, शारदा नहर होते हुए पुनः लोरमी नगर में प्रवेश किया । इस तिरंगा यात्रा के मुख्यमंत्री अतिथि लेखनी सोनु चंद्राकर अध्यक्ष जिला पंचायत मुंगेली ने भारतमाता की आरती पूजा कर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा हम तो भारत माता के वो सिपाही है जिनकी पीढ़ियों ने इस तिरंगे के लिए कुर्बानिया दी शहादते दी सीने पर गोलियां खाई , अपना लहू बहाया हम तो वो लोग है जो अपनी माँ भारत माता को गुलामि की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए दुनिया के शायद सबसे स्वतंत्रता संग्राम के हिस्सा बने , हमारे पुरखे लड़े कुर्बानियां दी अंग्रेजो से आजादी छीन कर हासिल की फिर अपने देश को एक नई ताकत देने के लिए , अपने देश के नागरिको को गरिमा और सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने के लिये हमे एक सविधान दिया।



## 'हर घर तिरंगा' मेरे लिए सपने सच होने जैसाः नवीन जिन्दल



**रायपुर।** 16अगस्त जिन्दल स्टील एंड पॉवर के मशीनरी डिविज़न, रायपुर में आज़ादी का अमृत महोत्सव की धूम के बीच भारत का छिहत्तर वां स्वतंत्रता दिवस गौरवान्वित रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चेयरमैन नवीन जिन्दल जी ने अपने संदेश में कहा - यह दिवस, उपलब्धियों पर गर्व करने का अवसर है। निशाने बाज़ी में पहले भारतीय स्वर्ण पदक हेतु मैराज खान जी बधाई के पात्र हैं, उन्होंने 46 वर्ष की उम्र में यह उपलब्धि हासिल कर हम सभी को गौरवान्वित किया है। मेरा तिरंगा, आपका तिरंगा, हर घर तिरंगा, हर दिन तिरंगा हर घर तिरंगा विचार एवं व्यवहार में लाने के लिए अत्यधिक संघर्ष भी हुआ। आज यह मौलिक अधिकारों में है, यह महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर रायपुर यूनिट के प्लांट हेड नीलेश शाह जी, कार्मिक प्रमुख सूर्यदेव दुबे जी के साथ मुकेश तिवारी, प्रकाश पटेल, कमल शर्मा, नितिन गर्ग, सुरक्षा प्रमुख पाण्डे जी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों के साथ उनका परिवार तथा कर्मियों के साथ बच्चों ने भी प्लांट में ही मनाया, आज़ादी का अमृत महोत्सव, भारत का 76 वां स्वतंत्रता दिवस।

## 15 अगस्त स्वतंत्रता की हीरक जयंती एवं महर्षि अरविंद का 150वां जन्म दिवस मनाया गया

**रायपुर।** अरविंदो आश्रम, कचना में आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ व योगिराज अरविंद का 150वां जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया।



प्रातः 9.30 बजे संस्था की अध्यक्ष डॉ इंदिरा मिश्र द्वारा ध्वजारोहण में संस्था के सदस्यगण और अरविंदो काम्प्लेक्स में कंप्यूटर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित सभा में डॉ इंदिरा मिश्र ने योगिराज अरविंद का परिचय व समिति की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। संस्था सदस्य डॉ गीता वर्मा, डॉ ओ पी कश्यप, अंजली मुखर्जी और कंप्यूटर प्रशिक्षिका सोनल चंद्राकर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अरविंद की देश की स्वतंत्रता में भूमिका एवं समाज सेवा पर विचार व्यक्त किये। सभा का संचालन संयुक्त सचिव एस वर्मा ने किया। आगामी 18 सितंबर को स्थानीय वृंदावन हाल में योगिराज के विचारों को विस्तार से व्यक्त करने के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में 'अरविंद सोसाइटी' से सम्बद्ध देश के ख्यातिनाम वक्ता भाग लेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम में संबोधन हेतु माननीय राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी से भी अनुरोध किया गया है।

## अध्यक्षा सेक्रो राधा गुप्ता ने किया ध्वजारोहण एवं रेल्वे चिकित्सालय में मरीज़ो को बेडशीट एवं फूड पैकेटस का वितरण

**रायपुर।** 76वे स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर रायपुर मंडल के दक्षिण पूर्व



मध्य रेल्वे महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित टिनी टॉट स्कूल-1 एवं टिनी टॉट स्कूल-2, डब्ल्यू आर एस कॉलोनी, रायपुर में ध्वजारोहण किया गया। स्वतन्त्रता दिवस के इस अवसर पर सेक्रो अध्यक्षा राधा गुप्ता द्वारा रायपुर मंडल चिकित्सालय एवं बीएमवाय रेल्वे चिकित्सालय में मरीज़ो को बेडशीट एवं फूड पैकेटस का वितरण किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम सेक्रो अध्यक्षा राधा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। साथ ही शिखा विशनोई एवं सुनीता मिश्रा, उपाध्यक्षा /सेक्रो, संचिता बेनर्जी, कोषाध्यक्ष/सेक्रो, शिवानी गुप्ता, सह सचिव/सेक्रो एवं अन्य सेक्रो सदस्यों की सहभागिता रही।

## पीएनबी मेनब्रांच में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

**रायपुर।** पंजाब नैशनल बैंक मंडल कार्यालय रायपुर द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, मंडल प्रमुख



मनोज कुमार राय जी के तत्वावधान में मेन ब्रांच मोतीबाग, रायपुर में मनाया गया। इस अवसर पर विभाजन से जुड़ी लगभग 50 स्मृतियों को 10 - 14 अगस्त तक बैनर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया और साथ ही सी के पंडा मुख्य प्रबंधक द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल कार्यालय और शाखा रायपुर मेन के स्टाफसहित बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी भी उपस्थित थे। पंडा ने बताया कि भारत का विभाजन और दो नए राष्ट्रों का निर्माण सन 14 अगस्त, 1947 को पाकिस्तान एवं सन 15 अगस्त, 1947 को भारत के रूप में हुआ।

## हाई स्कूल की कक्षाएं नये स्कूल भवन में हो रही है संचालित

**जशपुरनगर।** जिला शिक्षा अधिकारी जे.के.प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया



कि बगीचा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कलिया का विगत दिवस 14 अगस्त को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बगीचा द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कलिया के 02 कमरे अच्छी स्थिति में हैं तथा 01 कक्ष खराब स्थिति में है। 02 अतिरिक्त कक्षों में हाई स्कूलों की कक्षाएं संचालित हो रही थी। हाई स्कूल कलिया का नवीन भवन बनकर तैयार हो जाने के कारण हाई स्कूल की कक्षाओं को नये स्कूल भवन में संचालित हो रही है। अब पूर्व माध्यमिक शाला में 04 कक्ष उपलब्ध हैं। जिसमें कक्षा 6वीं, 7वीं एवं कक्षा 8वीं अच्छे से संचालित की जा रही है। समस्या का निराकरण कर लिया गया है। 01 जर्जर कक्ष का प्राक्कलन मंगाकर मरम्मत हेतु राशि की मांग का प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

## स्कोडा कोडियाक की वापसी : पूरे भारत में डीलरशिप में 2023 की पहली तिमाही के लिए बुकिंग चालू

**रायपुर।** भारत में स्कोडा ऑटो द्वारा उन्नत और बेहतर कोडियाक को लॉन्च किया गया था, तो यह लग्ज़री 4×4 48 घंटे के भीतर बिक गई थी। 2022 की पहली छमाही में ग्राहकों से लगातार मिल रही इन्क्वायरीज को देखते हुए कंपनी ने वर्ष 2023 के लिए तकनीकी रूप से उन्नत एसयूवी की नई उपलब्धता की घोषणा की है। इसकी कीमत INR 37,49,000 से आरम्भ होती है और यह कीमत 2023 की पहली तिमाही के लिए प्रयोज्य होगी। इस एसयूवी की बुकिंग राशि 50,000 रुपये है और इसे भारत में केवल स्कोडा ऑटो डीलरशिप में बुक किया जा सकता है।स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, जैक होलिस ने कहा कि, कोडियाक एक आला दर्जे की लग्ज़री 4×4 और हमारी फ्लैगशिप पेशकश है। जनवरी में लॉन्च होने के बाद इस एसयूवी को मिली प्रतिक्रिया अद्भुत थी। मेरे पास अभी भी इस वाहन के लिए रिक्वेस्ट आते हैं जो दर्शाता है कि भारत में सही कीमत वाले गुणवत्तापूर्ण, आरामदेह और तकनीकी रूप से उन्नत एसयूवी के लिए काफी बढ़िया माँग है।

# कलेक्टर ने गोबर खरीदी की ऑनलाइन एंट्री प्राथमिकता से करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर कृष्ण कुंज की निर्माण की प्रगति, गौमूत्र की खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट खाद, चारागाह, बाड़ी विकास, मल्टीएक्टीविटी, स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण-पत्र, राजस्व के लंबित प्रकरण, मुख्यमंत्री जनचौपाल, टीएल के लंबित प्रकरण सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव, वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने कृष्ण कुंज निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी नगरीय निकाय के अधिकारियों को कृष्ण कुंज के निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकाय के अधिकारियों को गोबर खरीदी की ऑनलाइन एंट्री प्राथमिकता से करने के लिए कहा है। गौठान के नोडल अधिकारियों को भी एंट्री में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। पशुपालन के अधिकारी को जिले के चिन्हांकित 02 गौठानों में गौमूत्र की खरीदी करके कीटनाशक दवाईयां बनाने के लिए कहा गया है। पशुपालन अधिकारी ने बताया कि गौठान में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका से जोड़ने के लिए 182 गौठानों को मुर्गी यूनिट, 118 गौठानों को बकरी यूनिट और 21 गौठानों को सुअर यूनिट के साथ बदक और बटेर उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही महिलाएं मछली पालन, मशरूम उत्पादन आदि आजीविका से भी जुड़ी हुई हैं। कलेक्टर ने गौठानों को सुरक्षित रखने के लिए चिन्हांकित गौठानों को घेराव कराने के लिए कहा है। साथ गौठानों में पशुओं को चारा उपलब्ध हो सके इसके लिए नेपियर घास भी लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूल, आश्रम-छात्रावास में मुनगा का पेड़ लगाने के निर्देश दिए हैं।

जिले में कुपोषण को दूर करने के लिए चिन्हांकित अति कुपोषित और गंभीर कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य केन्द्र के एनआरसी केन्द्र में रखकर पूरक पौषण आहार और अन्य सुविधाएं देने के लिए कहा गया है। आंगनबाड़ी केन्द्र के सीडीपीओ और पर्यवेक्षकों भी इसके नियमित निगरानी बना के रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जल संवर्धन और संरक्षण के लिए विभाग प्रमुखों को अपने-अपने कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के लिए कहा गया है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य सुविधाओं की भी जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 01 अप्रैल से 14 अगस्त 2022 तक 2174 मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक के माध्यम से 1 लाख 20 हजार 7 सौ 54 लोगों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर ने धन्वतरी मेडिकल स्टोर से भी जरूरतमंद लोगों को सस्ती दवा का लाभ देने के लिए कहा है।

## मैट्स यूनिवर्सिटी में स्वतंत्रता दिवस का रंगारंग आयोजन




पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैट्स यूनवर्सिटी के रायपुर एवं आरंग कैम्पस में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरंग कैम्पस में मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति एवं रायपुर कैम्पस में कुलसचिव ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए तथा देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मैट्स यूनवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो. के.पी. यादव, उपकुलपति डॉ. दीपिका ढांड, कुलसचिव गोकुल नंदा पंडा सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, कर्मचारी, विद्यार्थीगण एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रागंण में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सजावट की गई। सभी सम्मानीय उपस्थितजनों ने कार्यक्रम का जमकर लुफ्त उठाया।

## प्रगतिशील यादव समाज संग जश्न-ए-आजादी के रंग





**रायपुर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के आव्हान पर रविवार 14 अगस्त 2022 को छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ के वीर अहीरों ने राममणि यादव, अशोक यादव, देव यादव, कमल यादव, राजेश यादव, शशिकांत यादव और नारीशक्ति शोभा यादव, स्वीटी ठेठवार, किरण यादव, भारती यादव, मिलन यादव, चित्रकला यादव, अरुणा यादव, मालती यादव, विद्या यादव, नेहा यादव आदि के अगुवाई में हाथों में तिरंगा लिए सफेद ड्रेस कोड में शहीद स्मारक भवन स्थित अपने कार्यालय से शास्त्री चौक की परिक्रमा कर शारदा चौक होकर तिरंगा रैली निकाली जो आजादी की लड़ाई का प्रतीक जयस्तंभ पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष के साथ संपन्न हुई। महासंघ के महासचिव निरंजन यादव ने बताया कि 15 अगस्त 2022 को रिमझिम फुहारों युक्त नई सुबह के बीच पूरे जोश खरोश और सैनिक सम्मान के साथ कैप्टन (इंडियन नेवी) अनुराग तिवारी और लेफ्टिनेंट शैलेश शुक्ला के नेतृत्व में ध्वजारोहण संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि की आसंदी से सैनिक कल्याण बोर्ड रायपुर प्रमुख तिवारी एवं वेलफेयर ऑर्गेनाइजर शुक्ला ने उपस्थित युवाओं से अपील की कि वे अग्निवीर बन देश सेवा करें और अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने बताया कि अग्निपथ में आवेदन करने की अंतिम तिथि 03 सितंबर 2022 है।

## छग राज्य ग्रामीण बैंक ध्वजारोहण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित एक गरिमामय समारोह में बैंक के अध्यक्ष आई के गोहिल ने ध्वजारोहण किया।अध्यक्ष आई के गोहिल ने कार्यक्रम में देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अमर शहीदों को नमन कर पूरे देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।बैंक के सेवायुक्तो को संबोधित करते हुए अध्यक्ष आई के गोहिल ने कहा कि उत्तम ग्राहक सेवा प्रदान कर प्रदेश और देश के आर्थिक विकास में सकारात्मक भूमिका निभाए और यह प्रयास करे की छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की तुलना हमारे देश के अग्रणी बैंको में हो।उन्होंने सभी को आजादी के अमृत महोत्सव की बधाई दी और प्रधान कार्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक विजय अग्रवाल, ए के बेहेरा, अरविंद मित्तल, ए के निराला और सहायक महाप्रबंधक सतीष कश्यप , एन मूर्ति ने भी अपने ओजस्वी उदबोधन से समा बांध दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संतोष परिहार नवीन शर्मा, रतन झा, मोहित सिंघल, अभिलाष अवस्थी ,सुनील शर्मा ने देशभक्ति गायन और कविता से सेवायुक्तो का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार मिश्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रभु बेदी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक चित्रलेखा साहू, शिशिर शुक्ला, सुभाष नायडू,,गोविंद विश्वकर्मा,मनोज उस्तान, आर के लालवानी और क्षेत्रीयप्रबंधक अमरजीत खनूजा उपस्थित थे।

## अमृत महोत्सव का आयोजन



**रायपुर।** पारस इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजूकेशन में स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के रूप में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान की डायरेक्टर कविता कुम्भज और खेडू राम सोनकर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर इंस्टिट्यूट द्वारा रैली आयोजन किया गया जिसमे सभी से हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने का आव्हान किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं के द्वारा देश भक्ति गाना, डांस प्रस्तुत किया गया। अमृत महोत्सव के अवसर पर सभी छात्र छात्राओं में भारी उत्साह था। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को मेडल और शील्ड प्रदान किया गया। कविता कुम्भज ने आजादी के आंदोलन में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। अंत मे सभी बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया।

## उर्दू पुस्तकालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



**बलौदाबाजार।** सुन्नी मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सैयद आरिफ अली व इंतेजामिया कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य गणों द्वारा स्थानीय अंजुमन मदरसा, उर्दू स्कूल व उर्दू पुस्तकालय में आज स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया समाज के अध्यक्ष सैयद आरिफअली ने ध्वजारोहण किया व मदरसे के बच्चों ने राष्ट्रगान गाया जामा मस्जिद के इमाम सफ ीउल्लाह खान साहब ने देश में फैली अराजकता दूर हो, अमन, सुखचैन, भाईचारा कायम हो और देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी, कमेटी के सचिव मोहम्मद जिलानी ने बच्चों में बूंदी बांटी इस मौके पर बच्चों ने मदरसे को रंगीन फु ग्गो से सजाया कार्यक्रम में समाज के नसीम अहमद, सैयद महमूद अली, इब्राहिम खान, अनवर खान, अब्दुल रज्जाक चौहान, बाबा खान, कलीम अहमद, मौलाना इस्तखार, सरवर खान, सैयद आसिफअली अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में जय हो वॉलंटियर को प्रशस्ति पत्र किया गया प्रदान





पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जशपुर के रणजीता स्टेडियम में संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व विधायक कुनकुरी यू.डी. मिंज की उपस्थिति में आयोजित जिला स्तरीय कार्य म में लोगों को जागरूकता के लिए जय हो वॉलंटियर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम रोशन उरांव द्वितीय कलिंदर राम तृतीय सुधा बाई को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जशपुर विधायक विनय भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, जनपद पंचायत अध्यक्षकल्पना लकड़ा, नगरपालिका उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक डी. रविशंकर, जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्यय, सयुक्त कलेक्टर अजयकिशोर लकड़ा, एसडीएमबालेश्वर राम, मनोज सागर यादव, अजय गुप्ता, सहस्त्रांशु पाठक, अनिल किस्पोट्टा, सूरज चौरसिया, अमित महतो, मुरारीलाल अग्रवाल, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

## अग्निवीर रैली का आयोजन 13 से 22 नवम्बर तक रायपुर में

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय थल सेना भर्ती (अग्निवीर) रैली का आयोजन 13 नवम्बर से 22 नवम्बर 2022 तक रायपुर में किया जा रहा है। इस आयोजन में सम्मिलित होने हेतु आवेदकों को संबंधित वेबसाईट में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि 03 सितम्बर 2022 है। इस आयोजन में जनरल ड्यूटी अग्निवीर, टेक्निकल अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर एवं अग्निवीर ट्रेड के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। इस भर्ती रैली में सम्मिलित होने के लिए आवेदकों की अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता पदवार 8वीं, 10वीं, 12वीं तथा जन्म तिथि 01 अक्टूबर 1999 से 1 अप्रैल 2005 के बीच होना चाहिए। विस्तृत जानकारी हेतु हेल्पलाइन नम्बर 0771-2965213, 0771-2965212 पर सम्पर्क कर सकते है।



## छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग कार्यालय रायपुर में ध्वजारोहण

**रायपुर।** आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग में कार्यवाहक अध्यक्ष गिरिधारी नायक द्वारा, सदस्य नीलम चंद सांखला, संयुक्त सचिव मीनाक्षी गोण्डाले, समस्त अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया।

**MUNICIPAL COUNCIL BHATGAON, DISTRICT-SURAJPUR**

**E-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**UDD Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**NO: 2520/NIT/BHATGAON/S/2022-23** **BHATGAON Dated-16/08/2022**

Online bids are invited for the following works of Items up to:Start Date and Time 16-08-2022 (Start date & time of Bid preparation) at 17:30 hours. (IST) on wards.

| NO. | SYSTEM TENDER NO. | Name of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1. | 106945 | CONSTRUCTION OF BT ROAD FROM AASHIYANA TO BYPASS AT WARD NO. 12 (ROAD SOR 01/01/2015) | Rs. 32.05 Lacs |
| 2. | 106947 | CONSTRUCTION OF BT ROAD FROM VIRENDRA HOUSE TO LIQUO R SHOP AT WARD NO. 08 (ROAD SOR 01/01/2015) | Rs. 35.46 Lacs |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-proc Portal https://eproc.cgstate.gov.in on Sub Portal of Urban Administration and development Department. https://eproc.cgstate.gov.in from (Start Time) Date 16-08-2022 17:30 hours (IST) and Bid Due Date & Time 05-09-2022 Before 5.30 PM onwards.

**Chief Municipal Officer**
**Municipal Council Bhatgaon**
**District - surajpur**

## आजादी के अमृत महोत्सव: मैत्री फुटबॉल मैच में कलेक्टर इलेवन 5-0 से विजयी

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जशपुर के रणजीता स्टेडियम में रिमझिम फुहारों के बीच जिला प्रशासन एवं नागरिकों के मध्य मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जहां नागरिक इलेवन टीम की अगुवाई संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व विधायक कुनकुरी यू.डी. मिंज एवं कलेक्टर इलेवन टीम की अगुवाई कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने की। मैच में सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, एसपी जशपुर डी. रविशंकर, एसडीएम जशपुर बालेश्वर राम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों, अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने खेल में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मैच काफी रोमांचक रहा। मैदान में दर्शकों ने इसका खूब लुत्फ उठाया। मुकाबले में कलेक्टर इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 5 गोल किए। वहीं नागरिक इलेवन के द्वारा कोई गोल नहीं किया जा सका। इस प्रकार कलेक्टर इलेवन की टीम 5-0 से विजयी घोषित हुआ।इस अवसर पर संसदीय सचिव मिंज ने कहा कि हम सभी आजादी का 75वां वर्षगांठ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं नागरिकों के मध्य इस प्रकार के खेलों का समय समय पर आयोजन होना चाहिए। इससे परस्पर भाई चारे एवं आपसी सौहार्द्र की भावना बढ़ती है। इस आयोजन के लिए उन्होंने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। कलेक्टर अग्रवाल ने मैच में आए सभी आम नागरिकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस तरह के खेल के आयोजन से एक बेहतर बाउंडिंग बनता हैं। प्रशासन एवं नागरिकों के मध्य मैत्री की बेहतर भावना विकसित होती है। आपसी सामंजस्य बढ़ता है। उन्होंने कहा की कोई भी कार्य नागरिकों के सहयोग के बिना सफल नही हो सकता। इसलिए उनका सहयोग आवश्यक है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार कवर्धा जिला- कबीरधाम, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ब/121 वर्ष 2021-22
ई कोर्ट नं.- 2022070829000
ग्राम बदराडीह प.ह.नं. 05

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास पिता अरूण केशरवानी निवासी ग्राम बदाडीह, द्वारा ग्राम बदराडीह प.ह.नं. 05 में आवेदक के सामिलात की भूमि ख.नं. 138, 207, 263/2 रकबा 0.271, 0.113, 0.170 कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.554 हेक्टे. लगान 0.87 पै. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु बी-1, खसरा, चालान, शपथ-पत्र, थाना रिपोर्ट की प्रति सहित आवेदन पो किय गया है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई दिनांक 23.08.2022 को नियत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनाँक को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 05.08.2022
पेशी दिनांक 23.08.2022

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**कवर्धा**

**न्यायालय तहसीलदार तिल्दा-नेवरा जिला- रायपुर, (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 202208110300007/अ/74 वर्ष 2021-22
ग्राम बेमता प.ह.नं. 01

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका विमला पति आनंद साहू निवासी - बेमता द्वारा ग्राम बेमता प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. तिल्दा तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर छ.ग. स्थित अपनी संयुक्त स्वामित्व की भूमि कुल खसरा नंबर 05 कुल रकबा 1.029 हे. का द्वितीय प्रति किसान किताब हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/आपत्ति यदि कोई हो तो वह दिनांक 18.08.2022 तक पेश कर सकते है। मियांद बाद विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 04.08.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**तिल्दा-नेवरा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार तिल्दा-नेवरा जिला- रायपुर, (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 202208110300002/अ/74 वर्ष 2021-22
ग्राम बहेसर प.ह.नं. 17

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागीरथी पिता बहुरसिंग नाई निवासी बहेसर द्वारा ग्राम बहेसर प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. तिल्दा तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर छ.ग. स्थित अपनी संयुक्त स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 90/1 रकबा 0.101 हे. का द्वितीय प्रति किसान किताब हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/आपत्ति यदि कोई हो तो वह दिनांक 18.08.2022 तक पेश कर सकते है। मियांद बाद विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 02.08.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**तिल्दा-नेवरा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**

# शिवनाथ की रौद्रता से तटीय इलाके में दर्जनभर गांव जलमग्न

## ईंटभट्ठे में फँसे बच्चों का एसडीआरएफ व पुलिस ने किया रेस्क्यू, महिला ने लगाई नदी में छलांग, आधादर्जन मकान ध्वस्त

राजा राणा ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



प्रदेशभर में झमाझम बारिश के मध्य राजनांदगाँव जिले में बारिश कहर बनकर टूट पड़ी है। जिले के डोंगरगांव नगर व अंचल में शिवनाथ नदी ने विकराल स्वरूप धारण कर लिया है। नदी तट के दर्जनभर गांवों में ग्रामीण दिनभर व रातभर अपने घर के छतों में गुजारने मजबूर हैं। हालांकि खबर लिखे जाने तक प्रशासन की सतर्कता से रुद्रगांव, मेढ़ा व चमारराय टोलागांव एसडीआरएफ व लोकल पुलिस ने बोटिंग से रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगांव नगर से सटकर बहने वाली शिवनाथ नदी समूचे अंचल की जीवनदायिनी नदी मानी जाती है। इन दिनों भयंकर बारिश व बाढ़ से जनपद के ग्राम मेढ़ा में दर्जनभर परिवार बाढ़ से घिर गए। एसडीएम सुनील नायक के निर्देशन में मेढ़ा व चमारराय टोलागांव में रेस्क्यू अभियान चलाया। मेढ़ा में तहसीलदार कोमल ध्रुव एवं टीआई भरत बरेठ ने एसडीआरएफ के जवान व स्थानीय पुलिस की सहायता से प्रभावित परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला।

वहीं चमारराय टोलागांव में ईंट भट्ठे में फंसे साहू परिवार के ढाल सिंह साहू, दामिनी साहू महेंद्र साहू व बबलू साहू सहित बच्चों को लालबाग पुलिस ने रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। वहीं अन्य ग्रामों की स्थिति पर पैनी नजर रखी गई है। स्वतंत्रता दिवस की सुबह अपने पति व बच्चों के साथ बगदई पूल में बाढ़ देखने गई कोनारी की एक महिला ने पूल समीप पति से विवाद होने पर पूल से नदी में कूद गई थी, हालांकि स्वयं ही तैरकर बाहर निकलने की खबर है।

**जलाशयों के गेट खुलने से कहर–** जिलेभर में इन दिनों भयंकर बारिश व मोगरा डैम, सूखानाला बैराज सहित सभी बैराजों व जलाशयों के गेट खोले जाने से शिवनाथ तटीय दर्जनभर गांव जलमग्न हो गए हैं। ईई जलसंसाधन अनेक गांवों का मुख्यालय नगर से संपर्क टूटने की खबर है। ईई एसके सहारे के मुताबिक मोगरा जलाशय व सूखानाला बैराज सहित अन्य बैराजों से ही 50 हजार क्यूसेक पानी लगातार छोड़े गए हैं।

**इन गांवों में बाढ़ का खतरा–** स्वतंत्रता दिवस को जनपद के शिवनाथ नदी तट के रुद्रगाँव, मेढ़ा, भाखरी, सोनेसरार, सुखरी, मोखली, रीवागहन, किरगी अ, चमारराय टोलागांव, मोखली, भटगुना, बगमार सहित दर्जनभर गांव जलमग्न थे। इनमें से मेढ़ा व चमारराय टोलागांव में स्थिति सर्वाधिक भयावह थी। ग्रामीण अपने मकान के छत में रतजगा करते रहे हैं। बारिश व बाढ़ के हालात अभी सामान्य होने के आसार कमतर ही नजर आ रहे हैं।

### खुज्जी पूल एप्रोच में भूस्खलन



डोंगरगांव नगर से जेवरतला मेनरोड में शिवनाथ नदी स्थित पूल के एप्रोच में निर्माणाधीन टो-वॉल में लगातार जलस्त्राव हो रहा है। एबीपीएल रोड कंपनी द्वारा पूल के एप्रोच से सटकर लगभग 40 फीट खुदाई की गई है। बाढ़ के जलस्त्राव से पूल के एप्रोच में लगातार भूस्खलन की स्थिति है। पत्रकारों की सूचना पर प्रशासन द्वारा संबंधितो को निर्देशित करने उपरांत मलबा भराव के प्रयास हुए। हालांकि खतरा टला नहीं है।

# बाढ़ से बिगड़े हालात, प्रशासन अलर्ट

## खतरे को नज़रअंदाज कर खतरा मोल ले रहे लोग

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बाढ़ के हालात के बीच बीते दिन दिनों में मोंगरा, घुमरिया और सूखानाला बैराज से कई हजार क्यूसेक पानी छोड़ने के चलते शिवनाथ नदी उफान पर है। नदी के आसपास और नहर-नाली, एनीकट में खतरा बढ़ गया है। बावजूद इसके लोग खतरे को नज़र अंदाज कर ऐसी जगहों पर पिकनिक स्पॉट की तरह घुमने-फिरने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को ही बैराजों से सुबह 6 बजे 28 हजार400, 11 बजे 18हजार क्यूसेक वहीं दोपहर 3.30 बजे 12 हजार 200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे पहले 15 अगस्त को भी क्रमशः 74 हजार, 70 हजार और तीसरी मर्तबा भी 70 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। तटीय इलाकों में पानी बस्तियों की ओर बढ़ आया है। प्रशासन हालात पर नज़र बनाए हुए है। ग्रामीण इलाकों और शहर के करीब भी नदी किनारे की बसाहटों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

**मोहारा पुल पर जाम की स्थिति –** शिवनाथ में बाढ़ की स्थिति बनने के चलते मोहारा स्थित पुल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो रही है। इसके चलते राजनांदगांव-बालोद मार्ग पर पुल के दोनों ओर लंबे जाम की स्थिति बन रही है। तो दूसरी ओर यहां लोगों को गैरजिम्मेदाराना बर्ताव देखने को मिल रहा है। नदी का उफान देखने उमड़ रही भीड़ पुल पर इकट्ठा हो रही है जिसे संभालने में पुलिस प्रशासन के भी पसीने छूट रहे हैं।





# विधायक के खिलाफ डोंगरगांव भाजपा ने खोला मोर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में कांग्रेस के तिरंगा यात्रा के दौरान तिरंगा को छाता में तिरंगानुमा आकार व अशोक चक्र के नीचे विधायक दलेश्वर साहू के नाम लिखे होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में डोंगरगांव मंडल भाजपा ने विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विधायक के विरूद्ध मंगलवार को भाजपा ने पुलिस थाने में आवेदन सौंपकर विधायक पर तिरंगा व ध्वज संहिता का अपमान करने के आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मंडल भाजपा द्वारा मीडिया को जारी विज्ञप्ति मुताबिक भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन में उल्लेखित किया गया है कि बीते 14 अगस्त को कांग्रेस द्वारा नगर में तिरंगा यात्रा निकाला गया। उक्त यात्रा में विधायक द्वारा भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगानुमा आकार देकर छाता बनवाया गया है। विधायक द्वारा राष्ट्रीय चिन्ह अशोक चक्र के नीचे अपना नाम लिखकर वीडियो तथा फोटोग्राफ सोशल मीडिया में वायरल किया गया है। भाजपा ने भारतीय ध्वज संहिता 2022 के प्रावधन के अनुसार भारतीय ध्वज संहिता का उल्लघंन निरूपित करते हुए विधायक पर कार्रवाई की मांग की है।

# दोगुने-तिगुने दाम में बिक रही अवैध शराब, पुलिस पर उठे सवाल

पायनियर संवाददाता ◄ छुईखदान
www.dailypioneer.com

आजादी के 75वे वर्षगांठ को पूरा देश अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। नगर में 15 अगस्त के दिन जहां एक ओर राष्ट्रीय पर्व मनाते हुए शहीद पार्क एवं नगर के सभी सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण कर बड़े धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। दूसरी ओर नगर की सरकारी शराब दुकान बंद होने के बाद भी शराब प्रेमियों को लगातार शराब मिल जाना समझ से परे है।

नगर के चौक-चौराहे और दुकानों में बैठकर लोग इसी की चर्चा करते नजर आ रहे हैं। शराब कोचियों द्वारा लगातार खुले रूप से राष्ट्रीय पर्व के दिन भी शराब बेचा जाना और पुलिस की नज़र इस पर न पड़ना हैरान करने वाला है। नगर में चौबीसों घंटेअवैध शराब बिक्री जारी रहती है। पुलिस प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। और तो और इस अवैध धंधे में पुलिस की संलिप्तता को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।




जिस प्रकार नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में खुलेआम अवैध शराब बिक्री हो रही है उसे लेकर पुलिस प्रशासन का मौन रहना समझ से परे है। जो कार्रवाई होती भी है वह महज खानापूर्ति ही साबित हो रही है। स्वतंत्रता दिवस के दिन शराब कोचियों द्वारा लोगों को अधिक दाम मे शराब बेचना एवं लोगों को नशे की लत में डालना आदत सी हो गई है।

सूत्रों से यह भी पता चला है कि पुलिस विभाग के कुछ कर्मचारी शराब कोचियों के पास जाकर कमीशन भी लेते हैं। बकायदा पुलिस विभाग की कोचियों से सांठगांठ की बातें सामने आ रही है। महीने व हफ्ता का कमीशन बंधा हुआ है। सरकारी शराब दुकान होने के बावजूद कोचियों तक शराब पहुंचना सीधा सीधा सरकार पर तलवार लटकने जैसी बात है। आबकारी विभाग व सरकारी शराब दुकान के कर्मचारियों के साथ शराब माफियाओं का सीधा-सीधा संबंध है। इसके चलते उन्हें आसानी से अधिक मात्रा में शराब मिल रही है। जिसे वह नगर एवं ग्रामीण इलाकों में अधिकत दाम में बेच रहे हैं। 80 रुपए की देशी शराब 150से 200 तक बेची जा रही है। 120 रुपए में मिलने वाली अंग्रेजी शराब 200से 250तक में बिक रही है।

# छुईखदान में धूमधाम से मनाया गया आजादी का 75वां अमृत महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ छुईखदान
www.dailypioneer.com



शहीद नगरी छुईखदान में हर्षोल्लास के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। छुईखदान के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानो मे ध्वजारोहण किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में श्रीमती संजय पर्तिका महोबिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। शासकीय कार्यालयो मे भी ध्वजारोहण किया गया।

तहसील कार्यालय में तहसीलदार द्वारा जनपद कार्यालय में सीईओ पुलिस थाना में थाना प्रभारी राजेश साहू ने, शिक्षा विभाग मे खंड शिक्षा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉक्टर मनीष बघेल, विद्युत वितरण कंपनी में मदारसा विश्वकर्मा, अवंती बाई महाविद्यालय मे प्राचार्य शकुंतला त्रिपाठी और अन्य सरकारी विभागो में अधिकारियों के हाथो ध्वजारोहण किया गया।

इस वर्ष भी प्रतिवर्ष के भांति बस स्टैंड में भी ध्वजा रोहण महताब खान द्वारा, बाजार लाइन चौक में शांतिलाल द्वारा रानी बाई मंदिर के पास योग समिति द्वारा शांति चौक में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर दीपाली जैन द्वारा भी झंडा फहराया गया। प्रेरणा संस्था द्वारा भी ध्वजारोहण किया गया। वहीं कांग्रेस कार्यालय में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने झंडा फहराया।

नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षद, नागरिक व अधिकारी कर्मचारियों के साथ स्कूली बच्चों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। आजादी के अमृत महोत्सव को ध्यान मे रखते हुए पूरे नगर में भारत माता की जय घोष एवं वंदे मातरम तिरंगे झंडे की जय कारा लगाते हुए नगर भ्रमण किया गया। शहीद पार्क पहुंचकर नपं अध्यक्ष श्रीमती पर्तिका संजय महोबिया के हाथों ध्वजारोहण किया गया। सभी शहीदो को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

झंडारोहण के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, रामकुमार पटेल, संजय महोबिया,प्रकाश महोबिया, शैलेन्द्र तिवारी, पन्ना मंडावी, इमरान खान, उमाकांत महोबिया, विनोद तिवारी,प्रेमपाल कंचनकुंभकार, अशोक जंघेल, दिलीप महोबिया, नीरज महोबिया, देवराज किशोर वैष्णव, शुभम चंद्राकर, अशोक चंद्राकर, सज्जाक खान, किशन सिलोटिया, इज़राइल खान, नगर पंचायत सीएमओ सुधीर चौधरी नगर पंचायत कर्मचारी और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**मैदान में ध्वजारोहण स्थगित होने से जनप्रतिनिधि नाराज–** नगर में प्रत्येक वर्ष हाईस्कूल मैदान में जनपद पंचायत द्वारा ध्वजारोहण का आयोजन किया जाता था। पिछले वर्ष कोरोना काल को कारण बताते हुए ध्वजारोहण का कार्यक्रम स्थगित किया गया जोकि उसे परंपरा बनाकर इस वर्ष भी ध्वजारोहण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि नाराज नजर आए। हर वर्ष हाई स्कूल मैदान में जनपद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाता था उसके पश्चात राष्ट्रगान एवं स्कूली बच्चों द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित होते थे। जनपद पंचायत अधिकारी द्वारा इस कार्यक्रम को स्थगित करना निंदनीय बताया जा रहा है। इस वर्ष सभी परंपराओ को नजरअंदाज करते हुए अनुविभागीय अधिकारी द्वारा बैठक नही की गई। शहीद पार्क में ध्वजारोहण के उपरांत हमेशा से तहसीलदार उपस्थित रहते थे। इस साल इस परंपरा को भी दरकिनार किया गया और तहसीलदार शहीद पार्क से नदारद रहे। जिससे जनप्रतिनिधियो मे अधिकारियो के प्रति बहुत आक्रोश देखा गया।

# अनेकता में एकता और सर्वे भवन्तु सुखिनः की हमारी सभ्यता, संस्कृतिकों जीवंत रखने का सूत्र है तिरंगा : विधायक छन्नी साहू

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के राष्ट्रीय आह्वान पर खुज्जी विधानसभा में विधायक छन्नी चंदू साहू के नेतृत्व में आजादी की गौरव यात्रा का पांचवेदिन ग्राम घुपसाल में समापन हुआ। लगातार तेज बारिश के बीच विधायक श्रीमती साहू ने कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसजनों, समर्थकों और ग्रामीणों को लेकर कहा कि, यह हमारी देशभक्ति का जज्बा है कि ऐसे खराब मौसम में भी हम तिरंगे तले एक साथ मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि, देश को आगे ले जाने के लिए इसी जज्बे की जरुरत है। अनेकता में एकता और सर्वे भवन्तु सुखिनः की हमारी सभ्यता, संस्कृति को जीवंत रखने का सूत्र है तिरंगा। इसी सूत्र के साथ हम हमारे देश को काफी आगे ले जा सकते हैं और विश्व पटल पर सर्वोच्च स्थान पर स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने इस दौरान शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और जनकल्याण के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान व्यक्तित्वों का याद करते हुए नमन किया। उन्होंने यात्रा में शामिल हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया।

खुज्जी विधानसभा में विधायक के साथ ब्लॉक अध्यक्षों, पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं और समर्थकों सहित ग्रामीणों की सहभागिता से 30 गावों से होते हुए इस यात्रा ने 75 किमी का भ्रमण पूरा किया। इसकी शुरुआत 09 अगस्त को चिचोला से हुई थी जबकि 14 अगस्त को इसका समापन ग्राम घुपसाल में हुआ। इस बीच लगातार बारिश के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। छुरिया, कुमर्दा और अंबागढ़ चौकी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष क्रमशः रितेश जैन, अब्दुल खान और अनिल मानिकपुरी सहित कांग्रेस पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने विशेष भूमिका निभाई।

**बुजूर्गो, महिलाओं का हुआ सम्मान –** इस यात्रा के दौरान अलग-अलग ग्रामों में बुजूर्गों, शहीद के परिजनों और महिलाओं का सम्मान किया गया। सौ से अधिक व्यक्तियों के सम्मान का उद्देश्य उनके त्याग, बलिदान और जनसेवा को लेकर उनके समर्पण के लिए किया गया। विधायक ने कहा कि, हमारे बीच ही कई प्रेरणादायक व्यक्तित्व मौजूद हैं। युवा उनसे सीख लें और एक बेहतर समाज बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और किताबोंकी संगत की अपील की।

**30 गांवों तक पहुंची यात्रा –** आजादी की गौरव यात्रा 09 अगस्त से शुरु हुई थी। विधायक श्रीमती साहू के नेतृत्व में शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही चिचोला में पूजा अर्चना के बाद यात्रा प्रारंभ हुई थी। पहले दिन इस यात्रा ने ग्राम चिचोला से निकलकर बापूटोला, बिसाहूटोला, भंडारपुर, हालेकोसा, घोघरे, छुरिया का भ्रमण किया था। 10 अगस्त को दाऊटोला, आटरा, बहोरनभेड़ी, छछानपाहरी, सीतागुटा, सांगली, बांधा बाजारतक यह यात्रा पहुंची। 12 अगस्त को ग्राम खुर्शीटिकुल, अछोली, आमगांव, कुमर्दा और 13 अगस्त को ग्राम उमरवाही से शुरु होकर बरबसपुर, संबलपुर, चंदिया, गिदर्रीहोते हुए गुंडरदेही में समापन किया गया। आखिरी दिन 14 अगस्त को यात्रा गैंदाटोला से शुरु हुई और सिताकसा सेसाल्हेटोला, कल्लूटोला, दीवानटोला होते हुए घुपसाल में इसका समापन हुआ।

# वासनिक के खिलाफ न्यास के सदस्य -कांग्रेसी ही लामबंद, पद से हटाने और कार्यकाल के जांच की मांग

- **मुख्यमंत्री, मंत्री से लेकर सलाहकारों तक पहुंची शिकायत, जांच हुई तो उधड़ेंगी कई परतें**
- **अनुदान, हस्तांतरण, आबंटन और खरीदी... सभी मसलों पर घिरे न्यास अध्यक्ष**

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


बगैर आबंटन के तीन बार हस्तांतरित की गई वाईडनर की जमीन, न्यास अध्यक्ष शासन को पत्र लिखकर फंसे

हस्तांतरण का अधिकार ही नहीं

शिकायतों का दौर, वासनिक की मुश्किलें बढ़ीं

पायनियर लगातार

**पायनियर इम्पैक्ट**

राजगामी संपदा न्यास में चल रही मनमानियों को लेकर सदस्यों और दूसरे जानकारों ने मोर्चा खोल दिया है। भूखंडों के हस्तांतरण, दुकानों के आबंटन, अनुदानसहित शासन द्वारा निर्धारित क्रय नियम से परे जाकर की जाने वाली खरीदी सहित कई अनियमितताओं के आरोप न्यास के सदस्य ही लगा रहे हैं। खबर है कि इस मामले को लेकर न्यास के सदस्य ने मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री को शिकायती पत्र लिखा है। तय है कि इन शिकायतों के बाद वासनिक की मुसीबतें बढ़ सकती हैं।

इसे लेकर और भी शिकायतों की तैयारियां की जा रही है। इन सभी आरोपों के केंद्र में हैं न्यास अध्यक्ष विवेक वासनिक। उनकी मनमानियों को लेकर संस्था के सदस्यों में रोष हैं। सदस्य बताते हैं कि उनकी राय और असहमतियों को दरकिनार कर निर्णय लिए जा रहे हैं। ऐसा तब से हो रहा है जब से अध्यक्ष के तौर पर वासनिक ने पद संभाला है। आर्थिक अनियमितता और न्यास के निर्णयों में पक्षपात को लेकर लेनदेन की खबरों को लेकर भी चर्चाएं बनी हुई है। जानकारी है कि इसे लेकर शिकायतों की लंबी फेहरिस्त है। मंत्रियों, संगठन के वरिष्ठ नेताओं सहित यह शिकायतें मुख्यमंत्री के सलाहकारों तक पहुंच चुकी है। वासनिक की कार्यशैली और उनके निर्णय संदेह के दायरे में हैं और इनकी जांच जरुरी बताई जा रही है।

**वासनिक को हटाने और जांच की मांग –** अध्यक्ष विवेक वासनिक की खिलाफ विरोध के स्वर छिड़े हुए हैं। उनके कार्यकाल को लेकर जांच की मांग की जा रही है। खबर है कि सौंपी गई शिकायत में दावा किया गया है कि वासनिक के कार्यकाल में नियमों को ताक पर रखकर दूसरों को फायदा पहुंचाने कई निर्णय लिए गए हैं। दुकानों के निर्माण, हस्तांतरण की आड़ में कई तरह की गड़बड़ियों की शिकायत सामने आई है। मांग की गई है कि वासनिक को तत्काल पद से पृथक कर उनके कार्यकाल की जांच की जाए।

**संगठन में भी खिलाफत–** न्यास की जिम्मेदारी वासनिक को सौंपा जाना पहले ही विवादों का सबब रहा है। संगठन में कई ऐसे योग्य नेता रहे हैं जिन्होंने कांग्रेस के 15 साल तक विपक्ष मेंहोते हुए पार्टी के लिए काफी संघर्ष किया। लेकिन कांग्रेस जब सरकार में लौटी तो विवेक वासनिक को न्यास की जिम्मेदारी सौंप दी गई। इसे लेकर संगठन के लोगों ने विरोध भी दर्ज कराया था। दरअसल, वासनिक की स्थानीय संगठन में छवि अच्छी नहीं मानी जाती। वे विवादित तो रहे ही हैं इसके अलावा उनके पोर्टफोलियों में ऐसा कुछ भी नहीं है जो उन्हें किसी बड़ी जिम्मेदारी के योग्य बनाता हो।

### वाईडनर के मामले में भी घेरे में

वाईडनर स्कूल को आबंटित जमीन को लेकर पहले ही बड़ा विवाद खड़ा हो चुका है। गैर कानूनी तरीके से भूखंड के हस्तांतरण और इसे लेकर राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष द्वारा मुख्य सचिव को पत्र लिखा जाना संगीन मामला है। इसे पूरे प्रकरण को कई तरह से देखा जा रहा है। नियमतः भूखंड आबंटन को लेकर सीधे तौर पर न्यास अध्यक्ष को पत्र लिखने का अधिकार नहीं है। न ही सामान्य सभा को अधिकार है कि वे भूमि के हस्तांतरण पर निर्णय ले। बावजूद इसके वासनिक द्वारा वाईडनर के पक्ष में मुख्य सचिव को लिखे गए पत्र के कई मायने सामने आ रहे हैं। इसे लेकर भी वासनिक की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# सुशासन के नाम से अटल जी जाने जाएंगे : खूबचंद पारख



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा नेता खूबचंद पारख ने कहा की अटल जी ने मां भारती के गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण समर्पित कर दिया। पारख ने कहा कि अटल जी कहा करते थे कि भारत एक जमीन का टुकड़ा नहीं बल्कि जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। उन्होंने कहा कि अटल जी जो कहा करते थे उसे उन्होंने करके भी दिखाया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष अग्रवाल, नीलू शर्मा, सचिन बघेल, सुरेश एच लाल, राजेंद्र गोलछा, रमेश पटेल, शिव वर्मा, कोमल सिंह राजपूत, लीलाधर साहू, वीरेंद्र जैन,तरुण लहरवानी, अशोकादित्य, अतुल रायजादा, रविंद्र सिंह, रघुवीर वाधवासहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
लाईफ लाइन हॉस्पिटल
आपातकालीन 24x7 घंटे सुविधा उपलब्ध
महानदी रोड, परसदा (हसौद)


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
के.पी.लहरे
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, चाम्पा संभाग
जांजगीर-चांपा
के.के. सरल
अनुविभागीय अधिकारी
एम. एल. धृतलहरे
सब इंजीनियर, बम्हनीडीह क्षेत्र


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बी.एस. पैकरा
अनुविभागीय अधिकारी
बसंत कोसले
सब इंजीनियर
विनीत
अनुविभागीय अधिकारी
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग, बम्हनीडीह


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कुशल कश्यप
अध्यक्ष
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती सुनंदा राजू चंद्रा
सरपंच
ग्राम पंचायत सरहर
राजकुमार चंद्रा (राजू)
विनीत : ग्राम पंचायत-सरहर


समस्त जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
माधव प्रसाद डडसेना
सचिव
शिक्षा प्रसार समिति, बम्हनीडीह
टिमन सिंह राज
अध्यक्ष
शिक्षा प्रसार समिति, बम्हनीडीह
अजय डडसेना
प्रभारी प्राचार्य
विनीत : शिक्षा प्रसार समिति, बम्हनीडीह


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती मनटोरी बाई खैरवार
सरपंच
ग्राम पंचायत भदरा
बाबूलाल खैरवार
सचिव
ग्राम पंचायत भदरा
विनीत : समस्त पंचगण, एवं ग्रामवासी, ग्राम पंचायत-भदरा


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती दुर्गा विश्वनाथ कश्यप
सरपंच
ग्राम पंचायत सेमरिया
विनीत : समस्त पंचगण, एवं ग्रामवासी, ग्राम पंचायत-सेमरिया


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
गोपी सिंह ठाकुर
जिला मंत्री
भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा


समस्त जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
श्रीमती समारीन बाई यादव
सरपंच
हरिशंकर यादव
सरपंच प्रतिनिधि
विनीत - उपसरपंच व समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत, मौहाडीह (चा)


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बेद राम यादव
सरपंच
ग्राम पंचायत भंवरमाल
विनीत - समस्त पंचगण, ग्रामवासी ग्राम पंचायत भंवरमाल


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जय थवाइत
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद, चांपा


































संकलनकर्ता - रियाज अत्तारी, ब्यूरोचीफ, कवर्धा, मो. 81035-19626

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403